3 फरीदाबाद
ओपन एयर जेल की राह में रोड़ा बना कोरोना

6 अभिमत
नियंत्रण रेखा पर चीन की जिद

8 देश/विदेश
हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत और अमेरिका के साझे हित हैं : बाइडेन

11 स्पोर्ट्स
चौदह दिन के पृथकवास से अभ्यास नहीं मिल सकाः धोनी

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 225
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 24 सितंबर, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

खूबसूरत मंदिरों का दर्शन करना है तो आएं 'ओरछा'
पेज -12

कोरोना मीटर

विश्व

कुल	31,666,012
मौतें	972,100
ठीक	21,783,578

भारत

कुल	56,76,157
मौतें	90,385
ठीक	46,16,562

स्रोत: www.covid19india.org

मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 37.05°C
न्यूनतम 27.01°C

क्विक न्यूज

आईपीएल : मुंबई इंडियन्स के पांच विकेट पर 195 रन

अबुधाबी। मुंबई इंडियन्स ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में बुधवार को पांच विकेट पर 195 रन बनाए। मुंबई की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा ने 80 रन बनाए। कोलकाता के लिए शुभम मावी ने दो विकेट लिए।

● विस्तृत खबर पेज-11

लंग कैंसर से जूझ रहे एक्टर भूपेश पंड्या का निधन

मुंबई। विकी डोनर, हजारों ख्वाहिशें ऐसी और दिल्ली क्राइम जैसी फिल्मों में काम कर चुके भूपेश कुमार पंड्या नहीं रहे। पैसों की तंगी के चलते उनका इलाज नहीं हो पा रहा था। लंग कैंसर की चौथी स्टेज से जूझ रहे भूपेश के लिए एक दिन पहले ही ऑनलाइन कैंपेन के जरिए 21 लाख रुपये जुटाए गए थे। भूपेश का इलाज अहमदाबाद में चल रहा था।

डिब्रूगढ़ हवाईअड्डे पर 85 लाख नकदी बरामद

डिब्रूगढ़। असम के डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर बुधवार को 85 लाख रुपये जब्त किए गए और इस संबंध में चार लोगों को हिरासत में लिया गया। डिब्रूगढ़ के पुलिस अधीक्षक प्रतीक थूबे ने कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों को एक बक्से में नकदी मिली, जिसे दिल्ली जाने वाली एक उड़ान के माध्यम से ले जाया जाना था।

दो बाघिनों ने दिया पांच शावकों को जन्म

भोपाल। मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में दो बाघिनों ने पांच शावकों को जन्म दिया है। एक बाघिन ने दो शावकों को और दूसरी ने तीन शावकों को जन्म दिया है। पन्ना टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक केएस भदौरिया ने बुधवार को बताया, बाघिन पी-141 ने धुन्धुआ सेहा क्षेत्र में दो जन्म दिया, इनकी उम्र करीब ढाई माह की है। वहीं बाघिन पी-222 ने भी तीन शावकों को जन्म दिया है। शावक करीब एक माह के हैं।

ट्रैक्टर रैली लेकर दिल्ली निकले किसानों को बॉर्डर पर रोका

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में पानीपत अनाज मंडी से दिल्ली के लिए ट्रैक्टर यात्रा लेकर निकले सैकड़ों किसानों और कांग्रेस यूथ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने समालखा में रोक लिया। पुलिस ने पहले उन्हें दिल्ली की तरफ न बढ़ने के लिए समझाया, लेकिन जब वे नहीं माने तो वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया और उन पर पानी की बौछार की। इसके बाद कुछ को हरियाणा रोडवेज की बसों में भरकर ले गए और पुलिस लाइन के पास छोड़ दिया।

केंद्र सरकार द्वारा कृषि अध्यादेश पास किए जाने के विरोध में बुधवार को हरियाणा युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता ट्रैक्टर लेकर पानीपत अनाज मंडी में इकट्ठा हुए। वे यहां से दिल्ली के लिए निकले थे। जैसे ही पानीपत के समालखा पहुंचे तो पुलिस ने समालखा अनाज मंडी के पास बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक लिया। पुलिस ने पहले तो उनसे बातचीत की, लेकिन वे नहीं माने। कांग्रेसियों ने बैरीकेड तोड़कर आगे जाने का प्रयास किया तो पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल करते हुए भीड़ को तितर-बितर किया। पुलिस ने युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष समेत भारी संख्या में कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। इस दौरान समालखा विधायक धर्म सिंह छौकर, युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू मौजूद थे।

युवा और किसान वर्ग निराश

युवा कांग्रेस के प्रधान सचिन कुंडू ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से पास किए गए तीन किसान विरोधी अध्यादेशों से प्रदेश का युवा व किसान वर्ग निराश है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सड़क से लेकर संसद से कांग्रेस पार्टी निर्णायक जंग लड़ रही है। आज पूरे देशवासियों ने खेती और मंडी विरोधी भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प एकमात्र ध्येय बना लिया है।

कृषि विधयेक पर किसानों में उबाल बरकरार

कृषि बिल के खिलाफ किसानों का 25 सितंबर को भारत बंद

एजेंसी। नई दिल्ली

किसान बिलों के मुद्दे पर विपक्षी दलों के अलावा देश के करीब 250 छोटे बड़े किसान संगठनों ने 25 सितंबर के राष्ट्रव्यापी बंद को सफल बनाने के लिए कमर कस ली है। कई राज्यों के किसानों में इन बिलों को लेकर भारी गुस्सा व्याप्त है। उसे देखते हुए केंद्र एवं राज्य सरकारें बड़े पैमाने पर पुलिस बंदोबस्त कर रही हैं।

किसान नेताओं के मुताबिक इसी पुलिस बंदोबस्त के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग और रेल रूट जाम किए जा सकते हैं। अगर सरकार ने उन्हें रोकने या किसानों पर बल प्रयोग करने जैसा कोई कदम उठाया तो केंद्र और संबंधित राज्य सरकार को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। देश के बड़े किसान संगठन 'अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति (एआईकेएससीसी) के संयोजक सरदार वीएम सिंह का कहना है कि पहले कुछ लोगों ने मीडिया में ये खबर फैला दी थी कि ये आंदोलन तो तीन-चार राज्यों का है। अब 25 सितंबर को यह पता चलेगा कि देश का हर राज्य किसानों के साथ खड़ा है। तकरीबन सभी राज्यों में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन होंगे। किसानों का यह बंद पूरी तरह कामयाब रहेगा। सरदार वीएम सिंह कहते हैं कि अब किसान और धोखा नहीं सहेगा।

उपलब्धि लेजर गाइडेड एंटी टैंक मिसाइल का सफल परीक्षण

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) को एक बड़ी उपलब्धि हाथ लगी है। संगठन ने लेजर गाइडेड एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण कर लिया है। डीआरडीओ ने अहमदनगर में केके रेंज (एसीसी एंड एस) में एमबीटी अर्जुन टैंक से लेजर गाइडेड एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। डीआरडीओ ने बताया कि यह मिसाइल तीन किलोमीटर तक बैठे टागरेट को अपना निशाना बना सकती है। ये कई सारे प्लेटफॉर्म लॉन्च क्षमता के साथ विकसित किया गया है। मौजूदा समय में एमबीटी अर्जुन की एक बंदूक से तकनीकी मूल्यांकन के परीक्षणों से गुजर रहा है।

इसके अलावा इसमें हीट (हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट) वारहेड के जरिए एक्सप्लोसिव रिऐक्टिव आर्मर (ईआरए) प्रोटेक्टेड वेहिकल्स को उड़ाती है। यह मिसाइल मॉडर्न टैंक्स से लेकर भविष्य के टैंक्स को भी नेस्तनाबूद करने में सक्षम होगी। वहीं एटीजीएम के जरिए कम ऊंचाई पर उड़ने वाले हेलिकॉप्टर्स को भी ढेर किया जा सकता है। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ को इस सफल परीक्षण के लिए बधाई दी है।

भारत की ताकत बढ़ी

03 किमी तक बैठे टारगेट को निशाना बना सकती है मिसाइल

मॉडर्न टैंक्स से लेकर भविष्य के टैंक्स को भी नेस्तनाबूद करने में सक्षम होगी मिसाइल

भारत को डीआरडीओ पर गर्व : रक्षामंत्री

राजनाथ सिंह ने ट्वीट करते हुए लिखा कि एमबीटी अर्जुन से लेजर गाइडेड एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई। भारत को डीआरडीओ पर गर्व है, जो निकट भविष्य में आयात निर्भरता को कम करने की दिशा में काम कर रहा है। इसके अलावा डीआरडीओ ने अभ्यास मिसाइल का भी सफल परीक्षण किया है। संगठन ने मंगलवार को ओडिशा के एक परीक्षण केंद्र से एबीएचवाईएएस-हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (एचईएटी) का सफल उड़ान परीक्षण किया। संगठन ने एक बयान में कहा कि परीक्षण के दौरान यान ने पांच किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है। इस यान की रफ्तार आवाज की रफ्तार से आधी है। इसमें 2जी क्षमता है और 30 मिनट तक ऑपरेट करने की क्षमता है। यह पूरी तरह से ऑटोनॉमस फ्लाइट लेने में सक्षम है।

चीन ने नेपाल की जमीन पर किया 11 इमारतों का निर्माण

काठमांडू। चीन ने नेपाल की जमीन पर 11 इमारतों का निर्माण किया है। इसको लेकर अब दोनों देशों के बीच सीमा विवाद की शुरुआत हो गई है। नेपाल में चीन के खिलाफ गो बैक चाइना के नारे लगे। हालांकि यह खबर सामने आने के बाद भारतीय सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट हो गई हे। हाल में इलाके का दौरा करने वाले नेपाल के अधिकारियों की मानें तो साल 2005 में उस क्षेत्र में एक झोपड़ी थी। अपने टीम के अधिकारियों के साथ रविवार को इलाके का दौरा करने वाले नाम्खा ग्रामीण नगर पालिका के अध्यक्ष बिष्णु बहादुर तमांग ने कहा, चीनी पक्ष ने दावा किया है कि जिस क्षेत्र में वे मकान बने हुए हैं, वह इलाका उनकी सीमा में आता है। विवादित क्षेत्र की इन 11 इमारतों में से एक में सुरक्षाबल रहते हैं, जबकि बाकी खाली हैं। इस मामले की जानकारी मिलते ही गृह मंत्रालय ने सरकारी अधिकारियों, सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख, हुमला से नाम्खा ग्रामीण नगर पालिका के स्थानीय सरकारी प्रतिनिधियों को निरीक्षण करने और एक रिपोर्ट सौंपने के लिए वहां पर भेजा। इस रिपोर्ट के इस सप्ताह के अंत तक आने की उम्मीद है।

हाथों में धान की फसल लेकर कांग्रेस सांसदों ने किया प्रदर्शन

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और पार्टी के कुछ अन्य सांसदों ने बुधवार को संसद भवन के बाहर हाथों में धान की फसल लेकर हाल में पारित कृषि विधेयकों के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके साथ ही कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने इन विधेयकों को लेकर संसद भवन परिसर में भी प्रदर्शन किया।

अधीर रंजन चौधरी, दीपक बैज, गुरजीत सिंह औजला और कुछ अन्य सदस्यों ने संसद भवन के बाहर विजय चौक पर हाथों में धान की फसल लेकर कृषि विधेयकों के खिलाफ प्रदर्शन किया। विपक्षी दलों के कई राज्यसभा सदस्यों ने दोपहर के समय संसद परिसर में मौन प्रदर्शन किया तो शाम के समय विपक्ष के कई लोकसभा सदस्यों ने प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन कर रहे सांसद अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए थे जिन पर किसानों को बचाओ, मजदूरों को बचाओ, लोकतंत्र को बचाओ जैसे नारे लिखे थे।

विरोध प्रदर्शन के दौरान राज्यसभा के विपक्षी सांसदों ने संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा से भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तक मार्च निकाला। वे कुछ देर महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने कतारबद्ध होकर खड़े हुए। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, भाकपा, माकपा, द्रमुक, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा, कांग्रेस और समान विचार वाले दलों के सभी सांसदों ने किसान विरोधी और मजदूर विरोधी विधेयकों के खिलाफ गांधी प्रतिमा से अंबेडकर प्रतिमा तक विरोध प्रदर्शन किया जिन्हें मोदी सरकार ने अलोकतांत्रिक ढंग से संसद में पारित कराया।

राष्ट्रपति से कृषि विधेयकों को वापस लेने का अनुरोध

किसान बिल को लेकर सरकार और विपक्ष में जंग छिड़ चुकी है। बिल को लेकर पहले सदन में हंगामा हुआ, जिसके बाद आठ सांसदों को निलंबित कर दिया गया। सांसदों को निलंबित करने के बाद विपक्षी पार्टियों ने संसद की कार्यवाही को बहिष्कार करना शुरू कर दिया। इसके बाद शाम में कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया कि राष्ट्रपति से इस कृषि बिल को वापस कर देने की मांग की है। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि विपक्ष राज्यसभा में हंगामे के लिए जिम्मेदार नहीं है। इसके लिए सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने राष्ट्रपति से कहा कि कृषि विधेयक पर हस्ताक्षर न करें। उन्होंने आगे कहा कि न तो डिविजन ऑफ वोट हुआ न ध्वनिमत का सम्मान हुआ। लोकतंत्र के मंदिर में संविधान का अपमान किया गया। हमने राष्ट्रपति से कहा है कि कृषि विधेयकों को गलत तरीके से पास करवाया गया है।

फेसबुक इंडिया के उपाध्यक्ष पर दंडात्मक कार्रवाई रोकी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा की शांति और सद्भाव समिति को निर्देश दिया कि फेसबुक इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजित मोहन को उत्तर पूर्वी दिल्ली के दंगों के बारे में गवाही देने के लिए जारी समन के सिलसिले में उनके खिलाफ 15 अक्टूबर तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए। विधानसभा की शांति और सद्भाव समिति ने फेसबुक इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक को इस सोशल मीडिया मंच के खिलाफ शिकायतों के सिलसिले में नोटिस जारी किया था।

नोएडा में दवा बनाने वाली कंपनी में लगी भीषण आग

नोएडा। नोएडा सेक्टर-59 स्थित जुबलिएंट कंपनी में बुधवार शाम को अचानक भीषण आग लग गई। आग कंपनी की दूसरी मंजिल पर लगी है। मौके पर आधे दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियां आग बुझाने की कोशिश में लगी हुई हैं। हालांकि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं हैं। अग्निशमन अधिकारी कुंवर सिंह ने बताया कि सेक्टर 59 के सी-26 स्थित जुबलिएंट कंपनी के दूसरे माले पर बुधवार शाम को अचानक आग लग गई। कंपनी में दवाओं की रिसर्च और डेवलपमेंट का काम होता है। मौके पर आधा दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं और सभी कर्मचारियों को बाहर निकाला।

पानी-पानी हुआ मुंबई सड़क-रेलवे यातायात ठप रहा

मुंबई। मुंबई में बुधवार को लगातार दूसरे दिन भारी बारिश जारी है। इससे कई इलाकों में पानी भर गया है। सड़क और रेलवे यातायात प्रभावित हुआ है। सरकारी दफ्तरों में छुट्टी कर दी गई। हाईकोर्ट और सेशन कोर्ट में भी कामकाज नहीं हुआ। उधर, मौसम विभाग ने मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और सिंधु दुर्ग के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। गोरेगांव, सायन, चेंबूर, कुर्ला, किंग सर्कल, अंधेरी ईस्ट, सांताक्रूज जैसे तमाम इलाकों में सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। मंगलवार सुबह 8.30 बजे से बुधवार सुबह 8.30 बजे तक, कोलाबा में 147.8 मिमी बारिश दर्ज की गई।

राफेल की पहली महिला पायलट होंगी वाराणसी की शिवांगी

नई दिल्ली। देश के सबसे ताकतवर फाइटर विमान राफेल के स्क्वाड्रन गोल्डन एरो में इकलौती और पहली महिला फ्लाइट लेफ्टिनेंट वाराणसी की शिवांगी सिंह शामिल हुई हैं। बिटिया की सफलता पर न केवल घरवालों, बल्कि पूरे शहर को नाज है। वाराणसी के फुलवरिया स्थित शिवांगी के घर पर पड़ोस के बच्चे जुटे और परिवार के साथ खुशियां मनाया। टूर एंड ट्रैवेल का काम करने वाले पिता कुमारेश्वर सिंह की बड़ी बेटी ने साल 2017 में भी इतिहास रचा, जब वह वायुसेना में फाइटर विमान उड़ाने वाली पांच महिला पायलटों में एक शिवांगी सिंह थीं।

टाइम मैगजीन ने जारी की लिस्ट

शाहीन बाग की 'दादी' दुनिया की 100 प्रभावशाली शख्सियतों में

एजेंसी। नई दिल्ली

दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित मैगजीन टाइम ने साल 2020 के शीर्ष सौ प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें जगह पाने वालों में शाहीन बाग की दादी बिलकिस भी शामिल हैं, जो सीएए के खिलाफ पूरे भारत में हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शनों का चेहरा रहीं।

इस बार मैगजीन में बिलकिस दादी समेत कुल पांच लोगों ने इस सूची में जगह बनाई है। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अभिनेता आयुष्मान खुराना, गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई प्रोफेसर रविंद्र गुप्ता भी शामिल हैं। 82 वर्षीय बिलकिस को सभी शाहीन बाग की दादी के नाम से जानते हैं। शाहीन बाग में प्रदर्शनों के दौरान बिलकिस चर्चा में आई थीं। इसके अलावा पिछले साल लंदन में एक मरीज को एचआईवी से मुक्ति दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले प्रोफेसर रविंद्र गुप्ता को भी इस सूची में शामिल किया गया है। इसके अलावा मैगजीन ने अपने प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में अमेरिकी के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, कमला हैरिस, जो बाइडेन, एंजेला मर्केल और नैन्सी पॉलोसी जैसे बड़े-बड़े नेताओं को शामिल किया है।

26 सितंबर से शुरू होगा कॉलेज-विवि में ट्रायल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में जल्द ही कॉलेज और यूनिवर्सिटियां खोली जाएंगी। जिनमें पहले की तरह लाखों बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों में दोबारा कक्षाओं का संचालन शुरू करने के लिए सभी कॉलेज प्रबंधकों तथा विवि के कुलपतियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

प्रदेश में लॉकडाउन के दौरान 22 मार्च को स्कूल,कॉलेज तथा विवि बंद किए गए थे। अनलॉक-4 के दौरान सरकार ने 9वीं से 12वीं तक स्कूल

एक साथ नहीं बुलाए जाएंगे विद्यार्थी, तैयार किया रोस्टर

खोले हैं। जिनमें कक्षाएं नहीं लग रही हैं। बच्चे केवल अपने डाउट्स क्लीयर करने के लिए आते हैं। अब यही प्रक्रिया कॉलेजों में शुरू होगी। 25 सितंबर तक सभी कॉलेजों एवं विवि को तैयारियों का ब्यौरा मुख्यालय को भेजना होगा। 26 सितंबर से कॉलेजों एवं यूनिवर्सिटी में ट्रायल रन शुरू होगा। ट्रायल रन के दौरान विद्यार्थी कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी में जा सकेंगे।

मोदी ने कोविड की उच्च दर वाले सात राज्यों के सीएम के साथ बैठक की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सहित सात राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक कर इन राज्यों में कोरोना वायरस संक्रमण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। कोविड-19 के 63 फीसदी उपचाराधीन मरीज इन सात राज्यों में हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस बैठक में महाराष्ट्र और यूपी के अलावा आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों और स्वास्थ्य मंत्रियों ने हिस्सा लिया। केंद्र ने एक बयान में कहा था कि देश में कोरोना के कुल पुष्ट मामलों का 65.5 फीसदी इन्हीं राज्यों से है।

दीपिका पादुकोण, सारा और रकुल प्रीत को भेजा समन, होगी पूछताछ

एजेंसी। मुंबई

सुशांत की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले में बॉलीवुड की कई एक्ट्रेस के नाम सामने आ रहे हैं। इनमें दीपिका पादुकोण, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने बुधवार को समन जारी कर दिया।

एनसीबी के सूत्रों के मुताबिक, दीपिका को पूछताछ के लिए 25 सितंबर को बुलाया जाएगा। रकुल प्रीत सिंह को 24 सितंबर,

सारा अली खान को 26 सितंबर को पेश होना होगा। उधर, रिया चक्रवती और उनके भाई की याचिका पर बाम्बे हाईकोर्ट में बुधवार को होने वाली सुनवाई टल गई। दीपिका और उनकी मैनेजर करिश्मा प्रकाश के बीच 28



अक्टूबर 2017 को वॉट्सऐप पर हुई बातचीत सामने आई थी। इसमें दीपिका ड्रग्स से संबंधित शब्दों का इस्तेमाल कर रही हैं, जिनका प्रतिबंधित ड्रग्स से जुड़ी भाषा में हशीश के लिए होता है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा

किया गया है कि रिया ने सारा, रकुल और फैशन डिजाइनर सिमोन खम्बाटा समेत बॉलीवुड के 25 सेलेब्रिटीज के नाम एनसीबी को बताए थे। इस वजह से सारा, रकुल प्रीत को भी एनसीबी ने समन भेजा है।

अनुराग कश्यप के खिलाफ रेप का केस दर्ज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम कर चुकी एक्ट्रेस ने फिल्म डायरेक्टर-प्रोड्यूसर अनुराग कश्यप के खिलाफ रेप का मामला दर्ज करवाया है। मुंबई के विक्रोली पुलिस स्टेशन में मंगलवार रात एफआईआर दर्ज की गई। इससे पहले सोमवार को ओशिवारा थाने की पुलिस ने अपना इलाका नहीं होने की बात कहकर केस दर्ज करने से मना कर दिया था। एक्ट्रेस का आरोप है कि कश्यप ने 2013 में वर्सोवा में यरी रोड की एक लोकेशन पर रेप किया था। एक्ट्रेस का कहना है कि अनुराग ने उनसे एक बार छेड़छाड़ की थी, वे न्यूड हो गए थे और उन्होंने इंटीमेट होने की कोशिश की थी। वर्सोवा पुलिस जल्द इस मामले में कश्यप को पूछताछ के लिए बुलाएगी। उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है।

आपका ओजस्वी नेतृत्व ही हमारी प्रेरणा है

श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में बढ़ते कदम

36 बिरादरी की आवाज को किया बुलंद

जनसेवा के रास्ते पर अडिग रहे कदम

जनता के प्यार की नींव बनी ताकत

अन्नदाताओं के हक के लिए जारी संघर्ष

अभावग्रस्त लोगों की मदद करना ही परम् उद्देश्य

जनसेवा के प्रति आपका समर्पण ही हमारी प्रेरणा

जन-जन का किया सम्मान

परिश्रम को मिला सम्मान

समाज के हर वर्ग को एकसूत्र में पिरोया

ओजस्वी नेतृत्व से कार्यकर्ताओं में हुआ नव ऊर्जा का संचार

राजीव गांधी जी के सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित

हरियाणा कांग्रेस के विशाल व सुसंस्कृत परिवार की मुखिया होने के नाते आपने कांग्रेस पार्टी की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है। देश, प्रदेश और संगठन के प्रति आपकी प्रतिबद्धता और कर्मठता निश्चित रूप से असंख्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का एक अद्वितीय स्रोत है।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की लोकप्रिय अध्यक्ष कुमारी सैलजा जी को जन्मदिन की अनंत बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं

बलजीत कौशिक
महासचिव
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी

राकेश भड़ाना
महासचिव
अखिल भारतीय किसान कांग्रेस

सुमित गौड़
प्रदेश प्रवक्ता
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी

नितिन सिंगला
युवा कांग्रेस अध्यक्ष
फरीदाबाद विधानसभा

मनोज अग्रवाल
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता
बल्लभगढ़ विधानसभा

मोहन ढिल्लों
पूर्व प्रदेश प्रवक्ता
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी

अशोक रावल
सदस्य
पंचायत समिति फरीदाबाद

डॉ. सौरभ शर्मा
जिला अध्यक्ष
एआईपीसी

योगेश ढींगड़ा
प्रदेश प्रवक्ता
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी

गौरव ढींगड़ा

ओपन एयर जेल की राह में रोड़ा बना कोरोना

कैदियों का परिवार संग रहने का सपना अधर में लटका

राजेश दास। फरीदाबाद

नीमका गांव स्थित जिला जेल परिसर में सरकार ने ओपन एयर जेल का निर्माण करवाया था। जिसमें साफ छवि के कैदियों को परिवारों के साथ रहने की छूट दी जानी है। इस योजना के तहत 50 फ्लैट का निर्माण करवाया था। जिन पर जेल कर्मचारियों का कब्जा था। करीब दो साल पहले पायलट प्रोजेक्ट के तहत इनमें 36 फ्लैट खाली करवा कर उनमें कैदियों के रहने की व्यवस्था की गई थी। पहले यह योजना अन्य कारणों से लटकती चली गई। अब योजना पर कोरोना की छाया है। जेल प्रशासन ने इसे क्वारेंटाइन सेंटर बनाया हुआ है। नए कैदियों को कोरोना की जांच रिपोर्ट आने से पहले यहां रखा जाता है।

50 फ्लैट का निर्माण

नीमका गांव स्थित जिला जेल का निर्माण करवाते समय ओपन एयर जेल योजना के तहत सरकार ने परिसर में 50 फ्लैट बनवाए थे। यह फ्लैट कैदियों को परिवारों के साथ रहने के लिए बनवाए गए थे। लेकिन उस समय इस योजना को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका था। जिसके कारण कैदियों के इन फ्लैटों में जेल के सुरक्षा कर्मचारियों ने रहना शुरू कर दिया था। जेल के निर्माण के बाद से इन फ्लैटों में कर्मचारियों के परिवार ही रह रहे थे।

बनाया क्वारेंटाइन सेंटर

कोरोनाकाल में जेल में बंद कैदियों को कोरोना से बचाने के लिए फिलहाल ओपन एयर जेल को क्वारेंटाइन सेंटर बनाया हुआ है। इसमें फरीदाबाद के अलावा पलवल, नूंह, गुरूग्राम और सोनीपत के नए कैदियों के लिए यहां क्वारेंटाइन सेंटर बनाया गया है। अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत में भेजे जाने वाले कैदियों को पहले मुख्य जेल में नहीं भेजा जाता। जब तक कैदी नेगेटिव रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक उसे यहीं पर रखा जाता है। जेल प्रशासन का कहना है कि कोरोना महामारी के पूरी तरह खत्म होने के बाद ही यहां ओपन एयर जेल शुरू की जाएगी।

दो वर्ष पूर्व हुए फ्लैट खाली

सरकार ने करीब दो साल पहले इन फ्लैटों को खाली करवा कर ओपन जेल शुरू करने के आदेश दिए थे। तत्कालीन जेल अधीक्षक दीपक शर्मा ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत 50 में से 36 फ्लैट खाली करवा कर उनका रेनोवेशन करवा दिया था ओपन एयर जेल में अच्छे चाल चलन वाले कैदियों को परिवारों के साथ रहने की इजाजत दी जानी थी। इनमें रहने वाले कैदी करीब 10 से 15 किलोमीटर के दायरे में जाकर खेतीबाड़ी, फैक्ट्री या संस्थानों में काम करने के लिए भी जा सकेंगे। शाम को उन्हें वापस लौटना होगा। इन फ्लैटों का किराया, बिजली-पानी बिल और अन्य खर्च सरकार को उठाना है।

कोरोना: एक मौत, 262 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 18,465

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले में जहां एक तरफ कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वहीं दूसरी तरफ कोविड-19 अस्पताल में भर्ती मरीज एक बार फिर से वीडियो वायरल करके इलाज न मिलने की बात कह रहे हैं। बीमारी की हालत में कोविड-19 अस्पताल के दसवें तल पर बैड नम्बर चार पर भर्ती मरीज ने कहा है कि वह पॉजिटिव है, यहां उसे इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है। वहीं बुधवार को 262 मामले सामने आने से आंकड़ा 18465 पर पहुंच गया। वहीं एक मौत के साथ कोरोना पॉजिटिव मृतकों की संख्या का आंकड़ा 209 पर है। बुधवार को राहत की बात यह रही कि 299 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 90.4 प्रतिशत पर पहुंच गया।

मृतक और पॉजिटिव

कोरोना पॉजिटिव और अन्य कई तरह की बीमारियों से ग्रस्त 65 वर्षीय एक महिला ने गतदिवस दम तोड़ दिया। वहीं 262 पॉजिटिव में महावतपुर, बल्लभगढ़, सेक्टर-10, 45, पदम नगर, ऊंचागांव, स्प्रींग फिल्ड कालोनी, चार्मवुड विलेज, कृष्णा कालोनी, विनय नगर, जनता कालोनी, सेहतपुर, अजरौंदा, बड़ौली, मौजपुर से 1-1 मरीज है। वहीं सेक्टर-37, 89, 18, 81, 49, 46, 29, 17, 14, 30, भीकम कालोनी, फतेहपुर बिलौच, सेक्टर-66, बल्लभबढ़, प्रेम नगर, आजाद नगर, वेदराम कालोनी, नवदा, भीम सैन कालोनी, त्रिखा कालोनी, सरूरपुर, इंदिरा कालोनी, पर्वतीया कालोनी, भूड कालोनी, तिलपत, एनएच-3, भूपानी, अटाली, प्रहलादपुर, ओल्ड फरीदाबाद से 2-2 मरीज है। सेक्टर-21, 20, 28, 31, 35, 65, 11, 2, 3, खेड़ी कला, एसजीएम नगर, आदर्श नगर, गांधी कालोनी, पल्ला, एतमादपुर, चावला कालोनी, सीही, भारत कालोनी, सैनिक कालोनी, सारन, नंगला, सीकरी, एनएच-1 से 3-3 मरीज है। एनएच-5, 15, सुभाष कालोनी, नाहर सिंह कालोनी, सेक्टर-55, धौज, राजीव कालोनी, तिगांव से 4-4 मरीज हैं।

यह है आंकड़ा

अब तक कुल जांच	188602
अब तक नेगेटिव आये	169829
अब तक कुल पॉजिटिव	18465
शेष रिपोर्ट आनी बॉकी	308
अब तक कुल मौत	209
गंभीर हालत में भर्ती	46
वेंटिलेटर पर भर्ती	9
अब तक ठीक हुए	16697

संक्षिप्त समाचार

मेकिंग ऑफ आत्मनिर्भर भारत पर सेमिनार

फरीदाबाद। इंटरनेशनल चैंबर आफ सर्विस इंडस्ट्री द्वारा मेकिंग आफ आत्मनिर्भर भारत विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया। जिसमें डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत और प्रधानमंत्री के 5 ट्रिलियन इकोनोमी के सपने के लिये हमें गाईडलाईन व आउटलाईन निर्धारित करनी होगी। ताकि इसका लाभ वास्तविक रूप से अर्थव्यवस्था को मिल सके। मल्होत्रा ने कहा कि क्षमता के लिये भारतीय युवा महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं और इस संबंध में नीतियों को प्रभावी बनाया जाना चाहिए और यही आत्मनिर्भर भारत की ओर महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। हरियाणा राज्य उत्पादकता काउंसिल के एचएल भुटानी ने स्किल डेवलपमेंट पर विचार रखे जबकि सुवार्चा अरोड़ा ने ईज आफ डुईंग बिजनेस के लिये प्रयासों की सराहना की तथा डॉ. गुलशन शर्मा बेविनार में देशभर के लाखों लोगों की उपस्थिति को सूचना प्रौद्योगिकी की क्षेत्र में महत्वपूर्ण क्रांति बताया। बेविनार में डीडीजी आईसीएसआई डॉ. गुलशन कुमार, एनएसआईसी के पूर्व सीएमडी रविन्द्र नाथ और मानव संसाधन क्षेत्र में प्रमुख विशेषज्ञ सुभाष जकोटा को पैनल लिस्ट रहे।

बांटे जूट के थैले और सैनेटाइजर

फरीदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित जन सेवा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री जनकल्याण प्रसार-प्रचार योजना की जिलाध्यक्ष चित्रा शर्मा ने तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सेक्टर-28, 29, 30 के अलावा सेक्टर-28 की पुलिस चौकी के अलावा टाऊन पार्क में लोगों जूट से बने थैले, मॉस्क, सैनेटाइजर आदि वितरित किए। इस मौके पर शर्मा ने करीब 250 लोगों को जूट निर्मित थैले भेंट करते हुए कहा कि हम सभी को बाजारों में सामान लेने के लिए पॉलीथीन की बजाए इन जूट के थैलों का प्रयोग करना चाहिए। जिससे थैले बनाने वाली महिलाओं को लाभ मिलेगा साथ ही पॉलीथीन की वजह से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से भी बचाव होगा। पॉलीथीन मिट्टी में दबने के बाद भी सालों-साल रहती है। जिससे भी के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। इस मौके पर स्नेह लता, बिन्दू सिंह, संगीता, प्रेमलता सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थी।

मजदूरों और कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

फरीदाबाद। ज्वाइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल के बैनर तले बुधवार को विभिन्न संगठनों के मजदूरों और कर्मचारियों ने केंद्र एवम् राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ लघु सचिवालय के सम्मुख जोरदार प्रदर्शन किया। इसके फौरन बाद देश महामहिम राष्ट्रपति के नाम 10 सूत्री मांगों का ज्ञापन एसडीएम फरीदाबाद को सौंपा गया। ज्ञापन में दर्ज मांगों का उल्लेख करते हुए बेचू गिरी और वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि केंद्र सरकार मजदूरों के हितों में बने कानूनों को कमजोर करने के लिए पहले ही संसद में बेज कोड 2020 को पारित कर चुकी है। अब संसद के मानसून सत्र में मजदूरों के अहित में इंडस्ट्रियल रिलेशन बिल 2020, कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी बिल 2020, ऑक्यूपेशनल सेफ्टी हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन बिल 2020, को पारित करवा रही है। इन बिलों के पास होने से मजदूरों के सारे अधिकार छीन लिए जाएंगे। इसलिए, देश की तमाम ट्रेड यूनियन केंद्र सरकार के इस मजदूर विरोधी निर्णय की घोर भर्त्सना कर रही हैं। इसके विरोध में निकट भविष्य में आंदोलन को तेज किया जाएगा।

अनिल भट्ट क्रिकेट अकादमी ने चार विकेट से जीता मैच

फरीदाबाद। प्रथम रविंद्र फागना टी-20 क्रिकेट लिग में अनिल भट्ट क्रिकेट अकादमी ने स्पोरूट क्रिकेट अकादमी को 4 विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 20-20 ओवर का था। स्पोरूट क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। स्पोरूट क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 147 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए मयंक ने 58 रन, पेरी ने 20 रन और सुरेद्र ने 19 रन बनाए। अनिल भट्ट क्रिकेट अकादमी (फरीदाबाद) की ओर से गेंदबाजी करते हुए दीपक भड़ाना ने 4 विकेट, शक्ति सिंह ने 2 विकेट मुजमिल ओर गोपश ने 1-1 विकेट लिए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए अनिल भट्ट क्रिकेट अकादमी की टीम ने 19.1 ओवर 6 विकेट में 150 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए अंशुल ने 32 रन नीतीश रावत ने 31 रन और विनय भड़ाना ने 22 रन बनाए। स्पोरूट क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए जतिंदर ने 3 विकेट संदीप, रोबिन ओर सुरेन्द्र ने 1-1 विकेट लिए। योगेश एम्पायर के द्वारा दीपक भड़ाना को मैन ऑफ़ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

एक्स उंडेफेटेड ने 198 रन से जीता मैच

फरीदाबाद। प्रथम रविंद्र फागना टी-20 क्रिकेट लीग में एक्स उंडेफेटेड आर्मी इलेवन ने शाहिद राज सिंह खटाना क्लब (दमदमा) को 198 रन से हराया। मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि ये मैच 20-20 ओवर का था। एक्स उंडेफेटेड आर्मी इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्यण लिया। टीम की ओर बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 2 विकेट पर 279 रन बनाए। बल्लेबाज अरुण छपराणा ने 118 रन, आकाश अंटील ने 75 ने रन ओर राहुल दलाल ने 46 रन बनाए। शाहिद राज सिंह खटाना क्लब (दमदमा) की और से गेंदबाजी करते हुए नासु खान ओर जय भगवान प्रधान ने 1-1 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए शाहिद राज सिंह खटाना क्लब (दमदमा) टीम को 13.2 ओवर में 10 विकेट पर 81 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा।

छुट्टी की पूर्व सूचना के अभाव में हजारों मरीज परेशान

हरियाणा शहीदी दिवस के अवकाश की नहीं दी सूचना

कविता। फरीदाबाद

बीके अस्पताल में बुधवार को हरियाणा शहीदी दिवस के उपलक्ष में अवकाश था, लेकिन इस अवकाश की सूचना मरीजों को एक दिन पहले अस्पताल प्रबंधन ने नहीं दी। ऐसे में यहां इलाज को बड़ी संख्या में मरीज पहुंचने लगे। जिन्हें कर्मचारियों ने लौटाना शुरू कर दिया, लेकिन गर्भवती और गंभीर मरीजों के कारण आपातकालीन कक्ष और प्रसूति कक्ष में अव्यवस्था का माहौल उत्पन्न हो गया। जिससे वहां अव्यवस्था का आलम पैदा हो गया। सुरक्षाकर्मियों के लिए स्थिति पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। वहीं सीएमओ दफ्तर पर भी ताला बंद दिखा।

ओपीड़ी बंद के कारण प्रसुति कक्ष के बाद खड़ी गर्भवती महिलाएं

परेशान होकर लौटे मरीज

छुट्टी की सूचना का एक नोटिस अपातकालीन कक्ष के गेट पर और दूसरा नोटिस खिड़की नम्बर-22 पर लगा था। ओपीडी का गेट खुला होने और वहां छुट्टी का नोटिस न होने के कारण सैकड़ों की संख्या में मरीज अंदर पहुंच गए। लेकिन उन्हें निराश और परेशान होकर लौटना पड़ा। ऐसे में मरीज वहां तैनात कर्मचारियों से पूछताछ करते नजर आए। कोई जांच के बारे में, कोई डाक्टर के विषय में तो कोई गेट खुला होने और छुट्टी की सूचना एक दिन पहले देने की बात पर सवाल कर रहा था।

बंद सीएमओ दफ्तर

किसी भी तरह की आपात स्थिति या स्वास्थ्य मुख्यालय से आदेशों को जिले में भेजने के लिए अवकाश वाले दिन भी जिला सिविल सर्जन कार्यालय को कार्य समय तक खोलने का नियम है। इस नियम का पालन करने के लिए बकायदा अवकाश के दिन एक कर्मचारी की ड्यूटी सिविल सर्जन कार्यालय में फोन रिसीव करने के लिए लगाई जाती है, लेकिन इस नियम को ताक पर रख कर बुधवार को हरियाणा वीर व शहीदी दिवस पर अवकाश के दिन सीएमओं कार्यालय में कर्मचारी के न आने से गेट पर ताला लटका हुआ था।

लग गई भीड़

ओपीडी में अवकाश के बाद अपातकालीन कक्ष में मरीजों की भीड़ लग गई। दोपहर तक करीब डेढ़ सौ की संख्या में मरीज इलाज करवाने को पहुंचे। वहीं प्रथम तल पर मौजूद प्रसूति कक्ष के बाहर गर्भवती महिलाएं अपनी जांच करवाने पहुंच गई। जिसमें किसी ने प्रसव पीड़ा होने की शिकायत बताई, तो किसी ने गर्भावस्था की अन्य समस्याओं के बारे में बताया। ऐसे में यहां प्रसुति करवाने आई गर्भवती महिलाएं भी परेशान दिखी। गर्भवती महिलाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यहां सुरक्षाकर्मी ने उन्हें लाइन में लगा दिया। ताकि अस्पताल में अव्यवस्था न हो।

कोरोना से बचाव का ऑटो चालकों को दिया संदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से आटो चालकों को बचाव के लिए एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन नीलम-बाटा रोड स्थित बालाजी मोटर्स में किया गया। इस सेमीनार में बाला जी मोटर्स के एमडी मुकेश कौशिक ने आटो चालकों, मैकेनिकों, आटो रिक्शा यूनियन के प्रधानों व अन्य लोगों को कोरोना से बचाव के संदर्भ में जानकारी दी। आटो रिक्शा यूनियन के प्रधान वासुदेव अहेरिया ने कहा कि आटो चालकों को महामारी से खुद बचना है तथा सवारियों को भी बचाना है। इसलिए आवश्यकता अनुसार ही सवारियों को बैठाएं। क्षमता से अधिक सवारियां न भरे। ताकि आपको पुलिस व ट्रैफिक कर्मी रोककर परेशान न करें।

इस सेमीनार में मुख्य वक्ता के रूप में बजाज कम्पनी से सर्विस आरएम महेन्द्र पाटिल, सर्विस एएसएम हरप्रीत, सर्विस मैनेजर संजीत यादव, सेल्स एएसएम विकास बिष्ट ने सम्बोधित किया।

सम्मान को अध्यापकों से मांगे आवेदन

फरीदाबाद। कोविड-19 की वजह से इस बार 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पुरस्कार सम्मान समारोह नहीं हो सका था। ऐसे में अब निदेशालय की ओर से आवेदन मांगे गए हैं। अध्यापकों को 9 अक्टूबर तक आवेदन करने होंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने बताया कि शैक्षणिक प्रक्रिया में गुणवत्ता लाने के लिए प्रत्येक साल अध्यापन और शिक्षा के विकास के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने वाले गुरुजनों को 5 सितंबर को सम्मानित किया जाता है।

इस बार समारोह आयोजित नहीं हो सका। ऐसे में इसकी अधिसूचना अब जारी की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 25 सितंबर से 9 अक्टूबर तक आवेदन जमा करने होंगे। सभी अध्यापकों से कहा गया है कि जो भी आवेदन करेगा, उसमें संबंधित प्रमाण पत्र अधिकारी से सत्यापित होना जरूरी है। अपने सभी प्रमाण पत्र, पत्रों की कटिंग, फोटोग्राफी, विडियोग्राफी क्रम से ही देनी होगी।

ग्रामीण युवाओं ने खून से लिखा पीएम और सीएम को खत

सर्वसम्मति से नगर निगम के खिलाफ एकमत होकर किया प्रस्ताव पारित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

26 गांवों को नगर निगम में शामिल करने का विरोध बदस्तूर जारी है इन गांवों के युवाओं ने अनोखे तरीके से अपना विरोध प्रदर्शन किया और अपने खून से खत लिख कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को भेजा। गांव बड़ौली के मंदिर पर एकत्रित हुए युवाओं ने अपनी रगों में दौड़ रहे खून को निकालकर स्याही बनाया और फिर इसी खून में कलम डूबाकर खत लिखा।

गांव बड़ौली के मंदिर पर 26 गांवों को नगर निगम में शामिल करने का विरोध अनौखे ढंग से किया गया। एकत्रित हुए युवाओं ने अपने लहू से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम मार्मिक चिट्ठी लिखकर गुहार लगाई कि इन 26 गांवों को नगर निगम फरीदाबाद में शामिल न किया जाए। पंचायत के संयोजक जसवंत पवार ने बताया कि 26 गांव के युवाओं की एक युवा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी 26 गांव के दर्जनों युवाओं ने खून से हरियाणा शहीदी दिवस पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, और उपमुख्यमंत्री के नाम एक संदेश लिखा कि फरीदाबाद प्रशासन, नगर निगम और यहां के कुछ नेता इन 26 गांव को जबरदस्ती नगर निगम में शामिल करना चाहते हैं। जबकि इन गांव की जनता और सरपंच यह नहीं चाहते कि उनका गांव नगर निगम में जाए।

वीर शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों का रहा है काफी महत्वपूर्ण योगदान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने जूनियर रेडक्रॉस, गाइडस तथा सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के तत्वावधान में शहीदी दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम में भारत माता के वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वतंत्रता की लड़ाई में क्रांतिकारी और नरमवादी दोनों का अपना ही योगदान रहा है। यदि अगर स्वतंत्रता की इस लड़ाई में नरमपंथी और गरमपंथी दोनों मिलकर काम करते तो सकता था आजादी थोड़ा पहले मिल जाती। स्वतंत्रता के क्रांतिकारियों को हमारे देश में बहुत ही सम्मान और इज्जत से देखा जाता है। इस लड़ाई में शहीद होने वाले क्रांतिकारियों में सबसे आगे भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु, चन्द्र शेखर आजाद हैं। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि 23 मार्च को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक बहुत ही अविस्मरणीय दिन शहीद दिवस के रुप में जाना जाता है। विद्यालय द्वारा आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा, प्राध्यापिका जसनीत कौर तथा सविता ने छात्रा हर्षिता, मुस्कान, कोमल, ताबिंदा, सोनी, निशा और चंचल यादव द्वारा बनाई गई।

युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं हमारे योद्धा: डीसी

सेक्टर-12 युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

उपायुक्त यशपाल ने हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर सेक्टर-12 युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। शहीदों के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए उपायुक्त ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों का सम्मान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। उपायुक्त यशपाल ने कहा कि शहीदों की गौरवगाथाएं हमें अपनी समृद्ध विरासत की सदैव याद दिलाएंगी। उनकी कुर्बानी सदैव युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगी। देश के उन शूरवीरों को कभी नहीं भुलाया जा सकता, जिन्होंने अपनी शहादत देकर देश की माटी का कर्ज अदा किया। ऐसे वीरों को सम्मान देते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। बुधवार को जिले के सभी महान विभूतियों, अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर प्रशासन की ओर से माल्यार्पण कर नमन किया गया। हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने भी शहीदों को सलामी दी।

शहीदी स्मारक पर वीर शहीदों को अर्पित किए पुष्प

पायनियर समाचार सेवा। बल्लबगढ़

हरियाणा वीर शहीदी दिवस के मौके पर बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह पार्क में शहीद स्मारक पर हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपर चंद शर्मा पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शहीदी स्मारक पर वीर शहीदों को दी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज वीर शहीदों की शहादत के कारण ही भारत देश का हर नागरिक आजादी की सांस ले रहा है। भाजपा नेता टिपर शर्मा ने इस मौके पर कहा देश की आजादी में हरियाणा के वीर शहीदों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है आज भी हमारे देश की फौज में सबसे ज्यादा हरियाणा के वीर सपूत अपनी सेवाएं दे रहे है। हरियाणा के वीरों का इतिहास में वर्णन मिलता है। उन्होंने कहा कि शहीद राजा नाहर सिंह, शहीद भूरा बाल्मीकि, वीर शहीद राव रामतुलाराम जैसे वीरों की गाथाओं को आज भी हरियाणा का हर बच्चा बच्चा जानता है।

PUBLIC NOTICE

My client Sh. Manmohan Singh Jubbal S/o Sh. Inderjeet Singh and his wife namely Ritu Jubbal both R/o House No. 485, Sector-21B, Faridabad, Haryana have severed all their relations from their son namely Sh. Jagjot Singh and his wife namely Smt. Pawan Preet Kaur and their child namely Dashmeet Singh and disowned them from their all movable-immovable properties due to the misdeeds and ill behaviour of Smt. Pawan Preet Kaur. My clients shall not be responsible for any acts of the above said persons.

Ria Goyal (Advocate)
Enr. No. D-3677/2018
Mob. 9540454009

निगम बनने के 11 सालों में नहीं बने चिकित्सा केंद्र और स्कूल: बीरू सरपंच

गुरुग्राम। जिले के 38 गांवों को निगम में शामिल करने के विरोध में अब 38 गांव संघर्ष समिति की कमेटी विरोध करने के लिए पूरी तरह से मैदान में उतर चुकी है। बुधवार को यहां शमां पर्यटक केंद्र में पत्रकार वार्ता में बीरू सरपंच ने कहा कि कमेटी के सदस्यों ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि वह किसी भी हाल में 38 गांवों को निगम में शामिल नहीं होने देंगे, जिसके लिए वह गुरुवार को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री के नाम डीसी को ज्ञापन भी सौपेंगे। उन्होंने कहा कि 2009 से लेकर अब तक 11 सालों में शामिल किए गए 35 वार्ड के गांवों में कोई विकास कार्य नहीं हो सके हैं। इन गांवों का विकास तथा आस-पास में सेक्टर को विकास बिल्डरों द्वारा किया गया है। निगम द्वारा अब तक किसी प्रकार के चिकित्सालय स्कूल व अन्य सरकारी संस्थाएं नहीं बनाई गई जिससे कि लोगों का विकास हो सके। इन सब पर निगम की कार्यशैली पर तमाम तरीके सवालिया निशान खड़े होते हैं।

कानूनी सहायता और अधिकारों के प्रति किया जागरुक

जागरूक करने के लिए वेबिनार का किया गया आयोजन

137 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया वेबिनार में प्रतिभाग

गुरुग्राम। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं जिला कानूनी सहायता समिति स्कूल ऑफलीगल स्टडीज ने आज विद्यार्थियों को एक वेबिनार के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग और जरूरतमंदों को कानूनी सहायता एवं लीगल एड के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें जानकारी दी गई कि कैसे समाज के जरूरतमंद और गरीब वर्ग के लोगों को आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है।

वेबिनार केआर मंगलम विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे लॉ के छात्रों के साथ आयोजित किया गया। जिसमें 137 से अधिक विधार्थियों ने भाग लिया। वेबिनार में जिला विधिक सेवाए प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रदीप चौधरी ने छात्रों को बताया कि सभी को सुलभ न्याय मिले। कोई न्याय प्राप्त करने से वंचित ना रहे, इसी अवधारणा के अंतर्गत समाज के कमजोर वर्ग को न्यायिक कार्यवाहियों के दौरान कानूनी सहायता दी जाती है। उन्होंने बताया कि कानूनी सहायता लेना हमारे संविधान द्वारा प्रदत्त एक महत्वपूर्ण अधिकार है और भारत का संविधान हमें यह अधिकार प्रदान करता है।

सत्र के अध्यक्ष अधिवक्ता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य अरुण शोकीन ने इस वेबिनार में विद्यार्थियों को पहले कानूनी सहायता की आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि नालसा जैसी विभिन्न एजेंसियां समाज के कमजोर वर्ग के लिए विशेष चिंता के किसी भी मामले के संबंध में सामाजिक कार्रवाई और मुकदमेबाजी के माध्यम से आवश्यक कदम उठाती हैं। उन्होंने बताया कि इस में एससी, एसटी, महिलाएं, बच्चे, मानव तस्करी के शिकार लोग, मानसिक रूप या शारीरिक रूप से असक्षम व्यक्ति आदि शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में पाथवेज की टीम प्रधानाचार्य के संग बैठकर विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए।

पाथवेज वर्ल्ड स्कूल कराएगा लाखों रुपये के विकास कार्य

सोहना। पाथवेज वर्ल्ड स्कूल सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में लाखों रुपये के विकास कार्य कराएगा। जिसमें छात्राओं के लिए शौचालय, पानी स्टोरेज के लिए टंकी, चैजिंग रुम, दो वाटर कूलर आदि शामिल हैं। सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में छात्राओं के लिए शौचालय सुविधा को और अधिक सुविधा देने और अन्य विकास कार्य की जरूरतों को पाथवेज वर्ल्ड स्कूल अपने निजी खर्चे से पूरा करेगा। पाथवेज वर्ल्ड स्कूल की एक टीम ने मंगलवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल का दौरा किया था। दौरे के दौरान पाथवेज वर्ल्ड स्कूल की टीम तथा स्कूल प्रधानाचार्य के बीच कुछ बातें पर सहमति हुई। स्कूल प्रधानाचार्य सुनील कुमारी ने बताया कि पाथवेज वर्ल्ड स्कूल उनके स्कूल में विकास कार्यों पर लाखों रुपये खर्च करने की योजना तैयार कर चुका है। जिसमें 8 शौचालय, 2 वाटर कूलर, एक वाटर टैंक, एक चैजिंग रुम तथा दो वर्ष के लिए सैनेट्री पैड फ्री में देगा। प्रधानाचार्य ने बताया कि एक मशीन सैनेट्री पैड को जलाने के लिए मशीन उपलब्ध कराएगा।

नशीला पदार्थ और मोबाइल फोन मिलने की वारदातों से हड़कंप

सोहना। भोंडसी जिला जेल में नशीला पदार्थ व मोबाइल फोन मिलने की वारदातों से हड़कंप मच गया है। जेल प्रशासनिक अधिकारियों की सख्ती बरती जाने से अपराधियों की हर चाल फेल कर दी है। जेल अधिकारियों की शिकायत पर बीते पांच दिनों में चार मामलें दर्ज किए गए है। भोंडसी जिला जेल में रह रहे बंदियों तक नशीला पदार्थ से लेकर मोबाइल फोन पहुंचाने वालों पर बीते पांच दिनों में शिकंजा कसा गया। जिसमें जेल प्रशासनिक अधिकरियों से लेकर भोंडसी थाना पुलिस टीम ने गश्त के दौरान जेल की दीवार के ऊपर से प्रतिबंधित वस्तुएं फेंकने की योजना बनाने वालों को दबोचा है। मंगलवार को जिला जेल के सेवादार बलराम की हरकतों पर जेल उपाधीक्षक संजय कुमार को शक हुआ। शक के आधार पर सेवादार की तलाशी ली गई तो उसके पास से 10 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ। इससे पहले सोमवार को जेल की दीवार के ऊपर से निषेध वस्तु फेंकने से पहले कार सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचन सचिव निवासी दमदमा थाना सोहना, जसविन्द्र निवासी उत्तर प्रदेश व शहजाद निवासी गांव बावला थाना तावडू जिला नूंह के रुप में हुई है। जो जेल की दीवार के ऊपर से बंदियों को मोबाइल फोन फेंकने के लिए जा रहे थे। जिन्हे जेल से पहले ही रोक लिया गया। जिलके पास से पुलिस ने चार मोबाइल फोन, व टेप का एक पकड़ा किया। शनिवार को बंदी सचिन चिंकारा से एक मोबाइल फोन तलाशी के दौरान बरामद किया था। सभी मामले जिला जेल के उपाधीक्षक साजिद खान की शिकायत पर भोंडसी थाना पुलिस ने मामले दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर धीरज कुमार ने बताया कि मामलों की जांच शुरू कर दी है।

मुंह पर मास्क, हाथों में सैनिटाइजर लेकर पहुंचे परीक्षार्थी

पलवल। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं व 12वीं कक्षा की री-अपीयर की परीक्षा 22 से शुरू हो गई जोकि, 30 सितंबर तक होगी। बुधवार को दसवीं की विज्ञान की परीक्षा थी। जिसमें मुंह पर मास्क व हाथ में सैनिटाइजर लेकर विद्यार्थी परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकले। बोर्ड ने परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों व अभिभावकों को गाइडलाइन जारी की थी। इनकी पालना करने पर ही परीक्षार्थी को परीक्षा देने की मंजूरी दी मिली।बोर्ड की ओर से ऑफलाइन मोड में परीक्षाएं ली जा रही हैं। जिले में इसके लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल व टैगोर पब्लिक स्कूल शामिल हैं। टैगोर स्कूल में बुधवार को 79 विद्यार्थियों में से 77 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इसके अलावा बोर्ड ने विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए गाइडलाइन जारी की है।

अंडरपास निर्माण से पूर्व लोगों ने खुद ही घर तोड़ने शुरू किए

गुरुग्रगाम। धनवापुर फाटक के पास अंडरपास निर्माण प्रस्तावित है। अंडरपास निर्माण के लिए प्रदेश के लोक निर्माण विभाग को पूरी भूमि नहीं मिल रही थी, क्योंकि सड़क से लगती जमीन पर भवन निर्माताओं ने अवैध कब्जा किया हुआ था। विभाग ने उन्हें अवैध कब्जे हटाने का नोटिस भी पूरी पैमाइश आदि करने के बाद दे दिया था। भवन मालिकों को लगा कि यदि लोकनिर्माण विभाग अवैध कब्जे को हटाता है तो तोड़फोड़ में उनका अधिक नुकसान होगा, इसलिए उन्होंने खुद ही मजदूरों की सहायता से अपने मकानों को तोड़ना शुरु कर दिया है, ताकि अधिक नुकसान से बचा जा सके। लोगों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा दो बार निशानदेही की गई थी और नोटिस भी जारी कर दिए गए थे। उधर लोकनिर्माण विभाग का कहना है कि जो लोग सरकारी जमीन से अवैध कब्जे नहीं हटाएंगे तो उनके निर्माण को विभाग की ओर से तुड़वा दिया जाएगा। पीड़ितों का कहना है कि विभाग की ओर से यदि कार्यवाही की जाती तो उनका बड़ा नुकसान होता, इसलिए उन्होंने खुद ही अपने मकानों को तोड़ना शुरु कर दिया है। जेसीबी से तोड़फोड़ किए जाने पर अधिक नुकसान होता इसलिए उन्होनें खुद ही सरकारी जमीन को खाली करना शुरु कर दिया है। इस प्रकार धनवापुर फाटक के पास अंडरपास के निर्माण की योजना अब सिरे चढ़ती दिखाई देने लगी है।

हरियाणा वीर और शहीदी दिवस मनाया गरिमापूर्ण ढंग से

आजादी के आंदोलन में बलिदान देने वालों को दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल परिसर में आजादी आंदोलन में बलिदान देने वालों को श्रद्धांजलि देते उपायुक्त अमित खत्री।

हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस बुधवार को जिले में गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त अमित खत्री सहित जिलाधिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों, सेवानिवृत सैनिकों तथा पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् भवन स्थित युद्ध स्मारक पर पुष्प चक्र व फूल मालाएं चढ़ाकर आजादी आंदोलन के दौरान तथा बाद में एकता व अखंडता बनाए रखने के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले जाने-अनजाने शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित की।

पुलिस के जवानों ने युद्ध स्मारक पर ही शहीदों की शहादत को नमन किया और शस्त्र झुकाकर श्रद्धाजंलि दी। इस मौके पर 1857 जंग-ए-आजादी की पहली लडाई के प्रणेता राव तुलाराम, जिनकी आज पुण्य तिथि हैं, को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में ही नहीं, हरियाणा के वीरों ने उसके बाद भी देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की शहादत दी जिस पर प्रदेशवासियों को गर्व है। उन्होंने कहा कि किसी भी दिवस को मनाने के पीछे उद्देश्य यह होता है कि उस दिन उस विषय पर गंभीरता से विचार व मंथन किया जाए, इसलिए आज वीर एवं शहीदी दिवस पर हम सभी जिलावासियों को देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण रखने का संकल्प लेना चाहिए। श्री खत्री ने कहा कि हमें अपने बच्चों में राष्ट्रीयता का जज्बा पैदा करना चाहिए तथा सभी ऐसे कार्य करें, जिससे देश की एकता मजबूत हों, तभी हमारा देश विश्व में अग्रणी बन पाएगा। कार्यक्रम में उपायुक्त अमित खत्री, जिला सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण विभाग के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल अमन सिंह यादव (सेवानिवृत), पूर्व सैनिक सेवा परिषद गुरुग्राम कन्वीनर कर्नल (सेवानिवृत्त) जय सिंह सुहाग, मान सिंह चौहान, कैप्टन रविंद्र सिंह पंवार, कैप्टन प्रमोद कुमार, सूबेदार ताराचंद, रमेश व बलजीत सिंह, सीपीओ सतीश कुमार, कवर सिंह, कृष्ण, विरेंद्र, कर्मवीर, कर्नल (सेवानिवृत्त) जय सिंह सुहाग, जिला संयोजक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ओम प्रकाश सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

शीशमहल में शहीदी स्मारक पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

गुरुग्राम के खंड फर्रूखनगर में शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते लोग।

पायनियर समाचार सेवा। फर्रूखनगर।

हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर बुधवार को स्थानीय ऐतिहासिक ईमारत शीशमहल में स्थित शहीदी स्मारक पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पुष्प चढ़ाकर देश के जाने-अनजाने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर किसान नेता राव मान सिंह, जिला परिषद के उप प्रमुख संजीव राव, बीजेपी मंडल अध्यक्ष दौलतराम गुर्जर, अधिवक्ता संदीप यादव, नरेश शर्मा आदि वक्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित करने के उपरांत कहा कि 1857 की क्रंति के जनक राव तुलाराम, फर्रूखनगर के नवाब अहमद अली आदि जाने अनजाने मां भारती के वीर सपूतो की बदौलत ही हम सभी आजादी का जीवन यापन कर रहे। उनकी सहादत को कभी भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग करते हुए कहा कि 1857 की क्रांति के जनक रहे अमर शहीद राव तुलाराम की अस्थियां सम्मानपूर्वक काबूल के कंधार से भारत लाई जाये। उनकी अस्थियों को लाकर गंगा, यमुना आदि नदियों में प्रवाहित की जाये ताकि उन्हे भारत मां की गोद नसीब हो सके। इस मौके पर आरएसएस नेता डा. दयाराम यादव, पार्षद नरेश राव, अधिवकता संदीप यादव, भूपेन्द्र यादव, संदीप टिपलू शर्मा, रमेश चन्द, प्रेमचन्द, सुनील यादव, मुनीलाल यादव, विजय पंडित पातली, दयाराम लीडर डाबोदा, महेन्द्र यादव, अधिवक्ता राजेन्द्र यादव मुबारिकपुर, अधिवक्ता विनय यादव, सुरेन्द्र गुलिया आदि मौजूद थे ।

भाजपा सरकार ने की राव तुलाराम की उपेक्षा: राजेश

गुरुग्राम। कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता राजेश यादव बादशाहपुर ने कहा कि आज सारा देश अमर शहीद राव तुलारामजी के शहीदी दिवस पर उनको श्रद्धांजलि दे रहा है, लेकिन राव तुलारामजी के वारिस गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत जी की आंख के सामने हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा अमर शहीद राव तुलाराम की उपेक्षा की जा रही है। राव इंद्रजीत चुपचाप ये देख रहे हैं।

राजेश यादव ने कहा कि वैसे तो गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत विकास के बड़े-बड़े दावे करते हैं। दक्षिणी हरियाणा के इंसाफ व मान सम्मान की बात करते हैं, लेकिन जिन राव तुलाराम जी की विरासत की बदौलत आज राव इंद्रजीत इतने बड़े नेता हैं, उन्हीं शहीद राव तुलाराम जी की उपेक्षा कर रहे हैं। गुरुग्राम के लोगों के साथ शिक्षा के मामले में भेदभाव कर रहे हैं। राजेश यादव ने कहा कि नए गुरुग्राम को लंबे समय से एक कॉलेज की आवश्यकता थी लोगों की मांग पर 2011 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने गुरुग्राम में विकास रैली में सेक्टर 51 में एक कॉमर्स साइंस कॉलेज की घोषणा की जो कि अपनी तरह का हरियाणा का पहला कॉलेज था, जहां केवल कॉमर्स व साइंस की पढ़ाई होनी थी। क्षेत्र की जनभावना को कद्र करते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस कॉलेज का नाम अमर शहीद राव तुलाराम के नाम पर रख दिया व कॉलेज निर्माण के लिए 40 करोड़ रुपयों का भारी भरकम बजट भी पास कर दिया व गुरुग्राम के उपायुक्त को कॉलेज बनाने की जिम्मेदारी दे दी।

किसान हितों के खिलाफ बने कानूनों के विरोध में प्रदर्शन

ट्रेड यूनियन काउंसिल ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार। गुरुग्राम

गुरुग्राम में श्रमिकों की मांगों को लेकर प्रदर्शन करते श्रमिक संगठनों के लोग।

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व विभिन्न संगठनों के आह्वान पर श्रमिकों व किसानों के खिलाफ अध्यादेश पारित करने के विरोध में बुधवार को सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए गए और महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपे गए।

इसी क्रम में गुरुग्राम में भी श्रमिक यूनियनों का प्रतिनिधित्व करने वाली ट्रेड यूनियन काउंसिल के सदस्यों ने मिनी सचिवालय पर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। काउंसिल के सदस्य कामरेड सतबीर सिंह, अनिल पंवार, बीएस यादव ने काउंसिल के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने देश के मजदूरों व किसानों के खिलाफ हमलावर होने जैसी स्थिति बनाई हुई है। कोरोना काल में बिना किसी तैयारी के किए गए लॉकडाउन ने करोड़ों रोजगार खत्म कर दिए हैं, जिससे बड़ी संख्या में श्रमिक व कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं। सरकार मजदूरों व किसानों के अधिकारों को खत्म करने पर आमादा है। सार्वजनिक क्षेत्र को बड़े कारपोरेट घरानों के हाथ बेचा जा रहा है। श्रम कानूनों में संशोधन किए जा रहे हैं। किसानों के हितों का ध्यान न रखते हुए व्यापक विरोध के बाद भी अध्यादेश पारित कराए जा रहे हैं। श्रमिक नेताओं का कहना है कि उन्होंने ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से मांग की है।

नौकरी से निकाले गए श्रमिकों ने की बैठक

गुरुग्राम। विलस्पन पॉलीबटन कंपनी प्रबंधन ने बड़ी संख्या में कई दशकों से काम करने वाले श्रमिकों को नौकरी से कोरोना काल में ही निकाला हुआ है। ये श्रमिक अपनी नौकरी की बहाली को लेकर जिला प्रशासन व श्रमिक विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। नौकरी से निकाले गए श्रमिकों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन बुधवार को शहर में प्रदर्शन किया। श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार ने अध्यक्षता की। अनिल पंवार ने आंदोलनरत श्रमिकों को अब तक की हुई कार्यवाही से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उप श्रमायुक्त ने इस मामले में अपनी रिपोर्ट प्रदेश के श्रमायुक्त को चंडीगढ़ कार्यालय भेज दी है।

देश के सिपाहियों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता: विक्रम सिंह

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

पुष्प अर्पित करते एडीसी

नूंह जिले में बुधवार को हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त विक्रम सिंह ने शहीदी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि देश के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले जवानों का जीवन हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें देश की आन-बान और शान के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से देश की एकता और अखंडता के लिए काम करना चाहिए तथा हमें शहीदों को भूलना नहीं चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त विक्रम सिंह यादव ने जिलावासियों को हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों की वजह से ही खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सबसे ज्यादा सेना में हरियाणा के युवा भाग ले रहें हैं।

पंचायतों व स्कूल प्रबंधन समितियों से चर्चा करेगा शिक्षा विभाग

शिक्षा पर्व का दिया गया नाम

पलवल। स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू करने से पहले इसके बारे में फीडबैक लेगा। इसे लागू करने से पहले प्रदेश की सभी पंचायतों, स्कूलों की प्रबंधन समितियों और अभिभावकों से चर्चा कर उनके सुझाव मांगे जाएंगे। ये सुझाव 25 सितंबर तक लिए जाएंगे।

सरकार ने पंचायतों के माध्यम से स्कूलों में 100 प्रतिशत नामांकन करने, स्कूलों में ढांचागत विस्तार, विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, विद्यार्थियों में भेदभाव की समाप्ति, स्थानीय कलाकारों, दस्तकारों के साथ स्कूल विद्यार्थियों की इंटरनशिप की व्यवस्था व ड्राप आउट रेट शुन्य करने का लक्ष्य रखा है।

सीबीएसई रिएपीयर की परीक्षा 30 सितंबर तक चलेंगी। इसके लिए गाइडलाइन जारी की गई है। विद्यार्थी को एडमिट कार्ड व स्कूल पहचान पत्र लाना होगा। पारदर्शी बोतल में पॉकेट हैंड सैनिटाइजर लाना होगा। मुंह पर मास्क व हाथ में दस्ताने पहने होंगे। व्यक्तिगत उपयोग के लिए पारदर्शी पानी की बोतल लानी होगी।

परिषद ने उत्पाती बंदरों को पकड़ने का ठेका छोड़ा, 43 पकड़े

परिषद ने दैनिक पायनियर अखबार की बंदरों के आतंक वाली खबर पर लिया संज्ञान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना कोर्ट परिसर में पकड़ें गए बंदरों के साथ ठेकेदार।

नगर परिषद ने शहर में आतंक मचान वाले उत्पाती बंदरों को पकड़वाने के लिए ठेका छोड़ा है। ठेकेदार की टीम ने बीते तीन दिन में 43 बंदरों को अपने द्वारा बिछाये जाल में पकड़ा है। दैनिक पायनियर अखबार ने शहर में उत्पाती बंदरों के आतंक से लेकर शहरवासियों द्वारा अधिकारियां से की गई पकड़ने की मांग को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसकी खबर का असर होने पर परिषद कार्यालय और अन्य अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया गया।

सोहना में आतंक का सबब बन चुके उत्पाती बंदरों ने शहरवासियों की नाक में दम करके रखा हुआ है। शहर के वार्ड, कॉलोनियां, सरकारी विभागों के कार्यालय, आम सड़क व रास्ते, सब्जी मंडी, अस्पताल परिसर आदि में उत्पाती बंदरों का आंतक छाया हुआ है। आए दिन शहर के लोगों पर बंदर हमला करके जख्मी कर रहे है। घरों की रसोई से लेकर खेतों में कामकाज करने वाली महिलाओं को बंदर अपने गुस्सा का शिकार बना रहे हैं। जिसको लेकर करीब एक सप्ताह पहले शहर के मंगलनगर में रहने वाली महिलाओं ने सोहना एसडीएम को लिखित में शिकायत देते हुए उत्पाती बंदरों को पकड़े जाने की मांग की थी।

270 रुपये प्रति बंदर पकड़ने का ठेका

ठेकेदार शहीद ने बताया कि उसके द्वारा एक बंदर पकड़ने पर नगरपरिषद उसका मेहन्ताना 270 रुपये देगी। शहीद ने बताया कि तीन दिन में उसे अपने अभियान में 43 बंदरों को पकड़ा है। उन्होने बताया कि बंदर प्रजाति बहुत ही चतुर होती है। जिस स्थान पर जाल लग जाता है। वह दस क्षेत्र को छोड़कर अन्य कॉलोनियों में चले जाते है।

पांच किलोमीटर दूर जाने पर नहीं आता वापस

उत्पाती बंदरों को पकड़ने में माहिर शहीद ने बताया कि बंदर को यदि एक स्थान से दूसरे स्थान पर छोड़ा जाए तो कम से कम पांच किलोमीटर की दूरी होना जरूरी होता है। बंदर पांच किलोमीटर दूरी जाने के बाद वापस उसी स्थान पर नहीं लौट पाता है। वह सोहना से पकड़े जाने वाले बंदरों को जिला नूंह के फिरोजपुर झीरका की अरावली पहाड़ी में ले जाकर छोड़ रहा है।

चार दिन बीत जाने के बाद भी पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान नहीं

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना में पेयजल आपूर्ति ठप होने से परेशान लोग दूसरे वार्डों में से पानी लेकर आने को जाते हुए।

सोहना की आधा दर्जन कॉलोनियों में चार दिन बीत जाने के बाद भी पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। कॉलोनियों के निवासी जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे है। जिसको लेकर गुरुवार को जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के कार्यालय पर घेराव कर सकते है।

गुरुग्राम-सोहना के बीच चल रहा एलीवेटेड मार्ग पर निर्माण कार्य के दौरान शहर की चुंगी नंबर एक के पास पेयजल आपूर्ति की लाइन को जेसीबी से उखाड़ दिया गया था। इस पाइप लाइन से शहर की मंगलनगर, सैनी कॉलोनी, वार्ड-19, राजौरिया कॉलोनी आदि में आधा दर्जन कॉलोनियों में रहने वाले करीब एक हजार घरों में बीते चार दिन से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिससे इन कॉलोनियों के लोग शहर के अन्य वार्डों में जाकर परिचितों के घरों से पानी बर्तनों में लेकर आ रहे है। जिसमें महिलाओं से लेकर पुरूष बर्तनों को लेकर पीने के लिए पानी लेकर आ रहे हैं।

पिपली लाठीचार्ज की हो उच्च स्तरीय जांच : शरणजीत सिंह सोथा

बोले, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस हों

पत्रकारों से बातचीत करते प्रदेशाध्यक्ष शरणजीत सिंह सोथा व अन्य।

सरबजोत सिंह दुग्गल। कुरुक्षेत्र

विभिन्न किसान संगठनों के आह्वान पर 25 सितंबर को होने वाले भारत बंद में शिरोमणि अकाली दल हरियाणा भी शामिल होगा। इतना ही नहीं, शिअद किसानों के कंधे से कंधा मिला कर उनके अधिकारों की लड़ाई भी लड़ेगा। यह घोषणा शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष शरणजीत सिंह सोथा ने की।

वे बुधवार को धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में पार्टी की जिला स्तरीय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले बैठक में शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तजिंदरपाल सिंह लाडवा, प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना, प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह पुनिया, अकाल उस्तत ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के चेयरमैन ज्ञानी तेजपाल सिंह, गुरुद्वारा बैकुंठ धाम सेवा ट्रस्ट के प्रधान लखविंदर सिंह संधू, शिअद जिला प्रधान जरनैल सिंह बोढी, जिला प्रधान तजिंदर सिंह मक्कड़, जिला वरिष्ठ उपप्रधान जगदेव सिंह गाबा, सुखपाल सिंह बुट्टर, करतार सिंह दामली, इंदरजीत सिंह सगू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेशाध्यक्ष शरणजीत सिंह सोथा ने पिछले दिनों पिपली में किसानों पर हुए लाठीचार्ज की सख्त शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि शिरोमणि अकाली दल ने सदैव ही किसान, मजूदर, व्यापारी व अन्य वर्गों के हितों की लड़ाई लड़ी है। इसी कारण केंद्रीय मंत्री बीबी हरसिमरत कौर बादल ने अपने पद से त्याग पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि पार्टी हाईकमान ने किसाना विरोधी तीन अध्यादेशों का डट कर विरोध करने का फैसला लिया है, जिसके चलते पार्टी की हरियाणा इकाई भी प्रदेश भर में किसान आंदोलन का खुल कर समर्थन करेगी। उन्होंने पिपली में किसानों पर हुए लाठीचार्ज बारे मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि भाजपा हमेशा दोगली बात करती है। उन्होंने किसानों पर हुए लाठीचार्ज की उच्च स्तरीय जांच करवाने के साथ-साथ किसानों पर दर्ज तमाम मुकदमे तुरंत वापस लेने की मांग भी की। उन्होंने चेताया कि यदि किसानों की जायज मांगें न मानी गई, तो वे भारतीय किसान यूनियन के साथ मिल कर अगामी रणनीति तय करेंगे।

किसानों के लिए जेल भरने को भी तैयार शिअद : अजराना

शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि किसान हित की लड़ाई लड़ते हुए यदि पार्टी को जेल भी भरनी पड़े, तो वे उसके लिए तैयार हैं। किसान हित में रोड जाम करना पड़े या फिर भूख हड़ताल करनी पड़े, तो पार्टी पीछे नहीं हटेगी। अजराना ने कहा कि किसानों की फसल एमएसपी से कम दामों पर नहीं खरीदी जानी चाहिए। इसके अलावा किसी भी व्यापारी को एक प्रदेश से फसल खरीद कर दूसरे प्रदेश से बेचने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इससे संबंधित प्रदेश के किसान प्रभावित होंगे।

कर्मचारी संगठनों ने मनाया विरोध दिवस, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी फैडरेशनों के आह्वान पर मजदूर-कर्मचारी व किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ व भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ राष्ट्रव्यापी सयुक्त विरोध दिवस के मौके पर सुरेन्द्र पार्क के सामने सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर तहसीलदार भिवानी को राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन सौंपा।

विरोध सभा की अध्यक्षता सीटू जिला प्रधान राममेहर सिंह, एआई यूटीयूसी जिला प्रधान राजकुमार जांगडा, सर्व कर्मचारी संघ के नरेन्द्र दिनोद, इंटक के कृष्ण, एचएमएस से कविता दहिया, एटक नेता फूलसिंह इन्दोरा, ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। मंच संचालन सीटू जिला सचिव अनिल कुमार ने किया। विरोध सभा को संबोधित करते हुए ट्रेड यूनियन व कर्मचारी नेताओं ने कहा की केन्द्र में शासित भाजपा सरकार ने देश के मजदूरों व किसानों के खिलाफ हमलावर रुख अपना रखा है।

मौके पर विरोध प्रदर्शन और सभा में सीटू जिला उपाध्यक्ष कामरेड़ ओमप्रकाश, एटक राज्य अध्यक्ष बलदेव घणघस, इंटक जिला प्रधान रामौतार खोरड़ा, सर्व कर्मचारी संघ से राज्य ऑडिटर सुभाष कौशिक, एआई यूटीयूसी से कामरेड रामफल, एचएमएस के प्रदेश उपाध्यक्ष रतन लोहिया ने भी अपने-अपने विचार रखे। अखिल भारतीय किसान सभा के नेता करतार ग्रेवाल ने किसानों की तरफ मजदूर और कर्मचारियों के मुद्दों का समर्थन किया। साथ ही 25 सितंबर को भारत बंद में शामिल होने का आह्वान किया।

संक्षिप्त-समाचार

शहीदी दिवस पर विधायक सर्राफ ने किया पौधारोपण

भिवानी। शहीदी दिवस के अवसर पर इंडस्ट्रीयल एरिया सेक्टर 21 के नेकीराम पार्क भिवानी में शहीदों के नाम पर पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहीदों के नाम पर पौधे लागये गए व उन्हें बड़ा करने की भी जिम्मेदारी भी सौपी। विधायक घनश्याम सर्राफ के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया। विधायक सर्राफ के नेतृत्व में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। उन्होंने पौधे लगाने के साथ साथ पौधों को बड़ा करने की जिम्मेदारी भी ली। विधायक ने कहा कि भिवानी में ऑक्सीजन पार्क बनाये जा रहे हैं। वायुमंडल को साफ करने व वायुमंडल से प्रदूषण खत्म करने के उदेश्य से यह कार्यक्रम बीजेपी द्वारा भेजा गया है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में पौधा रोपण करने का निर्णय लिया है।

विजय गोठड़ा के दूसरी बार जजपा जिला अध्यक्ष बनने पर अभिनंदन

भिवानी। देवीलाल सदन में आयोजित समारोह में जजपा जिला अध्यक्ष विजय गोठड़ा का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया। बता दें कि विजय गोठड़ा को दूसरी बार पार्टी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस दौरान जजपा जिला अध्यक्ष विजय गोठड़ा ने पार्टी हाईकमान का धन्यावद करते हुए कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा उन्हें पुनः जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे बाखूबी निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर नए कार्यकर्ता जोड़ना रहेगा। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं को उपमुख्यमंत्री तक पहुंचाकर लोगों की समस्या का समाधान करवाना भी उनका लक्ष्य रहेगा। इस अवसर पर जजपा प्रदेश प्रभारी शहरी स्थानीय निकाय ईश्वर मान का भी अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि अबकी बार कोरोना महामारी के चलते 25 सितंबर को उपप्रधानमंत्री जननायक चौधरी देवीलाल की 107वीं जयंती पर जिला स्तर पर ही रक्तदान शिविर, पंचायत स्तर पर त्रिवेणी लगाकर व स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जिसमें बतौर मुख्यअतिथि उपमुख्यमंत्री दुष्यतं चौटाला पहुंचेंगे।

शहीदी स्मारक पर एडीसी ने दी श्रद्धांजलि

कुरुक्षेत्र। अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने कहा कि वीर सैनिकों के बलिदान को देश के प्रत्येक नागरिक को याद रखना चाहिए। इस वीर शहीदों के बलिदान के कारण सभी आजादी की सांसें ले रहे है। इसलिए शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेकर देश की सेवा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। एडीसी बुधवार को जिला प्रशासन व जिला सैनिक बोर्ड द्वारा आयोजित हरियाणा वीर शहीदी दिवस पर बोल रही थी। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, एसडीएम अनिल यादव, पूर्व सैनिकों ने शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पुलिस के जवानों ने बिगुल बजाकर शहीदों को नमन किया और 2 मिनट का मौन रखकर अपनी मन की भावनाओं को व्यक्त किया। इसके बाद शहीद राव तुला राम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। एडीसी सहित तमाम लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एडीसी ने शहीदों के परिजनों को नमन करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में शहीद राव तुला राम के शहीदी दिवस को मनाया जा रहा है। महान नायक को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में प्रमुख स्वतंत्रता सैनानियों में गिना जाता है। शहीद राव तुला राम को हरियाणा में राजनायक के रूप में माना जाता है।

बेटियों की सुरक्षा सबसे अहम मुद्दा : डॉ. संतोष दहिया

कुरुक्षेत्र। सर्वखाप महिला महापंचायत गांव जालखेड़ी की अध्यक्ष की जिम्मेदारी रीना रानी को दी गई है। बता दें कि सर्व जातीय सर्व खाप महिला विंग ने अपना संगठन बनाना शुरु किया हुआ है। पूरे हिंदुस्तान से महिलाएं जुड़ रही है, उन्हें वट्सअप ग्रुप से जोड़ कर संगठित किया जा रहा है। जिसमें राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा के ग्रुप बना कर जोड़ा जा चुका है। हरियाणा से हर जिले में संगठन खड़ा किया जा रहा है, जिसमें अब तक यमुनानगर, करनाल, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पानीपत, रोहतक, फरीदाबाद, गुडगांव, हिसार, फतेहाबाद, सोनीपत, जींद, पंचकूला, कैथल, झज्जर जिलों के ग्रुप बन चुके है। सर्वखाप महापंचायत की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष दहिया ने बताया कि सर्वखाप पूरे हिंदुस्तान में महिलाओं का संगठन खड़ा कर रही है, क्योंकि आए दिन महिलाओं के ऊपर अत्याचार हो रहा है। देश के सामने बेटियों की सुरक्षा सबसे अहम मुद्दा है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। इस अवसर पर रजनीश रानी, कमलजीत कौर, सुनीता रानी, कृष्णा देवी, सत्या रानी, मामो देवी, विजय भारती, जसविंदर कौर, ममता रानी, उमा रानी, कोमल रानी, सुनीता रानी, कमलेश देवी, बबली देवी, भरती देवी, राजेश रानी, रानी देवी आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

कांग्रेस देश की जनता को बरगलाने का काम कर रही है : गौरव पाडला

पत्रकारों से मुखातिब होते हुए युवा भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला

कैथल। भाजपा के युवा नेता गौरव मित्तल पाडला ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा अन्नदाताओं के लिए अनेकों प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई। जिसका आज पूरे देश भर के किसानों को लाभ मिल रहा है। वहीं खरीफ की फसल पर मिल रही एमएसपी से किसान को लाभान्वित करने का काम केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किया गया है।

बातचीत करते हुए पाडला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की जोड़ी ने देश और प्रदेश में विकास का पहिया घुमा कर एक नए कीर्तिमान बनाया है। प्रदेश की खट्टर सरकार ने प्रदेश के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के लिए नवीनतम अवसर पैदा किए जिसके बलबूते पर आज प्रदेश का युवा पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां प्राप्त कर सरकार के साथ खड़ा है। विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए गौरव पाडला ने कहा कि आज कांग्रेस किसानों को बरगलाने का काम कर रही है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब उन्होंने किसानों के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन आज किसानों के हिमायती बन झूठा दिखावा कर रहे हैं। प्रदेश का किसान, मजदूर, आढ़ती, कर्मचारी, मुनीम इस बात को भलीभांति समझ चुका है, यदि उनके हक अधिकार सुरक्षित हैं तो सिर्फ और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही सुरक्षित हैं।

ट्रेड यूनियनों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

रेवाड़ी में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ट्रेड यूनियन के सदस्य। कैथल में रोष प्रदर्शन करते आशा वर्कर व अन्य संगठन।

पायनियर समाचारा सेवा। रेवाड़ी

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर प्रांत व केंद्र सरकार की श्रमिक कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ शहर में प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को विभिन्न ट्रेड यूनियन के सदस्यों ने प्रदर्शन करने के बाद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से शिक्षा तथा स्वास्थ्य का निजीकरण बंद करने, रेलवे का निजीकरण रोककर स्कीम वर्कर को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन देने, कंपनियों से बाहर किए गए श्रमिकों को वापस लेने और श्रमिक कानूनों को मजदूरों के हित में बनाए जाने की मांग की। इससे पहले एआईयूटीयूसी राज्य प्रधान व अखिल भारतीय वर्किंग कमेटी के सदस्य कामरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र-प्रांत सरकारों की श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ ताकतवर आंदोलन ही एक मात्र रास्ता है। आंदोलन को तेज करने के लिए हर स्तर पर श्रमिक कमेटियों का निर्माण किया जाना चाहिए। सीटू के राजसिंह, इंटक के सतीबर, अजय, सतीश, अजय, कर्मचारी नेता धनराज तथा कामरेड बलराम ने भी प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया।

प्रदर्शन में आशा, मिड-डे मील कर्मचारी संगठनों ने भारी सं या में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों में अमृत लाल प्रधान, लालसिंह, रजपाल, महेंद्र सिंह, बलदेव, संतोष, सुनीता प्रमुख रूप से शामिल थे।

कैथल में संगठनों ने किया रोष प्रदर्शन

कैथल। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीव्यापी आह्वान पर लघु सचिवालय प्रांगण में सीटू, एसकेएस, आशा वर्कर, मिड डे मील वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर, सफाई कर्मचारी, वन मजदूर, पीटीआई शिक्षक, स्वास्थ्य ठेका कर्मी व मनरेगा मजदूरों ने मिलकर केन्द्र व राज्य सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ सभा का अयोजन किया व बाद में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। उपायुक्त प्रतिनिधि नायब तहसीलदार ईश्वर सिंह के माध्यम से एक ज्ञापन राष्ट्रपति महोदय के नाम सौंपा।

तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल नरेश कुमार रोहेडा, जरनैल सिंह व संतोष ब्राह्मणी वाला ने अध्यक्षता की व संचालन जयप्रकाश शास्त्री ने किया। मास्टर जय प्रकाश ने बोलते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार मजदूरों के हितों में बने कानूनों को कमजोर व निरस्त करने में लगी हुई है। सरकार मजदूरों पर अत्याचार करने पर तुली हुई है।

कांग्रेस ने चुनौतियों को स्वीकारा : छाबड़ा

कांग्रेस शासन में तुरंत होता था समस्याओं का समाधान

पटेल नगर में लोगों को संबोधित करते पूर्व चेयरमैन अशोक छाबड़ा।

रणबीर सिंह। सोनीपत

पटेल नगर में लोगों की समस्या सुनने के बाद नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन अशोक छाबड़ा ने कांग्रेस की नीतियों का प्रचार किया। पूर्व चेयरमैन ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा चुनौतियों को स्वीकार किया है। बड़ी से बड़ी कठिन परिस्थितियों में भी कांग्रेस का कार्यकर्ता अड़िग खड़ा रहा है और आगे भी खड़ा रहेगा।

कांग्रेसी नेता अशोक छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार थी तब किसी प्रकार की शिकायत आती तो उसका जल्द समाधान हो जाता था, लेकिन अब हालात इसके विपरीत हो गए हैं। अब कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता। पूर्व चेयरमैन ने कहा कि इन सभी समस्याओं की जड़ नगर निगम के चुनाव न होना हैं। यही कारण है कि आज पूरे शहर में विभिन्न प्रकार की समस्या बनी हुई है।

क्षेत्रवासियों से समस्या के निदान का आश्वासन देते हुए अशोक छाबड़ा ने कहा कि उनकी समस्या का जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में बहुत से विकास कार्य किए हैं। कांग्रेस की सरकार में लोगों को उम्मीद थी एक बार शिकायत करने से समाधान होता था, लेकिन अब नहीं होता। इस अवसर प्रदीप गौतम, भूपेन्द्र गहलावत, दलबीर दहिया, रमेश पांचाल, भगत सिंह, दयानंद, ओमबीर और दरियाव सिंह आदि मौजूद थे।

जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध कराया

भिवानी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिखा के निर्देश पर पैरालीगल वालंटीयर ने जरूरतमंदों को दो यूनिट ब्लड की उपलब्ध करवाई। पैरालीगल वालंटीयर विरेन्द्र सिंह को ब्लडबैंक भेज कर समस्या का निदान करवाया।

प्राधिकरण की सचिव शिखा के संज्ञान में एक डेंगू मरीज को रक्त की सख्त जरूरत होने का मामला आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने पैरालीगल वालंटीयर विरेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि वे तत्परता से रक्त मुहैया कराएं ताकि बीमार व्यक्ति की जान बच सके। विरेंद्र ने रक्तवीर राकेश, राजेश डूडेजा व राकेश वर्मा साथ लिया और जरूरमंद को रक्त उपलब्ध कराया। शिखा ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण जरूरतमंद की मदद के लिए हर संभव तैयार है। कोरोना काल के दौरान प्राधिकरण द्वारा लोगों को कोरोना से बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्त की एक बूंद जरूरतमंद को नया जीवन देती है। उन्होंने कहा कि हमारे रक्त से किसी की जान बच जाए इससे बड़ा धर्म और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी किसी को रक्त की जरूरत होती है तो, उसकी मदद के लिए प्राधिकरण तैयार है।

पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

यहाँ अब अन्नदाता हाशिये पर सबने डाले हैं
किसे मालूम उनके पैरों में अब कितने छाले हैं
सहारा अन्नदाताओं को देने की जगह अब तो
यहाँ कँधे सियासत के कुबेरों को सँभाले हैं

गोदरेज एग्रोवेट ने प्लांट न्यूट्रिशन सेगमेंट में कदम रखा

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

गोदरेज एग्रोवेट ने स्पैनिश कंपनी, बायोबेर्का के साथ मिलकर नया प्लांट न्यूट्रिशन पोर्टफोलियो लॉन्च किया। यह नया पोर्टफोलियो महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश/तेलंगाना, पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश में उपलब्ध होगा। प्लांट स्ट्रेस को कम करने की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए इसे लॉन्च किया गया है।

प्लांट स्ट्रेस, वो चाहे एबायोटिक (अत्यधिक तापमान, कम या अत्यधिक बारिश, सूखा आदि) या बायोटिक-कृषि पर जलवायु परिवर्तन या वैश्विक गर्मी के विभिन्न प्रभावों का प्रत्यक्ष परिणाम है। प्लांट स्ट्रेस के सबसे सामान्य लक्षण हैं-वृद्धि की महत्वपूर्ण अवस्था में पौधे की स्वास्थ्य समस्याएं, पैदावार में कमी या किसी विशेष फसल की अपर्याप्त संभावित पैदावार, फल और फूल का गिरना। वैकल्पि जैविक समाधानों के अभाव के चलते कीटनाशक के अत्यधिक प्रयोग के चलते पौधों में समस्याएं पैदा होती हैं। अधिकांश किसान, पौधे के स्वास्थ्य पर प्लांट स्ट्रेस के गंभीर प्रभावों के बावजूद कृषि प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलू पर विचार नहीं करते हैं और बदले में, यह कृषि अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करता है। अब तकनीकी समाधानों के समाधान के जरिए किसान प्रभावी तरीके से इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरी कर सकेंगे। समस्याओं को दूर करने और कृषि पैदावार को स्वस्थ बनाये रखने के लिए, गोदरेज एग्रोवेट ने फसल के अनुसार वानस्पतिक पोषण उत्पाद उपलब्ध कराये हैं।

गोदरेज एग्रोवेट के प्रबंध निदेशक, बलराम सिंह ने कहा, प्लांट स्ट्रेस से जुड़ी कृषि समस्याओं का कृषि अर्थव्यवस्था पर प्रत्यक्ष प्रभाव होता है। इसे कम करने के तरीकों के बारे में त्वरित जागरूकता पैदा किये जाने की सख्त आवश्यकता है। गोदरेज एग्रोवेट कृषि संबंधी उत्पादों की विविध रेंज के साथ तीन दशकों से भारतीय किसानों की सेवा करता रहा है, ताकि कृषि पैदावार बढ़ सके। प्लांट न्यूट्रिशन पोर्टफोलियो को लॉन्च किया जाना इन सिद्धांतों के अनुरूप ही है।

प्लांट न्यूट्रिशन पोर्टफोलियो में फसल के अनुसार उत्पाद शामिल हैं : टेरा सॉर्ब कंप्लेक्स - अंगूर, सेव, लाल मिर्च, आलू, आर्मुरॉक्स - अंगूर, सेव, लाल मिर्च, कपास, इक्विलिब्रियम - रसीली सब्जियां जैसे टमाटर, बैंगन, ओकरा, परवल, शिमला मार्च, खीरा और केला ये प्रोडक्ट्स महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंलाब, हरियाणा व मध्य प्रदेश में उपलब्ध होंगे।

फ्लिपकार्ट का हाइ क्वालिटी फैशन के लिए मैक्स फैशन के साथ करार

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत /गाजियाबाद

भारत के स्वदेशी मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने फैशन की दुनिया में जाने-माने रिटेलर मैक्स फैशन के साथ पार्टनरशिप की घोषणा की है। यह पार्टनरशिप देश में आगामी त्योहारी सीजन और फ्लिपकार्ट पर बिग बिलियन डेज की तैयारियों के चलते काफी महत्वपूर्ण है। साथ ही, यह भारत के उम्दा फैशन ब्रैंड्स के मार्फ्त भारतीय उपभोक्ताओं के लिए बेहतरीन स्टाइल्स की भी पेशकशपेशकश करेगी।

फैशन की अनेक श्रेणियों में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराने वाले मैक्स ने देशभर के 130 से अधिक शहरों में 375 से ज्यादा स्टोर्स पर अपने प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराए हैं। मैक्स अपने विस्तृत चैनल के जरिए 100 मिलियन से अधिक

विमेंस, किड्सवियर और एक्सेसरीज के मामले में विस्तृत प्रोडक्ट रेंज फ्लिपकार्ट पर 250 मिलियन से अधिक ग्राहकों तक पहुंचाने की तैयारी

गारमेंट्स बेचता है। फ्लिपकार्ट के साथ पार्टनरशिप के बाद, मैक्स फैशन की पहुंच अधिक विस्तृत बाजार तक होगी और यह अपने प्रोडक्टस एक्सेसरीज, फुटवियर, विमेन्सवियर तथा किड्स वियर, समेत अन्य कई श्रेणियों में नए भौगोलिक क्षेत्रों और पिन कोडों पर उपलब्ध कराएगा। फ्लिपकार्ट पर मैक्स फैशन स्टोर पर 13,000 से अधिक नए स्टाइल्स होंगे और अधिकांश की कीमतें 1,000 रुपयं से कम होगी। फ्लिपकार्ट के साथ भागीदारी के चलते, मैक्स देशभर के अनेक छोटे शहरों और शहरों तक में अपने फैशन को अधिक खरीदारों तक पहुंचाएगा।

पार्टनरशिप के बारे में निशित गर्ग, वाइस प्रेसीडेंट फ्लिपकार्ट फैशन ने कहा, हम फ्लिपकार्ट पर मैक्स फैशन के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं, जो कि इस साल की हमारी सबसे बड़ी भागीदारी है। हमारा मानना है कि नवीनतम रुझानों को देशभर में सभी ग्राहकों तक पहुंचना चाहिए और मैक्स फैशन के साथ हमारी पार्टनरशिप इसी दिशा में बढ़ाया गया कदम है। हम देश में महानगरों और टियार 2 प्लस क्षेत्रों के बीच मौजूद अंतर को मिटाने की लगातार कोशिश करते आए हैं, जहां हमारे ग्राहक नवीनतम फैशन ट्रैंड्स की मांग करते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

अर्थव्यवस्था में अविश्वास

कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या

भारत में कोविड-19 संक्रमितों की बढ़ती संख्या तथा पश्चिमी देशों में दूसरी संभावित लहर को देखते हुए अर्थव्यवस्था में अविश्वास का माहौल है। चीन भले ही संक्रमण का केन्द्र रहे वूहान में सब कुछ सामान्य दिखाने का प्रयास करते हुए समुद्र तट पर बड़ी पार्टी का आयोजन कर रहा हो, पर दुनिया की जनता तथा विश्व अर्थव्यवस्था की सांसें फूल रही हैं। यूरोप में नए नियंत्रणों के कारण दुनिया भर के शेयर बाजार एक बार लुढ़कने लगे हैं। इससे तेज होती आर्थिक गतिविधियों की गति धीमी पड़ी है। हालांकि, भारतीय शेयर बाजारों में मार्च की गिरावट के बाद लगभग 50 प्रतिशत उछाल आया है, पर यह अभी अस्थिर हैं। ब्रिटेन जैसे बड़े देशों तथा अमेरिका के अनेक शहरों में 'दूसरी लहर' की विभीषिका से बचने के लिए फिर लाकडाउन घोषित करने पड़े हैं। हालांकि, भारत में संक्रमितों की संख्या थोड़ी स्थिर हुई है और अधिकांश शहरों में इसे जीवन का हिस्सा मानने की प्रवृत्ति सामने आई है। केरल में राज्य सरकार ने बिना लक्षण वाले कामगारों को अलग-थलग कार्यस्थलों में काम की अनुमति दी है, लेकिन अभी कामकाज को पूरी गति मिलने में समय लगेगा। आने वाले त्योहारों व इंडियन प्रीमियर लीग-आईपीएल शुरू होने से गतिविधियां तेज हुई हैं, पर ये पिछले वर्षों के स्तर से बहुत दूर हैं। बिजनेस भले ही धीरे-धीरे खुल रहे हों और गैर-नियंत्रण वाले क्षेत्रों में उनके पूरी तरह काम की अनुमति हो, पर वे राज्यों की वितरण श्रृंखलाओं से पूरी तरह जुड़े हैं। इस कारण राज्य के एक प्रभावित हिस्से वाले बिजनेसों का प्रभाव अन्य पर भी पड़ता है जिससे अंतत: पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। नियंत्रणों के कारण कर्मचारियों की

उपस्थिति व उत्पादन प्रभावित हुआ है तथा कुछ क्षेत्र अधिकतम स्तर पर सक्रिय नहीं हो सके हैं। उदाहरणार्थ बैंगलुरू के अधिकांश आईटी कामगार लाकडाउन की श्रृंखलाओं के कारण शहर छोड़ चुके हैं और वे धीरे-धीरे ही वापस लौटेंगे। ऐसी समस्याओं से पुनर्जीवित हो रही अर्थव्यवस्था को मिली थोड़ी उपलब्धियां भी संकट में हैं। कार्पोरेट के पास पैसे की कमी बनी रहने के कारण बिक्री ने गति नहीं पकड़ी है तथा मांग कमजोर बनी हुई है। इस कारण एमएसएमई के लिए बेलआउट हेतु निर्धारित धनराशि भी पूरी तरह खर्च नहीं हो सकी है। कुछ लोग 2020 को खोया हुआ वर्ष मानते हैं। ये समस्यायें अगले वर्ष थमने की उम्मीद है, लेकिन अर्थव्यवस्था में पूर्ण बहाली की प्रक्रिया 2022 के पहले नहीं शुरू होगी। लेकिन इसके उलट कुछ लोगों को विश्वास है कि अर्थव्यवस्था में पुन: उछाल आएगा और आंकड़े भले ही पहले जैसे न हो सकें, पर वे काफी अच्छे होंगे। अनेक लोगों को शेयर बाजार में उछाल की उम्मीद है। कुछ चीजों के शेयरों में शुरुआती गिरावट के बाद अब स्थिरता आई है और दीर्घावधि में इनके और सुधरने की उम्मीद है। कोविड-19 के कारण मांग और सप्लाई श्रृंखला में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। यही स्थिति अनेक क्षेत्रों में होगी और समग्र रूप से अर्थव्यवस्था को स्थिर होने में थोड़ा समय लगेगा। सरकार के दीर्घकालीन ढांचागत सुधारों तथा आरबीआई द्वारा सहायता व स्टीमुलस पैकेजों के बाद अनेक निवेशक दीर्घकालीन दृष्टिकोण से लाभ उठाने के प्रयास में परिसंपत्तियों का आबंटन कर रहे हैं। हालांकि, अधिकांश भारतीयों ने वायरस के साथ रहने की तैयारी कर ली है, पर कुछ देशों की प्राथमिकतायें अलग हैं। उनका कहना है कि वायरस बार-बार लौटता रहेगा। 1919-1920 की स्पैनिश फ्लू महामारी से यही सबक मिलता है कि इसे समाप्त होने में थोड़ा समय लगेगा। उस समय भी वैक्सीनों का अस्तित्व नहीं था। लेकिन संक्रमण समाप्त होने में ज्यादा समय लगने के साथ अर्थव्यवस्था की समस्यायें भी बनी रहेंगी। क्या 2021 भी संघर्ष करते हुए बीतेगा? वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने अनुमान लगाया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2020-21 में 10.5 प्रतिशत सिकुड़ सकती है। लेकिन भारतीय उद्योग संघों को उम्मीद है कि लगातार सरकारी समर्थन से आर्थिक वृद्धि हो सकती है।

नियंत्रण रेखा पर चीन की जिद

एक परिदृश्य यह हो सकता है कि पीएलए डेपसांग को छोड़ कर टकराव के अधिकांश बिंदुओं पर पीछे हट जाए, लेकिन शायद इसके लिए वह चुशुल पहाड़ियों से भारतीय सेनाओं के हटने की शर्त पर जोर दे।

अशोक के मेहता
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

सात सप्ताह के गतिरोध के बाद सोमवार को भारत-चीन के बीच टकराव दूर करने की प्रक्रिया-डीडीपी एक नए सैनिक-राजनयिक फार्मेट में बहाल हुई। अप्रैल-मई में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए ने एलएसी पर अनेक स्थानों पर घुसपैठ का प्रयास किया। चीन ने 40,000 सैनिक एकत्र किए और भारत ने भी उसका मुकाबला करने के लिए इतने ही सैनिक तैनात किए। शुरुआती डीडीपी के बावजूद गलवान में टकराव के पश्चात और सैनिकों को लामबंद किया गया। चीन की इच्छा वाली डीडीपी से भारतीय सेनाओं को नुकसान होता, उनको बफर क्षेत्र बनाना पड़ता तथा गलवान, हाट स्प्रिंग-घोघरा, डेपसांग व पैगांग झील क्षेत्रों में अपनी गश्त छोड़नी पड़ती। लेकिन भारत ने पैगांग झील के दक्षिण और उत्तर में कैलाश पहाड़ी को केन्द्र बना कर मुखपारी में कार्रवाई की जिसमें निर्वासित तिब्बतियों वाली स्पेशल फ्रंटियर फोर्स ने प्रमुख भूमिका अदा की। इसके साथ ही फिंगर्स क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर कार्रवाई की गई। इससे पीएलए घबरा गई क्योंकि चीनी और भारतीय विदेश मंत्रियों के बीच मास्को में पांच बिंदुओं वाली सहमति लागू होने के पहले ही मुखपारी टकराव का नया बिंदु बन चुका था। कुछ दिन पहले इसी मंच पर दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच बातचीत हुई थी। पिछले 45 वर्षों में पहली बार बिना हथियारों के दोनों देशों के सैनिकों के बीच टकराव से सैनिक हताहत हुए तथा चेतावनी के रूप में गोलीबारी हुई।

एलएसी की स्थिति पर संसद के दोनों सदनों में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएलए घुसपैठ के आंकड़ों की चर्चा नहीं की। उन्होंने यह संकेत दिया कि खुफिया सूचनाओं व सीमा पर सैनिक निगरानी के कारण चीन का आक्रमण या घुसपैठ रोकी जा सकी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 जून को बयान दिया था कि चीनी सैनिकों ने घुसपैठ नहीं की है और भारतीय भूमि पर कोई चीनी सैनिक नहीं हैं। बीजिंग ने भारतीय प्रधानमंत्री के इस बयान का लाभ उठाने का प्रयास किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लाकडाउन में भारतीय सैनिकों को पीएलए ने गश्त करने से रोकने का प्रयास किया था। हालांकि, उनके बयान में यथास्थिति बहाल करने -आरएसक्यूए व डेपसांग का कोई उल्लेख नहीं था। यह स्थान रणनीतिक रूप से सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथा घुसपैठ की आशंका वाला बना हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह भी स्वीकार किया है कि वे सैनिक कमांडरों के बीच बातचीत के सकारात्मक परिणाम की गारंटी नहीं दे सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह संकेत दिया कि वार्ता की पिछली अंतिम तिथि 2 अगस्त को डीडीपी लगभग ध्वस्त हो चुकी थी।

ऐसा लगता है कि भारत की बातचीत की रणनीति में गंभीर कमी है। दोनों पक्षों द्वारा जारी किए बयानों में चीन ने कभी आरएसक्यूए की बात नहीं कही और केवल सीमा क्षेत्रों में शांति और सद्भावना बहाल करने की बात करता रहा। उसने कभी एलएसी शब्द का प्रयोग भी नहीं किया है। भारतीय पक्ष ने भी औपचारिक बयानों में आरएसक्यूए की बात नहीं कही है, बल्कि उसने टकराव को पूर्ण रूप से समाप्त करने पर जोर दिया है। डेपसांग के उल्लेख से भी बचा गया है। चीन ने सीमा संबंधी सभी प्रोटोकाल, खासकर 1993 व 1996 के समझौतों का उल्लंघन किया तथा एलएसी की अवधारणा बदली क्योंकि इसका जमीन पर सीमांकन नहीं हुआ था। इसके बजाय उसने नवंबर 1959 में दावा की गई रेखा को पश्चिम की ओर और खिसकाने का काम किया। मजबूत सैनिक शक्ति के कारण उसने अपरिभाषित एलएसी का फायदा उठाने के लिए राजनयिक रूप से दबाव डाला। चीन के ग्लोबल टाइम्स ने बार-बार कहा है कि भारत को पहले 1959 की चीनी दावा रेखा माननी होगी और ऐसा न होने पर उसे युद्ध का सामना करना पड़ेगा।

मास्को में विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले पीएलए ने भारत को चुशुल पहाड़ियों की चोटियों से हटाने का प्रयास किया। इसमें 30 किलोमीटर लंबी कैलाश रेखा पर अनेक महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं जिनके निकट पीएलए की मोल्डो गैरिज़न व स्पैंगुर गैप स्थित है। पहाड़ों की ये चोटियां एलएसी के भारतीय पक्ष में हैं और चीन द्वारा भारतीय सेना पर घुसपैठ के आरोप गलत हैं। इस प्रकार पीएलए ने पठार पर टकराव का नया बिंदु बनाया है जो मुखपारी से 300 मीटर दूर तथा 200 मीटर नीचे है जो किनारे का सबसे ऊंचा बिंदु है। सवाल है कि स्पेशल फ्रंटियर फोर्स-एसएफएफ ने पूरे पठार पर कब्जा क्यों नहीं किया। दोनों पक्षों के बीच वार्ताओं में मुखपारी डीडीपी में टकराव का नया बिंदु बन गया है। पिछले पांच महीनों से पूर्वी लद्दाख के पठार पर स्थिति अस्थिर बनी हुई है। ऐसे में तार्किक रूप से चीन का इरादा समझा जा सकता है कि उसने भारतीय क्षेत्र पर सैनिक कब्जे की योजना बनाई थी। अब वह टकराव समाप्त करने तथा सैनिक रूप से लाभ की स्थिति से पीछे हटने से इनकार कर रहा है। अतीत में उसने 1986 में सोमडांग छू, 2013 में डेपसांग, 2014 में चुमार तथा 2017 में डोकलाम में यही किया है। भारत को अभी विश्वास है कि आखिरकार चीन पीछे हट जाएगा और उसके सैनिक छावनियों में लौट जाएंगे।

लगता है कि भारतीय सैनिकों द्वारा चीन व भूटान के बीच विवादित डोकलाम में सीमा पार कर पीएलए को चुंबी घाटी में भारत-भूटान-चीन के बीच विवादित त्रिकोण पर सड़क बनाने से रोकने के कारण चीन नाराज है। चीन ने भारत के इस साहस को आक्रामकता तथा चीन को चुनौती के रूप में देखा। चीनी मीडिया ने उसी समय उल्लेख किया था कि बीजिंग भारत को अपमानित करने का मौका तलाश रहा है। डोकलाम के साथ ही चीन ने एक और घटना को अपने लिए चुनौती समझा। भारतीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में अक्साई चिन को मुक्त कराने की जो प्रतिज्ञा की उससे चीन को गहरा धक्का लगा। इसका अर्थ चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का 'चीनी सपना' टूटना था। भारत को मिंग राजवंश के समय की काल्पनिक भारत-चीन सीमा पुनर्जीवित करने का शी जिनपिंग का सपना अवश्य तोड़ना चाहिए। उसे एक न्यायोचित व परस्पर स्वीकार्य सीमा समझौते की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। दोनों देशों की शक्तियों व क्षमताओं में असमानताओं को देखते हुए यह काम कठिन लगता है। चीन ने भारतीय सेना की तीन अतिरिक्त डिवीजनों की तैनाती को मजबूर कर भारत के लिए समस्या बढ़ाई है। लद्दाख के ऊंचे स्थानों में एलएसी पर इस लगातार तैनाती पर भारी खर्च होगा।

चीन अपने दावों और तैनाती के माध्यम से भारत पर दबाव डालने तथा उसकी असावधानी की प्रतीक्षा कर रहा है। उसने अपनी पांच थियेटर कमांडों में से चार की तैनाती पूर्वी चीन सागर, दक्षिण चीन सागर, ताइवान व जिनजियांग तथा भारतीय सीमा के निकट तिब्बत के शत्रुतापूर्ण मोर्चों पर की है। पीएलए की सैनिक शक्ति तथा उसके जमे रहने का गलत अनुमान लगाना ठीक नहीं होगा। उसकी ऊंचे पहाड़ों में युद्ध करने की क्षमता है तथा वह आवश्यकता होने पर भारतीय सैनिकों के मुकाबले 6 गुना सैनिक तैनात कर सकता है। वह पहाड़ियों की चोटियों पर कब्जावर भारतीय सैनिकों को वहां से हटाना चाहता है।

लेकिन चीन युद्ध शुरू नहीं करना चाहता है। वह क्षेत्रों पर अपने द्वारा किए कब्जों से संतुष्ट है। भारत ने कहा है कि वह आत्मरक्षा में आक्रमण कर सकता है। चीफ आफ डिफेंस-सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने राजनय विफल होने पर सैनिक विकल्प की धमकी दी थी। डीडीपी से एक परिदृश्य यह उभरता है कि पीएलए डेपसांग को छोड़ कर अधिकांश टकराव बिंदुओं पर मूल स्थितियों तक लौटने के लिए तैयार हो सकती है, लेकिन इसके लिए वह भारतीय सैनिकों द्वारा चुशुल पहाड़ियां खाली करने की शर्त लगा सकती है। अभी पूर्ण आरएसक्यूए की संभावना नहीं है। इसकी संभावना नवंबर में रियाद में जी20 बैठक के समय तीसरी शी-मोदी शिखर वार्ता के बाद हो सकती है। ऐसा न होने पर टकराव लंबे समय तक जारी रहेगा, जब तक कि शी जिनपिंग अपना लद्दाख सपना छोड़ने पर मजबूर न हो जाएं।

संकट काल में योगी की विकासोन्मुख पहल

अनिल सिंह
(लेखक एक स्तम्भकार हैं)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब राज्य में फिल्म सिटी बनाने की घोषणा की तो तमाम फिल्मी हस्तियों ने बेहद उत्साह दिखाया। उत्तर भारत की बड़ी आबादी की उम्मीद योगी आदित्यनाथ से जुड़ गई है। इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से जुड़े कई लोगों ने बाकायदा वीडियो जारी कर योगी आदित्यनाथ का आभार जताया, और ऐसा इसलिये हुआ क्योंकि बॉलीवुड की एक बड़ी आबादी अंडरवर्ल्ड और ड्रग माफिया की घुसपैठ से तबाही एवं दहशत की आगोश में है। अब उसे भी एक ऐसे विकल्प की तलाश है, जहां माफिया और दशहत की गुंजाइश कम से कम हो। बीते तीन साल में योगी ने उत्तर प्रदेश के संगठित अपराध को जिस तरीके से खत्म किया है, उसने बॉलीवुड को भी भरोसा दिया है कि उत्तर प्रदेश उनके लिये सुरक्षित वर्क प्लेस बन सकता है।

बीते तीन दशक में यूपी में राजनीतिक दलों के आंखों के तारे बनकर अपराध के जरिये अरबों का अवैध साम्राज्य खड़ा करने वाले मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद समेत तमाम अपराधियों का काली कमाई का किला जिस तरीके से ढहाया जा रहा है, वैसा योगी आदित्यनाथ के सीएम बनने से पहले सपने में भी नहीं सोचा जा सकता था। पिछले तीन साल में यूपी की छवि में जो सुधार दिखा है, उसका उदाहरण है कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी दूसरे पायदान पर खड़ा हो गया है। इस तथ्य से शायद ही कोई अंजान हो कि आतंकी दाऊद इब्राहिम समेत अंडरवर्ल्ड के कई नामचीन माफियाओं का कालाधन बॉलीवुड में लगा हुआ है। आफगानी अब्दुल करीम शेर खान उर्फ करीम लाला से शुरू हुआ यह सफर अब दाऊद इब्राहिम के चंगुल में है, जिससे बाहर निकलने की छटपटाहट निर्माता-निर्देशकों को आतंकमुक्त यूपी में खींच सकती है। आजादी के बाद के दशक में हेलन के पैसे लेकर भागने वाले पीएन अरोड़ा से पैसे दिलाने के नाम पर तस्कर करीम लाला बॉलीवुड के संपर्क में आया फिर, यहीं से शुरू हुई बॉलीवुड में माफिया की घुसपैठ। करीम लाला दिलीप कुमार का भी करीबी बन गया। उसने फिल्मों में पैसा लगाना शुरू किया, लेकिन यह असंगठित था।

करीम लाला को तब इतनी समझ भी नहीं थी कि वह अपने काले धन को फिल्मों के जरिये सफेद कर सकता है। अंडरवर्ल्ड और बॉलीवुड के नेक्सस को संगठित तरीके से तैयार करने का काम हाजी मस्तान ने किया। अपराध से आये धन को सफेद करने के लिये उसने फिल्मों में पैसे लगाने शुरू किये। अभिनेत्री सोना के प्यार में वह बॉलीवुड के और अधिक नजदीक आ गया। हाजी मस्तान से तमाम फिल्मी सितारों के दोस्ती की चर्चा आम लोगों के जुबान पर थी। फिल्म उद्योग को भी समझ में आ गया कि सिनेमा बनाने के लिये अंडरवर्ल्ड से मनचाहा पैसा मिल सकता है, माफिया भी समझ गये कि उनका काला धन फिल्मों के जरिये सफेद हो सकता है।

दोनों की जरूरतें इन्हें साथ ले आईं और इस तरह शुरू हो गया अंडरवर्ल्ड का बॉलीवुड में हस्तक्षेप। इस नेक्सस ने फिल्म उद्योग को पैसा तो मिला लेकिन उन पर माफिया हावी हो गये। दाऊद इब्राहिम के उभरने के बाद तो माफिया का असर केवल पैसों तक ही सीमित नहीं रह गया। दाऊद ने अपना हस्तक्षेप

फिल्मी स्क्रिप्ट से लगायत कलाकार के चयन तक बढ़ा दिया। फिल्मों के जरिये अपराधियों एवं एक खास वर्ग का महिमामंडन तक किया जाने लगा।

सोची समझी रणनीति के तहत भारतीय संस्कृति पर भी सिनेमा के माध्यम से हमले किये जाने लगे। दाऊद ने अपना नेटवर्क इतना संगठित कर लिया कि उसके निर्देश के बिना फिल्म उद्योग में एक पत्ता तक नहीं हिल सकता था। पिछले दरवाजे से फिल्म वितरण पर भी उसने एकाधिकार कर लिया। इसी का परिणाम है कि कई सितारे गाहे बगाहे देश विरोधी बातें करते रहते हैं। कई फिल्मी हस्तियां उसके एक इशारे पर उसके दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचती रहीं। दाऊद का नाम मंदाकिनी और अनिता अयूब से भी जुड़ा। मुंबई बम धमाकों के बाद देश छोड़कर भागने को मजबूर हुए दाऊद की पकड़ इसके बाद भी बॉलीबुड पर कमजोर नहीं पड़ी। उसने बॉलीवुड नेटवर्क संभालने का काम अबू सलेम, छोटा शकील जैसे गैंग अन्य सदस्यों को सौंप कर, खुद ड्रग्स, असलहों और रीयल इस्टेट के धंधे में व्यस्त हो गया। बॉलीवुड पर अंडरवर्ल्ड के दशहत के बीच कई अभिनेत्रियों के नाम भी अपराधियों से जुड़े। मोनिका बेदी पुर्तगाल में अबू सलेम के साथ पकड़ी गई तो ममता कुलकर्णी काम नाम ड्रग्स माफिया विक्रम गोसवई उर्फ विक्की गोस्वामी से जुड़ा।

एक दौर के बाद बॉलीवुड अंडरवर्ल्ड के चंगुल से निपटने के लिये छटपटाने लगा। टी सीरीज के गुलशन कुमार भी इसी प्रयास के तहत नोएडा में फिल्म सिटी स्थापित करने की योजना बनाई, लेकिन 1997 में उनकी निर्मम हत्या ने उनके सपनों को खत्म करने के साथ ही फिल्म जगत को हिलाकर रख दिया। इस हत्याकांड से फिल्म उद्योग उरबने का प्रयास कर ही रहा था कि 21 जनवरी 2000 को राकेश रोशन पर हुए हमले ने बुरी तरह झकझोर दिया। दो गोलियां लगने के बावजूद राकेश रोशन बच गये, लेकिन सिनेमा उद्योग बुरी तरह दहशत में आ गया। ऐसे ही एक जांच में सामने आया था कि क्लैप ब्वॉय का काम करने वाले नाजिम रिजवी ने 12 करोड़ की लागत से सलमान खान और प्रीति जिंटा के साथ चोरी चोरी चुपके चुपके फिल्म बनाई थी, जिसमें दाऊद के सहयोगी छोटा शकील का पैसा लगा है। ऐसे तमाम उदाहरण हैं, जो फिल्मी चकाचौंध और चमक के पीछे की कलई खोलते हैं।

देश के बाहर रहकर भी ये माफिया मुंबई के फिल्म उद्योग को संचालित कर रहे हैं, और कोई सरकार इनके नेटवर्क को खत्म करने का साहस नहीं दिखा पा रही है, क्योंकि इस खेल में कई राजनीतिक दल और राजनेताओं की गोटियां भी बिछी हुई हैं। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद जब नामचीन कलाकारों का ड्रग्स का कनेक्शन सामने आने लगा है, तब बॉलीवुड की एक भयानक तस्वीर उभरती दिखती है। मायानगरी में दाऊद के हस्तक्षेप का अंदाजा इसी बात से लगता है कि अनुपम खेर को 2016 में कहना पड़ा कि उन्हें राष्ट्रवाद की बात करने पर इंडस्ट्री में भेदभाव का शिकार होना पड़ रहा है। वह राष्ट्रवाद का तमगा लगने के बाद एक तरह से जॉबलेस हो गये हैं। जाहिर है कि देश विरोधी आतंकी की पकड़ इतनी मजबूत है कि वह पाकिस्तान और दुबई में बैठकर भारत की फिल्म इंडस्ट्री को अपने तरीके से संचालित कर रहा है। अंडरवर्ल्ड और ड्रग्स माफिया के चंगुल में फंसे इस फिल्म उद्योग को भी शायद यही लगने लगा है कि इसे कॉकस और अंडरवर्ल्ड से यूपी ही उबार सकता है, तभी फिल्मी जगत की बड़ी हस्तियों ने योगी की घोषणा के बाद उत्साह दिखाया है। योगी ने उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध की बुनियाद उखाड़कर इस भरोसे को कायम भी किया है। उत्तर प्रदेश कई नजरिये से फिल्म उद्योग के लिये बेहतरीन डेस्टिनेशन साबित हो सकता है।

एक लाख करोड़ के आसपास टर्नओवर वाले हिंदी इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को यूपी के नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे के पास से वो सारी सुविधाएं मिल सकती हैं, जो फिल्म उद्योग की बुनियादी जरूरत है। जेवर इंटनेशनल एयरपोर्ट बनने के बाद कनेक्टिविटी और प्रासंगिता भी बढ़ जायेगी। यहां से उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार के शानदार प्राकृतिक लोकेशन महज कुछ घंटों की दूरी पर मौजूद हैं। सड़क एवं रेल कनेक्टिविटी भी सुगम है। और इन सबसे बड़ी बात हो है, वह है यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की इच्छाशक्ति, जिसे उन्होंने अपने तीन साल के कार्यकाल में बखूबी कर के दिखाया है। उनका यह कदम उत्तर प्रदेश की तकदीर और तस्वीर बदलने में मील का पत्थर साबित होगा।

आप की बात

नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पेरिस जलवायु सम्मेलन का जिक्र करते हुए भारत को अगले 10 सालों में कार्बन उत्सर्जन की मात्रा में कमी करने और साथ ही साथ कोयला उत्पादन में कमी करने को कहा है। बताते चलें कि जी-20 देशों में भारत सबसे कम प्रति व्यक्ति प्रतिशत उत्सर्जन करता है। आगे के बीच 30 सालों में बिजली उत्पादन में भारत के पारंपरिक स्त्रोत मुख्य रोल अदा करेंगे। अभी भारत कार्बन स्थिरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। नए-नए ऊर्जा स्त्रोतों से 2030 तक 50त्न बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। लॉकडाउन के समय हमने देखा था कि कई रिपोर्टों के अनुसार भारत में कार्बन उत्सर्जन की मात्रा में काफी कमी आई थी लेकिन जैसे-जैसे लॉक डाउन खुलता गया तो उत्सर्जन की मात्रा में इजाफा देखने को मिला। अगर भारत 2020 के बाद कोयला उत्पादन में कोई निवेश नहीं करेगा तो वह कहीं ना कहीं भारत की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा। इससे एक घाटा और होगा कि भारत में औद्योगिकीकरण की रफ्तार में कमी आएगी। भारत अभी एक विकासशील देश है, और आगे के सतत विकास के लिए भारत को नवीनीकरणीय ऊर्जा विकल्प को अपनाना होगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

फिल्म जगत का परिष्करण जरूरी

कोई 7 साल पहले एक प्रमुख टीवी चैनल ने स्टिंग ऑपरेशन द्वारा ये सत्य देश के सामने ला दिया था कि अभिनेता शक्ति कपूर और अमन वर्मा कास्टिंग काउच (चलचित्र/ टीवी धारावाहिक में अभिनय का मौका देने के बदले यौन शोषण) में शामिल थे। उस समय पूरा फिल्म उद्योग गुस्से में लाल-पीला होकर उस चैनल पर बरसा था। कहा गया था कि यह फिल्मों को बदनाम करने की साज़िश है। आत्म-निरीक्षण के स्थान पर प्रत्याक्रमण करने के इस प्रयास ने अपने घर को साफ करने की कोशिश शुरू ही नहीं होने दी। कास्टिंग काउच वैसे ही चलता रहा। बाद में एक-एक कर कई महिला कलाकारों ने वही आरोप दोहरा। कई वरिष्ठ फिल्म निर्माताओं/ एक्टरों आदि की पोल खोली गई। किन्तु सामान्य लोगों को विश्वास हो गया कि दाल में काला अवश्य है। जिन कलाकारों को वे अपना रोल मॉडल मानते आये थे, उनकी नज़रों से गिरने लगे। मी टू अभियान द्वारा कई महिला कलाकारों ने बड़े और स्थापित नामों की कलई खोली। कुछ मामले अदालत में भी गए। किन्तु पुष्ट साक्ष्यों के अभाव में तमाम बड़े लोग छूट गए। इस कारण इंडस्ट्री और अधिक मुहफट और बेशर्मी से खुद का बचाव करने वाली बन गई है।

– **आस्था गर्ग,** बागपत रोड, मेरठ

कृषि को मजबूती मिलेगी!

नवीनतम कृषि विधेयकों की देश में चर्चा हो रही है। विपक्षी दल इसके विरोध में किसानों को बरगला कर देश के कुछ राज्यों में अशांति का माहौल पैदा करने की जुगत में है। एनडीए के घटक दल के एक मंत्री ने तो इसके विरोध में अपने मंत्री पद से इस्तीफा भी दे दिया है। हमारे देश में स्वतंत्रता के बाद भी ब्रिटिश कालीन किसानों के हर स्तर पर शोषण की नीति ही कमोबेश जारी है। हालांकि पंचवर्षीय योजनाओं, हरित क्रांति और श्वेत क्रांति जैसे प्रयोगों से हालात में सुधार हुए पर छोटी जोत के सूखी भूमि वाले किसानों को कोई विशेष राहत नहीं मिल सकी। उनके लिए तो कृषि कार्य आज भी मानसून का जुआ ही साबित हो रहा है। प्राकृतिक आपदा और कीट पतंगों के प्रकोप से जो उपज बचती है उसमें से आढ़तियों, दलालों, व्यापारियों का कमीशन एवं मंडी टैक्स अदा करने के बाद उपज की जो कीमत किसान को मिलती है उसे देखकर अपने भाग्य को कोसने के सिवाय उसके पास कोई चारा नहीं रह जाता। समर्थन मूल्य पर अपनी उपज को बेच पाना भी सभी काश्तकारों के लिए संभव नहीं हो पाता है।

– **ललित महलकारी**, इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

फरमाया

तनाव बढ़ने का खतरा है क्योंकि भारत पाक के खिलाफ आक्रामकता को सही ठहराने के लिए नए सिरे से कार्रवाई कर सकता है।

– **शाह महमूद कुरेशी**
पाक विदेश मंत्री

पेय जल उपलब्ध कराने के आवरण तले प्रस्तावित मिकीदातू जलाशय जल के प्रवाह को अपरिवर्तनीय रूप से नुकसान पहुंचाएगा।

– **एम के स्टालिन**
द्रमुक प्रमुख

सुधार जितनी मजबूती से हो सके तथा अर्थव्यवस्था को नुकसान सीमित हो यह सुनिश्चित कराने के लिए हम सभी उपाय करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

– **जेरोम पावेल**
फेडरल रिजर्व अध्यक्ष

अभय चौटाला की मांग, पद से इस्तीफा दें रणजीत और दुष्यंत

केंद्र व राज्य सरकार ने किसानों को बर्बादी के कगार पर पहुंचाया

लाठीचार्ज पर गृहमंत्री का बयान दुर्भाग्यपूर्ण

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला ने किसान लाठीचार्ज के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और कैबिनेट मंत्री रणजीत चौटाला को घेरते हुए कहा है कि अगर उनकी रगों में स्वर्गीय ताऊ देवीलाल का खून है तो वह बिना किसी देरी के सरकार से इस्तीफा देकर बाहर आएं और किसानों के हक में अपनी आवाज उठाएं।

अभय चौटाला ने बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ताऊ देवीलाल ने हमेशा ही किसानों के हक में अपनी आवाज बुलंद की है। यह लोग केवल देवीलाल का नाम लेकर किसानों को गुमराह कर रहे हैं और किसानों को कंगाल बनाने वाली सरकार का हिस्सा हैं। अभय चौटाला ने परोक्ष रूप से हरसिमरत कौर बादल द्वारा उठाए गए कदम का समर्थन करते हुए कहा कि आज किसानों को उनकी आवाज उठाने वाले लोगों की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि किसानों का हितैषी होने का दम भरने वाले लोग ही केंद्र के साथ मिलकर प्रदेश सरकार में भागीदार बनकर किसानों को लूटने का काम कर रहे हैं। अभय चौटाला ने कहा कि आज किसान अपनी फसलें औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर हो रहे हैं। पीपली में हुई लाठीचार्ज की घटना पर गृहमंत्री अनिल विज को घेरते हुए अभय चौटाला ने कहा कि उनका बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। लाठीचार्ज की घटना के सैकड़ों लोग गवाह हैं और मीडिया ने इन खबरों को दिखाया है। यह खबरें प्रदेश के गृहमंत्री को नहीं दिखाई दी। अभय चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री के बयान को कवर करने का काम किया है।

अभय चौटाला ने आढ़तियों को बिचौलिया या दलाल कहकर प्रचारित करने की भी आलोचना की। अनुबंध की खेती का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस भी आज इन विधेयकों के विरोध का नाटक कर रही है। 2013 में कांग्रेस यह विधेयक लाने वाली थी, मगर लालू यादव, ममता बनर्जी, मुलायम यादव और अन्नाद्रमुक नेताओं के विरोध की वजह से कांग्रेस ऐसा नहीं कर पाई। अब भाजपा ने अपने बहुमत का दुरुपयोग करते हुए इन विधेयकों को पारित करा लिया है। उन्होंने हुड्डा को भी कठघरे में खड़ा किया है।

लेबर कोड के खिलाफ जन संघर्ष मंच हरियाणा ने किया प्रदर्शन

कुरुक्षेत्र। मोदी सरकार द्वारा श्रम कानूनों में मजदूर विरोधी संशोधन वाले लेबर कोड के खिलाफ जन संघर्ष मंच हरियाणा (घटक) मासा की ओर से नए बस स्टैंड पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व मंच की प्रांतीय महासचिव सुदेश कुमारी, निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के प्रांतीय प्रधान करनैल सिंह ने किया। प्रदर्शनकारी नये बस स्टैंड के गेट पर इकट्ठा हुए और भाजपा की मोदी सरकार व हरियाणा की मनोहर लाल सरकार की मजदूर व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारे लगाए। मंच की महासचिव सुदेश कुमारी ने कहा कि आज सबसे ज्यादा जरूरत है कि मजदूर, कर्मचारी, किसान चाहे किसी भी विचारधारा से या पार्टी से संबंध रखते हो, अपने मुख्य मुद्दों पर एक होकर सरकार के खिलाफ संघर्ष करें। अब तक जो भी सरकारें देश की सत्ता में आई हैं, सभी पूंजीवादी नीतियों को लागू करती रही हैं और जब एक सरकार बदनाम हो जाती है, तो पूंजीपति दूसरी पार्टी की सरकार ले आते हैं। आज सरकारी रोजगार तेजी से घट रहे हैं लगभग 90 प्रतिशत मजदूर कर्मचारी संगठित क्षेत्र से बाहर है।

पंचायत प्रतिनिधियों को बताएंगे शिक्षा नीति का महत्व

पंचायत प्रतिनिधियों को बताएंगे शिक्षा नीति का महत्व

कल सभी गांवों में होगा शिक्षा नीति पर सभाओं का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में नई शिक्षा नीति को लागू करने से पहले पंचायत प्रतिनिधियों को इस बारे में जागरूक करने की तैयारी कर ली है। हरियाणा सरकार प्रदेश में नई शिक्षा नीति को लागू करते समय किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहती है। जिसके चलते यह सारी तैयारी की जा रही है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने को लेकर सरकार अब सभी ग्राम पंचायतों से चर्चा करेगी। पहले इसका पूरा शैड्यूल जारी किया गया था, लेकिन अब सरकार ने एक ही दिन 25 सितंबर को पंचायत प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श करने का फैसला लिया है। इसके लिए शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी जिला शिक्षा व मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर हिदायतें दी गई हैं।

पत्र में जिलों के अधिकारियों को कहा है कि वे शुक्रवार को स्कूल प्रांगण में ही संबंधित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ संयुक्त बैठक करें। मुख्यालय से इसके लिए सभी जिला अधिकारियों को पावर प्वाइंट प्रेजेंडेशन भी उपलब्ध करवाई जा चुकी है। इससे पहले सभी खंड शिक्षा अधिकारी एआरबीसी व बीआरपी की सहायता से स्कूल मुखियाओं की प्रशिक्षण बैठक कर चुके हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारी और स्कूलों के मुखिया पंचायत प्रतिनिधियों तथा स्कूल प्रबंधन कमेटी सदस्यों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में जानकारी देंगे। पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा अभिभावकों के सुझाव भी शिक्षा नीति पर लिए जाएंगे। सरकार यह पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि अच्छे सुझावों को शिक्षा नीति में शामिल किया जाएगा। केंद्र की नीति को हरियाणा में लागू करने का निर्णय भी पहले ही हो चुका है।

संक्षिप्त-समाचार

हरियाणा प्रांत वीरों की जन्मभूमि : सुनीता नेहरा

कुरुक्षेत्र। हरियाणा शहीदी दिवस पर जिला परिषद की पूर्व उपाध्यक्ष सुनीता नेहरा ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले शहीदों की बदौलत हम लोग आजाद देश में सांस ले रहे हैं। इसलिए हमें हमेशा शहीदों व उनके परिजनों का सम्मान करना चाहिए। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस महिला विंग की उपाध्यक्षा ने कहा कि हरियाणा वीरों की जन्मभूमि है। शहीद उधम सिंह, राव तुलाराम, मंगल पांडे आदि अनेक वीरों ने अपनी कुर्बानी देश के लिए दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के वीर जवानों ने हमेशा देश के लिए कुर्बानियां दी है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान उन्होंने शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके साथ ब्लॉक समन्वयक जगमोहन सेठी, पूर्व ब्लॉक युवा कांग्रेस प्रधान रणजीत त्योड़ी, मान सिंह रतनगढ़, पवन सैनी, कठवा के सरपंच अमरेंद्र सिंह, सुलखनी के सरपंच राजकुमार, प्रद्युमन मंधेडी और दीपक कक्कड़ मौजूद रहे।

चिकित्सक डॉ. सतपाल के निधन पर जताया शोक

कुरुक्षेत्र। नगर के प्रमुख चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डा. सतपाल चावला के आकस्मिक निधन पर विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, स्वयंसेवी संगठनों ने शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मेहता, राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र जुनेजा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेश मेहता, प्रदेश महा सचिव चन्द्र अरोड़ा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मधु सूदन बवेजा, प्रदेश महासचिव मुल्खराज अरोड़ा सहित महासभा कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत को नमन किया। मधुसूदन बवेजा एडवोकेट ने कहा कि डॉ. चावला उनकी संस्था के सक्रिय सदस्य थे और उनके निधन से महासभा सहित पूरे पंजाबी समाज को गहरी क्षति पहुंची है।

नरेंद्र जांगड़ा बने भाजपा मंडल के महामंत्री

कुरुक्षेत्र। भाजपा कुरुक्षेत्र मंडल के अध्यक्ष दीपक चौहान ने कार्यकारिणी की घोषणा की। उन्होंने बताया कि जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक एवं वरिष्ठ पदधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया है। कार्यकारिणी में नरेंद्र जांगड़ा व अनूप सिंगला को महामंत्री, रामपाल डाबर को उपाध्यक्ष, मलकीत ढाण्डा, प्रदीप सैनी रतगल, विवेक भारद्वाज एवं बख्शी सैनी को सचिव, सूर्या प्रताप वर्मा, हिमांशु शर्मा, तुषार सैनी, वैभव दत्ता एवं मंजू तिवारी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जगदीश आजाद, जय सिंह पोसवाल, ललित बंसल, अन्नपूर्णा शर्मा, निर्मला शर्मा, सुरेन्द्र गोयल, रोहतास सैनी, दीपक धीमान, दीपक राणा, ललित चौटानी, राकेश खुग्गर, भारत वधवा, सतीश शर्मा, राजेश आनंद, सौरभ रोहिला, तनुज काठपाल, राजन जिंदल, लवनीश मक्कड, सतीश कुमार, शेखर गर्ग, ललित माटा, अजय वधवा, चरणजीत मक्कड, अजय पाठक, विपिन शर्मा, पवन देवीदास पुरा, प्रीतपाल सैनी, मोहन लाल अरोड़ा, डीडी बत्रा, आशीष सैनी और नीलम गाबा को शामिल किया है।

भिवानी में कोराना के नए 17 केस आए

भिवानी। भिवानी जिले में बीती रात को 17 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आये है। वही जिले में बुधवार को खबर लिखे जाने तक कोई केस नहीं आया। जिले में बुधवार को 60 कोरोना पॉजिटिव ठीक हुए है। अब तक जिले में कुल 2510 कोरोना पॉजिटिव हो चुके है जिसमें से 2124 ठीक हो चुके हैं। अब जिले में कोरोना के 359 एक्टिव केस है। खबर लिखे जाने तक बुधवार को जिले से 500 सैम्पल लिए जा चुके हैं।

ब्रह्मलीन गंगापुरी महाराज को दी श्रद्धांजलि

कुरुक्षेत्र। श्री स्थानेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को पूज्य महंत ब्रह्मलीन गंगापुरी महाराज के षोडशी अनुष्ठान के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि दी। महंत प्रभातपुरी की समाधि पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। षडदर्शन साधु समाज के पदाधिकारियों, संतों और उनके शिष्यों ने दोनों पूजनीय महंतों को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान संतों ब्राह्मणों का पूजन करके भोजन-दक्षिणादि भेंट की। स्वामी रोशन पुरी ने कहा कि गंगापुरी द्वारा स्थापित किए भी सेवा कार्यों को जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम में श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के महंत धीरजपुरी महाराज, महंत विश्वनाथ गिरी, महंत लक्ष्मीनारायण पुरी, स्वामी वामेश्वरानंद गिरी उचाना, षडदर्शन साधु समाज के अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज, बड़ा अखाड़ा उदासीन के महंत महेश मुनि, निर्मल अखाड़ा के महंत गुरुदत्त, अमृतसर से बड़ा अखाड़ा के महंत गंगासागर भारती, स्वामी अनूपगिरी, स्वामी अर्जुनपुरी, श्री गोविन्दा ठाकुर द्वारा आश्रम पिहोवा सर्वेश्वरी गिरी, देवगिरी, विश्वेश्वरपुरी, ठाकुरद्वारा रतनदक्ष पिपली से महंत अरविन्द दास, ठाकुरद्वारा नाभीकमल बाहरी के महंत विशाल मणिदास, चन्द्रमौली गौड़, विजय वशिष्ठ सहित संत, ब्राह्मण समाज एवं शिष्यगण आदि शामिल रहे।

लाखों रुपये की गांजापत्ती सहित तस्कर गिरफ्तार

सोनीपत। सीआईए-1 स्टाफ सोनीपत की पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी यशबीर उर्फ हसबीर, सुमित व मोहित निवासी भठगांव जिला सोनीपत के रहने वाले है। पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने सीआईए-1 स्टाफ टीम भठगांव की सीमा में मौजूद थी कि इन्हें सूत्रों से पता चला कि भठगांव स्थित खेतों में बने कोठे में बड़ी मात्रा में गांजापत्ती रखी हुई है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपियों को धरदबोचा। तलाशी लेने पर इनके कब्जे से 79 किलो 300 ग्राम मिला अवैध गांजा पत्ती मिली। आरोपियों के विरुद्ध थाना सदर सोनीपत में मामला दर्ज किया। आरोपियों ने बताया कि अवैध गांजापत्ती को 4 लाख 50 हजार रुपये में उड़ीसा से खरीदकर लाया था।

गलतफहमी का शिकार न हों किसान, एमएसपी नहीं होगी खत्म

सुरेंद्र इंदौरा। रेवाड़ी

राव तुलाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पत्रकारों से बोले केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत

हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर राव तुलाराम पार्क रेवाड़ी में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि किसानों को कृषि अध्यादेशों को लेकर गलतफहमी का शिकार होने की जरूरत नहीं है। कृषि अध्यादेशों को किसानों को लाभ ही होगा। एमएसपी समाप्त नहीं होगी। वह बुधवार को शहीदी दिवस पर 1857 के महान शहीद राव तुलाराम व अन्य शहीदों को नमन करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कृषि अध्यादेशों को लेकर कुछ लोग किसानों को गुमराह कर रहे हैं, जिसके चलते हरियाणा में आंदोलन चल रहा है, लेकिन जो भी अध्यादेश जारी किया है उस से किसानों को लाभ होगा। हम अपने स्तर पर किसानों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी तौर पर एमएसपी को खत्म नहीं किया जाएगा, जो लोग गलतफहमी का शिकार हो रहे हैं उन्हें भी जल्द ही समझा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे 23 सितंबर को हमेशा ही कुछ न कुछ कार्यक्रम करते आए हैं, लेकिन पिछले छह महीनों से कोविड-19 को प्रकोप चल रहा है और वह नहीं चाहते कि एक दूसरे के संपर्क में आने से लोग संक्रमित हो जाए। उन्होंने कहा कि शहीद किसी एक जाति विशेष के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। हमें इनकी कुर्बानियों एवं बलिदानों से प्रेरणा लेते हुए देश सेवा करनी चाहिए।

केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा प्राचीन समय से ही योद्धाओं, देशभक्तों और रणबांकुरों की धरती रही है। हरियाणा का इतिहास शहीदों एवं वीरों की शौर्य और वीरता से भरा हुआ है। यदि इस प्रदेश की सैन्य परंपरा पर नजर डाली जाए तो पता चलता है कि आजादी से पहले के युद्धों के अतिरिक्त देश की आजादी के बाद के युद्धों में इस छोटे से प्रदेश के वीरों की वीरता की कहानी अवर्णनीय है। वह आज शहीदी दिवस पर ऐसे सभी शहीदों को भी नमन करते हैं। सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहीदों को नमन किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने भी रेवाड़ी में पहुंचकर शहीद राव तुलाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि शहीद हमारे लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त राहुल हुड्डा, एसडीएम रेवाड़ी रविन्द्र यादव, पूर्व मंत्री जसवंत सिंह, सुनील यादव, पूर्व संयुक्त निदेशक एसके जोशी, पूर्व कर्मचारी चयन के सदस्य प्रो. हंसराज, राघवेन्द्र सिंह, राव इन्द्रजीत सिंह के निजी सचिव रवि यादव, पार्षद मुकेश जाहिदपुर, अहीर कालेज के प्राचार्य इंद्रजीत सिंह आदि गणमान्य लोगों ने भी शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा आज कांग्रेस नेता राव अर्जुन सिंह, कांग्रेस प्रवक्ता वेद प्रकाश विद्रोही, के अलावा अन्य नेताओं व सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों ने भी शहीदों को नमन किया।

पिछले साढ़े तीन महीनों से सड़क पर आए बर्खास्त पीटीआई ने राव इंद्रजीत सिंह से मुलाकात कर उन्हें सभी 1983 अध्यापकों को बहाल कराने की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा। पीटीआई संगठन ने राव इंद्रजीत सिंह से कहा कि वैसे तो मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने उन्हें एक आ1टूबर तक का समय दिया हुआ है

20 लाख की लागत से निर्मित होगा शहीद स्मारक

संगठन की मांग पर पार्क का नाम रखा स्वतंत्रता सेनानी मैमोरियल पार्क : जैन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

शहीद स्मारक में पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपा नेता राजीव जैन व जिला सैनिक बोर्ड के सचिव डीपीएस बद्धवार।

शहीदी दिवस के मौके पर वीर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी मैमोरियल पार्क में अति शीघ्र शहीद स्मारक की स्थापना का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। इसके लिए पूर्व मंत्री कविता जैन द्वारा स्वैच्छिक कोष से स्वीकृत 20 लाख रुपये की राशि मंजूर हो चुकी है। इस लागत से यहां स्मारक का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

भाजपा नेता राजीव जैन ने बुधवार को लघु सचिवालय के निकट स्थित शहीद स्मारक में पहुंचकर पुष्प हार एवं पुष्पांजलि अर्पित की। शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि शहीदों की कुर्बानियों की बदौलत ही हमें आज स्वच्छ हवा में श्वांस ले रहे हैं। हम अपने शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के सदैव ऋणी रहेंगे। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज शहीदी दिवस है जो हमारे लिए गौरवमयी अवसर है। हरियाणा के शहीदों की याद में यह दिवस मनाया जाता है। भारतमाता को गुलामी की बेड़ियों से मुक्ति दिलाने के लिए प्रदेश के वीरों ने बढ़-चढ़कर अपने प्राणों का बलिदान दिया है। हरियाणा के शहीदों व सेनानियों का योगदान अविस्मरणीय है।

जैन ने इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी मैमोरियल पार्क का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी संगठन की मांग पर पार्क का नामकरण स्वतंत्रता सेनानी के रूप में किया गया है। संगठन की मांग पर ही यहां शहीद स्मारक की स्थापना की जाएगी, जिसके लिए तत्कालीन शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन ने घोषणा की थी। पूर्व मंत्री द्वारा की गई घोषणा को पूरा करने के लिए बीस लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। पूर्व मंत्री ने अपने स्वैच्छिक कोष से यह राशि आवंटित प्रदान कराई है। जैन ने कहा कि कोविड-19 कोरोना वायरस के चलते यह निर्माण कार्य रोका गया था। अब अनलॉक की प्रक्रिया में इस प्रकार के कार्यों को प्रारंभ करने की अनुमति मिली है। ऐसे में जल्द ही स्मारक का निर्माण कार्य शुरु कराया जाएगा। जैन ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को भी प्रोत्साहित किया कि वे अपने शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को सदैव स्मरण रखें। ईश्वर शर्मा, शमशेर, सेठा प्रजापत, मोहम्मद इरशाद, सतपाल कौशिक, सतबीर प्रधान, संदीप शर्मा, नरेश वर्मा, हरिराम पांचाल, शकील खान, रघबीर डाबला, गोपाल अग्रवाल, रविंद्र कौशिक, मंगल सैन और सुभाषचंद्र आदि मौजूद थे।

स्वच्छता अभियान चला कर मनाया सेवा सप्ताह

गोशाला में सफाई करतीं समिति की पदाधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

सेवा सप्ताह के तहत नरेंद्र मोदी विकास मिशन कुरुक्षेत्र महिला समिति के सदस्यों ने पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया।

समिति की हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मीना गर्ग के मार्ग दर्शन में जिलाध्यक्ष सुनीता रानी ने अपनी टीम सहित गोशाला बाजार महादेव मंदिर में गाय को 10 किलो गुड और 5 क्विंटल हरा चारा भी खिलाया। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास के क्षेत्र में हमेशा सफाई रखनी चाहिए। जिलाध्यक्ष सुनीता रानी ने बताया कि पीएम ने स्वच्छता की अलख जन-जन के अंदर जगाई है।

आम आदमी पार्टी आज मनाएगी काला दिवस

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

आम आदमी पार्टी द्वारा 24 सितम्बर को लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी पार्टी के युवा नेता सुमित गर्ग ने दी।

उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा किसान विरोधी तीन अध्यादेशों को लागू किया है, जिसके विरोध में पार्टी द्वारा 24 सितम्बर को काला दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। इस काला दिवस को मनाते हुए कार्यकर्ताओं द्वारा रोष प्रदर्शन किया जाएगा। उनके मुताबिक प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता सुबह 11 बजे लघु सचिवालय पहुंचेंगे और फिर जोरदार नारेबाजी कर तीनों अध्यादेशों का विरोध किया जाएगा।

कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में चलाया स्वच्छता अभियान

कुरुक्षेत्र। स्वच्छ भारत पखवाड़ा के तहत कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में विशेष रूप से सफाई अभियान चलाया गया हैं। केन्द्र के परियोजना समन्वयक केएस नेहरू ने कर्मचारियों को कोविड-19 के दृष्टिगत अपने आस-पास के परिवेश, घर, कार्यालय आदि सभी स्थानों पर विशेष रूप से स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया। केन्द्र में विभिन्न स्थानों पर सैनिटाइजेशन कराया जा रहा है और साथ ही विज्ञान उद्यान, हर्बल उद्यान आदि की सफाई करवाई जा रही है। जिसमें केन्द्र के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छता जैसे विषय पर जागरुकता फैलाने में सारे समाज को एक साथ मिलकर प्रयास करना चाहिए। हमें अपने घरों में प्लास्टिक बोतल, बैग आदि चीजों को हटाना चाहिए। केन्द्र के शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार दास ने बताया कि न केवल घर तथा कार्यालय या आस-पास के परिवेश की स्वच्छता अनिवार्य है, बल्कि शारीरिक, आंतरिक एवं आत्मिक स्वच्छता भी उतनी ही अनिवार्य हैं।

कोरोना से सावधानी बेहद जरूरी : उपायुक्त

अब तक 19604 लोगों के मास्क न पहनने पर किए गए हैं चालान : एसपी

सोनीपत। डीसी श्याम लाल पूनिया ने कोविड-19 कोरोना वायरस को लेकर नियंत्रित स्थिति पर राहत महसूस करते हुए लोगों के लापरवाह रवैये पर चिंता भी जताई। उन्होंने कहा कि नियमों की अवहेलना करना हानिकारक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने लोगों को पूर्ण सावधानी बरतने के साथ मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग की पूर्ण अनुपालना के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि कोरोना की रोकथाम के लिए टेस्टिंग दोगुनी की गई है, ताकि फैलाव पर लगाम लगाई जा सके। इसके अच्छे नतीजे मिले हैं।

डीसी पूनिया बुधवार को लघु सचिवालय में पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षेत्र तथा औद्योगिक क्षेत्रों व कुछ विशेष ग्रामीण क्षेत्रों में हाल के दिनों में कोरोना संक्रमण के मामले पाए गए हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में जांच को भी विस्तार दिया गया है। कोरोना के मामले बढने के साथ ही अपेक्षित जन सहयोग भी बढ़ गया है। लोगों को अनिवार्य रूप से घर से निकलते समय मास्क पहनना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर सोशल डिस्टेंसिंग की अनुपालना करनी चाहिए। इससे मृत्युदर में भी कमी लाई जा सकती है। लोगों को नियमित रूप से अपने शरीर के ऑक्सीजन स्तर की जांच करवानी चाहिए। यदि किसी व्यक्ति में कोरोना के लक्षण पाये जाते हैं तो उसे तुरंत प्रभाव से चिकित्सक से जांच करानी चाहिए।

डीसी ने कहा कि 1300 आंगनबाड़ी वर्करों को ऑक्सिमीटर दिए गए हैं, जिनके माध्यम से घर-घर जाकर लोगों के ऑक्सीजन स्तर की जांच करवाई जाएगी। उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि वे कोरोना के फैलाव को रोकने में मदद करें। स्वास्थ्य विभाग की 23 मेडिकल टीमें कोरोना की जांच कर रही है।

विलग्रो ने आईपिच के चौथे संस्करण की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

सोशल स्टार्ट-अप डिस्कवरी प्लेटफॉर्म द्वारा दिल्ली-एनसीआर के सामाजिक उद्यमियों को आवेदन का आमंत्रण

दिल्ली-एनसीआर एवं देश के अन्य हिस्सों में सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयास में देश के अग्रणी इन्क्यूबेटर्स में से एक विलग्रो ने अपने सालाना सोशल स्टार्ट-अप डिस्कवरी प्लेटफॉर्म आईपिच के चौथे संस्करण की घोषणा की है। आईपिच 2020 देश के शीर्ष पायदान के इन्क्यूबेटर्स एवं निवेशकों को भारत के सबसे आधुनिक एवं प्रभावी स्टार्ट-अप्स के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सामाजिक उद्यमी एकमात्र आवेदन फॉर्म के जरिए वित्तपोषण, इन्क्यूबेशन एवं मेंटरशिप के लिए इस प्लेटफॉर्म से लाभान्वित होंगे। आईपिच के फंडिंग पार्टनर, विभिन्न सेक्टरों जैसे कृषि, आजीविका, नौकरी सृजन, स्वास्थ्य सेवा एवं स्वच्छ उर्जा आदि में प्रोटोटाइप से लेकर राजस्व अवस्थाओं तक में निवेश करेंगे। इस साल आईपिच महिला उद्यमियों की पहचान एवं उन्हें फंड उपलब्ध कराने पर ध्यान केन्द्रित करेगा। चुने गए हर उद्यम को विभिन्न वित्तीय उपकरणों जैसे अनुदान, इक्विटी और ऋण के रूप में 2 करोड़ रु तक के ऋण समाधान या वित्तपोषण उपलब्ध होंगे। इस साल आईपिच के फंडिंग पार्टनर हैं- उपाय सोशल वेंचर्स, बियॉन्ड कैपिटल फंड, टरविलिजर सेंटर फॉर इनोवेशन इन शेल्टर: हेबिटेट फॉर ह्युमेनिटी, शैल फाउन्डेशन और कैस्पियन डेब्ट। आवेदन की अंतिम दिनांक 30 सितंबर है।

इस पहल के बारे में बात करते हुए श्रीनिवास रामानुजन, सीईओ, विलग्रो इनोवेशन्स फाउन्डेशन ने कहा, कोविड-19 और देश में आर्थिक मंदी के परिणामस्वरूप, हम एक मुष्किल दौर से गुजर रहे हैं। अब देश को पहले से अधिक सामाजिक उद्यमियों की आवश्यकता है, जो अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए स्थायी एवं प्रत्यास्थ समाधान ला सकें। साथ ही, इन स्टार्ट-अप्स को तेजी से विकसित होने के लिए मार्गदर्शन और पूंजी की भी जरूरत होती है। विलग्रो में हम हमेशा से ऐसे स्टार्ट-अप्स को सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं, जो सामाजिक समस्याओं को हल करने के लिए आधुनिक, प्रभावी एवं बड़े पैमाने के समाधान प्रस्तुत कर सकें। आने वाले समय में भी हम आईपिच जैसे प्लेटफॉर्म्स के जरिए उन्हें सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

पिछले तीन सालों में आईपिच को 3400 से अधिक आवेदन मिले हैं, यह मंच 23 स्टार्ट-अप्स को वित्तपोषण प्रदान कर चुका है और इसने तकरीबन रुपये 7.44 करोड़ की फंडिंग उपलब्ध कराई है।

हाल ही में टीआईई की रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को 'भारत के सबसे बड़े स्टार्ट-अप इकोसिस्टम' का दर्जा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में दिल्ली-एनसीआर में 7000 से अधिक स्टार्ट-अप्स हैं, बैंगलुरू और मुंबई की तुलना में इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में 'यूनिकॉर्न' भी विकसित हुए हैं। आवेदन के लिए विज़िट करें: https://www.villgro.org/ipitch

प्रेरणा

पायनियर हरियाणा हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

शोहरत को पचाने के लिए, क्या नशा जरूरी है साहब,
बड़ा बनने के लिए, ऐसा करना, क्या मजबूरी है साहब,
जो नशा करते हैं, वो बुजदिल होते हैं, हीरो नहीं होते,
आने वाली पीढ़ियों को ये समझाना बहुत जरूरी है साहब।

छठी पीढ़ी के विमान बनाने के मामले में अमेरिका से पीछे है चीन : रिपोर्ट

के जेएम वर्मा। बीजिंग

चीन विमानों के उन्नयन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है लेकिन चीन के नई पीढ़ी के विमान मुख्य रूप से रूसी इंजनों पर निर्भर है

नई पीढ़ी के युद्धक विमान डिजाइन करने और उनका उत्पादन करने के मामले में अमेरिका की बराबरी करने की कोशिश कर रहा चीन छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने के मामले में अमेरिकी वायुसेना से कई वर्ष पीछे है।

समाचार पत्र साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बुधवार को कहा कि छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान के मामले में अमेरिका दुनिया में सबसे आगे है और अमेरिकी वायुसेना ने कहा है कि उसने एक ऐसा नमूना उड़ाया है, जो मील का पत्थर है और चीन को इसे हासिल करने में अभी कई वर्ष लगेंगे। अमेरिका के पास पांचवीं पीढ़ी के दो विमान है: लॉकहीड मार्टिन एफ-22 और एफ-25। हालांकि चीन विमान के इंजन बनाने के मामले में काफी पीछे है, लेकिन उसने रडार की पकड़ में न आने वाले विमान के साथ ही चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-20 समेत नई पीढ़ी के कई लड़ाकू विमान बनाए हैं।

उसके उन्नत विमानों में जे-15 के अलावा सुखोई-27, सुखोई-30केके और सुखोई-35एस समेत रूस के सुखोई विमान शामिल हैं। चीन के पास अभी एक विमान वाहक पोत लियाओनिंग है। इसके अलावा देश में बने एक विमान वाहक शानदोंग का परीक्षण चल रहा है और तीसरे विमान वाहक का निर्माण किया जा रहा है। आधिकारिक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन छह विमान वाहक पोत बनाना चाहता है। हालांकि चीन विमानों के उन्नयन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, लेकिन चीन के नई पीढ़ी के विमान मुख्य रूप से रूसी इंजनों पर निर्भर हैं। चीन के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान चेंगदु जे-20 को 2017 में सेवा में शामिल किया गया था।

जी-20 का निर्माण करने वाले चेंगदु एयरक्राफ्ट इंडस्ट्री गुप के चीफ डिजाइनकर वांग हैफेंग ने पुष्टि की है कि चीन ने अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान पर काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि 2035 में या इससे पहले आप इन प्रयासों को शक्तिशाली हथियारों में बदलते देखेंगे, जो हमारे वायु क्षेत्र की रक्षा करेंगे।

भारतीय अर्थव्यवस्था में 5.9 प्रतिशत की कमी का अनुमान : संरा

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी के प्रकोप के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था में 2020 के दौरान 5.9 प्रतिशत की कमी आने का अनुमान है और चेतावनी दी गई कि वृद्धि अगले साल भी पटरी पर लौट सकती है, लेकिन संकुचन के चलते स्थाई रूप से आय में कमी होने की आशंका है। अंकटाड की व्यापार एवं विकास रिपोर्ट 2020 में मंगलवार को कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गहरी मंदी का सामना कर रही है और महामारी पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (अंकटाड) की इस रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि इस साल वैश्विक अर्थव्यवस्था में 4.3 प्रतिशत की कमी होगी।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत और अमेरिका के साझे हित हैं : बाइडेन

बोले, भारत और अमेरिका बेहतर भविष्य के लिए क्षेत्र को निश्चित ही आकार दे सकते हैं

ललित के झा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने कहा कि नियम-कायदे वाले हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत एवं अमेरिका के मजबूत साझे हित हैं, जहां चीन समेत कोई भी किसी को धमकाए नहीं।

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका बेहतर भविष्य के लिए क्षेत्र को निश्चित ही आकार दे सकते हैं। बाइडेन ने चुनाव प्रचार के लिए चंदा एकत्र करने के मकसद से भारतीय अमेरिकियों के लिए आयोजित एक डिजिटल कार्यक्रम में कहा, नियम-कायदे वाले ऐसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और भारत के मजबूत साझे हित हैं, जहां चीन समेत कोई भी देश अपने पड़ोसियों को डराता-धमकाता नहीं हो। इस कार्यक्रम में 268 लोग शामिल हुए। बाइडेन ने आरोप लगाया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीन के लिए ऐसे समय में जगह बना रहे हैं, जब वह हिंद प्रशांत में अपने पड़ोसियों और अमेरिकी नेतृत्व को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने पूर्व सर्जन डॉ. विवेक मूर्ति के साथ संवाद के दौरान कहा, हम बेहतर भविष्य के लिए हिंद-प्रशांत की व्यवस्था को निश्चित ही आकार दे सकते हैं। हम इसे दुरुस्त कर सकते हैं। यह चुनाव हमारा भविष्य तय करेगा।

बाइडेन ने पहले अमेरिकी सांसद और फिर देश के उपराष्ट्रपति के रूप में भारत के साथ अपने पुराने संबंधों एवं कई दशकों में किए अपने कार्य का जिक्र करते हुए कहा कि उनका प्रशासन दोनों देशों के संबंधों को महत्व देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, यह तस्वीर खिंचाने या हाथ मिलाने का अवसर खोजने का समय नहीं, बल्कि चीजें करके दिखाने की बात है। बाइडेन ने कहा कि उन्होंने 15 साल पहले रिपब्लिकन पार्टी के सांसद रिचर्ड लुगर के साथ सीनेट विदेश संबंध समिति का नेतृत्व किया था और ऐतिहासिक भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते को मंजूरी दी था।

दो बड़े देश निकट मित्र बनेंगे तो दुनिया अधिक सुरक्षित होगी

उन्होंने कहा, मैंने कहा था कि भारत और अमेरिका जब निकट मित्र बनेंगे, तो दुनिया अधिक सुरक्षित होगी। उपराष्ट्रपति के रूप में सात साल पहले मैंने मुंबई में एक कारोबारी से कहा था कि अमेरिका और भारत की साझीदारी 21वीं सदी में महत्वपूर्ण संबंध साबित होगी। बाइडेन ने कहा, मैं यह अब नहीं कह रहा, मैंने तब यह कहा था और मैं वाकई ऐसा ही मानता हूं। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति के तौर पर भी भरोसा करना जारी रखेंगे। पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि ऐसा हो। बाइडेन ने कहा कि वह क्षेत्र में आतंकवाद के खिलाफ भारतीयों के साथ खड़े रहने, भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने, दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक स्वास्थ्य जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने की बात लंबे समय से करते आए हैं।

तुर्की के राष्ट्रपति की जम्मू-कश्मीर पर की गई टिप्पणियां पूर्णत : अस्वीकार्य : भारत

योशिता सिंह। संयुक्त राष्ट्र

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय चर्चा में जम्मू-कश्मीर पर की गई तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन की टिप्पणियों को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि अंकारा को दूसरे देशों की सम्प्रभुता का सम्मान करना चाहिए और अपनी खुद की नीतियों पर गहराई से विचार करना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने मंगलवार को ट्वीट किया, हमनें भारत के केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पर तुर्की के राष्ट्रपति की टिप्पणियां सुनी। वे भारत के आंतरिक मामलों में व्यापक हस्तक्षेप करने वाली हैं और यह पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। तुर्की को अन्य देशों की सम्प्रभुता का सम्मान करना चाहिए और अपनी खुद की नीतियों पर गहराई से विचार करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र में आम चर्चा में अपने रिकॉर्डेड संदेश में एर्दोआन ने जम्मू-कश्मीर का जिक्र करते हुए कहा था कि कश्मीर का मुद्दा, जो दक्षिण एशिया की स्थिरता और शांति के लिए भी महत्वपूर्ण है, वह अब भी एक ज्वलंत मुद्दा है। जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा वापस लेने के लिए उठाए गए कदमों ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है।

उन्होंने कहा कि तुर्की संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के मसौदों के तहत और विशेष रूप से कश्मीर के लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप, बातचीत के जरिए इस मामले को हल करने के पक्ष में हैं। पाकिस्तान के करीबी सहयोगी तुर्की के राष्ट्रपति ने पिछले साल महा सभा कक्ष में उच्च स्तरीय चर्चा में भी कश्मीर का मुद्दा उठाया था। भारत कश्मीर मामले पर तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को लगातार खारिज करता रहा है और उसका कहना है कि भारत-पाकिस्तान संबंधों से जुड़े सभी लंबित मामले द्विपक्षीय रूप से हल किए जाने चाहिए।

शेयरचैट ने ईसॉप पूल में 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर दिए

नई दिल्ली। भारतीय सोशल मीडिया मंच शेयरचैट ने बुधवार को कहा कि उसने अपने कर्मचारियों को पुरस्कृत करने के लिए ईसॉप (कर्मचारी शेयर विकल्प) पूल में 1.4 करोड़ अमरीकी डॉलर देकर इसे 3.5 करोड़ डॉलर तक बढ़ाया है।

इसके साथ ही कंपनी ने ईसॉप रखने वाले अपने मौजूदा कर्मचारियों को 50 प्रतिशत बोनस देने की घोषणा भी की है। कंपनी ने एक बयान में कहा, ईसॉप योजना को वेतनमान वाले प्रत्यक कर्मचारी के लिए बढ़ाया गया है, जिसमें प्रशासनिक कर्मचारी भी शामिल हैं। शेयरचैट और हाल ही में लॉन्च किए गए शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म मौज, दोनों में जोरदार वृद्धि हासिल करने में उनकी कड़ी मेहनत को मान्यता देने के लिए यह निर्णय लिया गया। बयान के मुताबिक यह योजना मौजूदा कर्मचारियों पर लागू होगी, जो 30 जून 2020 तक कंपनी के वेतनमान पर थे। इस समय शेयरचैट में 400 से अधिक कर्मचारी हैं।

पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ सतत और अपरिवर्तनीय कार्रवाई करनी चाहिए : अमेरिकी सांसद

वाशिंगटन। पाकिस्तान में अमेरिका के अगले राजदूत बनने के लिए नामित अमेरिकी राजनयिक विलियम टॉड ने कहा कि पाकिस्तान को अतांकवाद के खिलाफ सतत और अपरिवर्तनीय कार्रवाई करनी चाहिए और साथ ही यह दिखाने की जरूरत है कि वह जनसंहार के हथियारों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के अनुरूप चलने को तैयार है।

टॉड ने मंगलवार को पद की मंजूरी के लिए अमेरिकी सीनेट की विदेशी संबंधों की समिति की सुनवाई में कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि भारत और पाकिस्तान तनाव कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टॉड को पाकिस्तान में अमेरिका का अगला राजदूत नामित किया है। टॉड ने साथ ही कहा कि अफगानिस्तान में शांति दोनों देशों के हित में हैं और इसे हासिल करने के लिए अमेरिका और पाकिस्तान का प्रभावी सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा, क्षेत्रीय आयामों के संदर्भ में, हालांकि, भारत के साथ हमारे मजबूत संबंध हैं, लेकिन यह पाकिस्तान की कीमत पर नहीं बनने चाहिए। मेरा मानना है कि सही परिस्थितियों में, हम दोनों देशों के साथ मजबूत संबंध रख सकते हैं।

उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि दोनों देश तनाव कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे और जैसा राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रस्ताव दिया था हम दोनों पक्षों के निवेदन पर वार्ता का इंतजाम करने को तैयार हैं। टॉड ने कहा, क्षेत्रीय तनाव को कम करने और अमेरिका के साथ एक बार फिर मजबूत संबंध स्थापित करने के लिए पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ सतत और अपरिवर्तनीय कार्वाई करने चाहिए। टॉड ने सांसदों से कहा, पाकिस्तान को यह दिखाने की जरूरत है कि वह जन संहार के हथियारों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के अनुरूप चलने को तैयार है। टॉड ने कहा, पाकिस्तान के लिए क्षेत्र में नई और बेहतर भूमिका निभाने का यह एक मौका है और मेरे इस पद के लिए चुने जाने पर यह मेरी प्राथमिकता होगी।

3,000 आईटी पेशेवरों को रोजगार दिया

बोले पश्चिम बंगाल के वित्तमंत्री, कर्मभूमि पहल के तहत की नौकरी की पोशकश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के वित्त और आईटी मंत्री अमित मित्रा ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से राज्य में वापस आए 3,000 आईटी पेशेवरों को कर्मभूमि पहल के तहत नौकरी की पेशकश की गई है।

उन्होंने बताया कि आठ जून को शुरू किए गए रोगजार पोर्टल पर लगभग 37,000 पंजीकरण किए गए, जबकि उसमें से 24,000 से अधिक पर कार्वाई की जा चुकी है। कर्मभूमि आईटी और आईटीईएस क्षेत्र में नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के बीच सहयोग करने के लिए राज्य सरकार की एक पहल है।

उन्होंने बताया कि यह पहल महामारी के दौरान दूसरे राज्यों से पश्चिम बंगाल में लौटकर आए कौशल युक्त कामगारों के लिए शुरू की गई थी। मित्रा ने सीआईआई द्वारा आयोजित एक वेब संगोष्ठी में कहा, इस योजना की शुरुआत से अभी तक तीन महीने में 3,000 आईटी पेशेवरों को नौकरी के लिए चुना गया है। उन्होंने आईटी उद्योग से राज्य के टीयर-2 और टियर-3 शहरों में आईटी पार्क बनाने का आग्रह भी किया।

ट्रंप सुप्रीम कोर्ट के लिए उम्मीदवार के नाम की घोषणा शनिवार को करेंगे

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश रूथ बदेर गिन्सबर्ग के निधन के बाद रिक्त हुए पद के लिए शनिवार शाम को उम्मीदवार के नाम की घोषणा करेंगे।

ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, मैं इस पर अंतिम निर्णय लेने के बेहद करीब, काफी करीब हूं। मुझे लगता है कि मैं 26 सितंबर को पांच बजे संवाददाता सम्मेलन करूंगा। इससे एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि वह इस पद के लिए किसी महिला का चयन करेंगे। पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में उन्होंने समर्थकों से कहा था कि उन्होंने जिन पांच महिलाओं का साक्षात्कार लिया है।

मलेशिया में विपक्षी नेता अनवर ने सरकार गठन के लिए बहुमत होने का दावा किया

कुआलालंपुर। मलेशिया में विपक्ष के नेता अनवर इब्राहिम ने बुधवार को दावा किया कि उन्होंने मजबूत एवं स्थिर नई सरकार गठन के लिए संसद में बहुमत के लिए जरूरी संख्या हासिल कर ली है।

अनवर ने कहा कि उन्हें मलेशिया के सुल्तान से मुलाकात की अनुमति मिल गई थी, लेकिन यह बैठक स्थगित हो गई, क्योंकि उपचार के लिए सुल्तान अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि वह तब तक विस्तृत जानकारी का खुलासा नहीं करेंगे, जब तक सुल्तान से उनकी मुलाकात नहीं हो जाती। अनवर ने कहा, हमारे पास मजबूत और स्पष्ट बहुमत है। मैं चार, पांच या छह की बात नहीं कर रहा... बल्कि इससे कहीं अधिक संख्या की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि यह पीछे के दरवाजे से बनी सरकार नहीं होगी, बल्कि यह उस गठबंधन को फिर से सत्ता में लाएगी, जिसे 2018 में चुना गया था और जो सरकार प्रधानमंत्री मोहिउद्दीन यासिन द्वारा अपनी पार्टी को गठबंधन से अलग कर लेने के कारण गिर गई थी। मार्च में यासिन ने सरकार गठन के लिए भ्रष्टाचार में लिप्त विपक्षी दलों के साथ हाथ मिला लिया था।

अमेरिका के पास सबसे शक्तिशाली हथियार हैं : ट्रंप

ट्रंप ने उम्मीद जताई कि उन्हें कभी इनका इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनके देश के पास ऐसे सबसे शक्तिशाली हथियार हैं, जो पहले कभी किसी ने नहीं बनाए हैं और इनके कारण दुनिया अमेरिका से ईर्ष्या करती है।

ट्रंप ने उम्मीद जताई कि उन्हें कभी इनका इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि उन्होंने अमेरिका को अंतहीन, हास्यास्पद और मूर्खतापूर्ण विदेशी युद्धों से दूर रखने का संकल्प लिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नेताओं ने अन्य देशों के पुनर्निर्माण, उनके अंतहीन युद्धों और उनकी सीमाओं की रक्षा करने में हजारों अरब डॉलर खर्च कर दिए। उन्होंने कहा, अंतहीन युद्ध के बजाय, हम पश्चिम एशिया में शांति कायम करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बहुत अच्छी बात है। उन्होंने मंगलवार रात को पेन्सिलवेनिया में चुनावी रैली में कहा, हम उन आतंकवादियों को मार गिराएंगे, जो हमारे नागरिकों को डराते हैं और हम अमेरिका को अंतहीन, हास्यास्पद, मूर्खतापूर्ण विदेशी युद्धों से दूर रखेंगे।

ट्रंप ने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारे पास ऐसे सबसे शक्तिशाली हथियार हैं, जो हमने पहले कभी नहीं बनाए और अन्य देश यह बात जानते हैं। यह अच्छी बात है कि अन्य देश यह बात जानते हैं। मुझे नहीं लगता कि हम कभी उनका इस्तेमाल करेंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि उनका इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा कहकर, वह कोई खुफिया जानकारी लीक नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अमेरिकी सेना का पुनर्निर्माण किया है। ट्रंप ने कह, हमारे पास दुनिया के इतिहास के सबसे शक्तिशाली हथियार हैं और हमने बहुत कम समय में ऐसा किया है। ये हथियार इतने शक्तिशाली हैं कि इस मामले में पूरी दुनिया हमसे ईर्ष्या करती है।

बोले ट्रंप, यह चीनी वायरस है न कि कोरोना वायरस जो सुनने में इटली का कोई खूबसूरत स्थान जान पड़ता है

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोविड-19 महामारी नहीं रोक पाने के लिए एक बार फिर चीन पर हमला बोला और इसे चीनी वायरस कहा, साथ ही अपने समर्थकों से अपील की कि वे इसे कोरोना वायरस न बोलें क्योंकि यह नाम सुनने में इटली में कोई खूबसूरत स्थान जैसा लगता है।

पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने अपने समर्थकों से मंगलवार को कहा कि अगर वह दोबारा निर्वाचित होते हैं तो अगले चार वर्ष में उनका प्रशासन अमेरिका को उत्पादन के क्षेत्र में दुनिया की महाशक्ति बना देगा और अमेरिका की चीन पर निर्भरता हमेशा के लिए खत्म कर देगा। उन्होंने तीन नवंबर को होने वाले चुनाव को आर्थिक अस्तित्व का मुद्दा करार देते हुए कहा कि महामारी से पहले अमेरिका आर्थिक स्तर पर अच्छा कर रहा था। उन्होंने कहा, आपका पिछला साल काफी अच्छा रहा था और आप अपने रास्ते पर सही जा रहे थे-चीन ने जो किया उससे मैं बेहद दुखी हूं। उन्होंने महामारी को फैलने दिया। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। हमने दुनिया के इतिहास में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश का निर्माण किया और अब भी हम ऐसा कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा, यह चीनी वायरस है। यह कोरोना वायरस नहीं है। कोरोना सुनने में लगता है कि इटली का कोई स्थान हो-एक खूबसूरत स्थान। कोरोना,नहीं ? यह चीनी वायरस है। वे यह नहीं कहना चाहते हैं। आप जानते हैं कि अतिवादी वामपंथी इसे नहीं कहना चाहते हैं।

संक्षिप्त समाचार

बायोकॉन ने अनुपम जिंदल को मुख्य वित्तीय अधिकारी बनाया

बेंगलुरु। बायो फार्मास्युटिकल कंपनी बायोकॉन लिमिटेड ने अनुपम जिंदल को अपना नया मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की है। कंपनी ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। जिंदल बायोकॉन से जुड़ने से पहले वेदांत समूह की कंपनियों के साथ 22 वर्षों तक काम कर चुके हैं और उन्होंने स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड में समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी का पद संभाला।

भारत बायोटेक ने वाशिंगटन विवि के साथ समझौता किया

हैदराबाद। भारत बायोटेक ने बुधवार को सेंट लुइस में वाशिंगटन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिसिन के साथ कोविड-19 की एकल खुराक वैक्सीन- चिंप एडीनोवायरस (चिंपांजी एडीनोवायरस) के लिए एक लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारत बायोटेक द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक कंपनी के पास अमेरिका, जापान और यूरोप को छोड़कर अन्य सभी बाजारों में वैक्सीन के वितरण का अधिकार होगा। कंपनी ने बताया कि इस वैक्सीन के पहले चरण का परीक्षण सेंट लुइस विश्वविद्यालय की इकाई में होगा, जबकि नियामक मंजूरियां हासिल करने के बाद भारत बायोटेक अन्य चरणों का परीक्षण भारत में भी करेगी।

देहरादून हवाई अड्डे का पहला चरण अगले माह पूरा होगा

मुंबई। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने बुधवार को कहा कि उसके द्वारा संचालित देहरादून हवाई अड्डे के उन्नयन का पहला चरण अगले महीने तक पूरा होने की उम्मीद है, जिसमें एक नए घरेलू टर्मिनल भवन का निर्माण शामिल है। एएआई की विज्ञप्ति के अनुसार हवाई अड्डे की अधिकतम यात्री क्षमता को आठ गुनाकर एक वक्त में 1,800 यात्री तक करने के लिए वह 353 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। एएआई ने कहा कि पहले चरण के विकास कार्यों में टर्मिनल भवन के निर्माण के साथ उपयोगिता ब्लॉक, कार पार्किंग, सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्र, वर्षा जल संचयन संरचना और अन्य सहायक सुविधाओं का विकास शामिल है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पहले चरण का लगभग 80 फीसदी विकास कार्य पूरा हो चुका है और अक्टूबर तक परियोजना के तैयार होने की उम्मीद है।

सरकार ने तरल ऑक्सीजन ले जाने के लिए मंजूरी दी

नई दिल्ली। कोविड-19 महामारी के बीच सरकार ने पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) से कहा है कि वह हितधारकों को टैंक कंटेनरों में थोक में तरल ऑक्सीजन ले जाने की इजाजत सकता है। इस संबंध में बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक पीईएसओ ने हितधारकों को आईएसओ टैंक कंटेनरों में तरल ऑक्सीजन के परिवहन के लिए आवदेन करने के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली तैयार की है। इन कंटेनरों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार किया जाता है और इन्हें थोक में तरल पदार्थ ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। एक टैंक 20 मीट्रिक टन तरल ऑक्सीजन ले जा सकता है। बयान में कहा गया है कि महामारी के कारण कई स्थानों पर अल्प सूचना पर पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचाने की जरूरत महसूस की जा रही है। बयान में कहा गया कि ऐसे में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने ऑक्सीजन की आवाजाही के लिए टैंक कंटेनरों के इस्तेमाल की इजाजत देने के लिए पीईएसओ को अनुमति दी है। बयान के मुताबिक मौजूदा हालात को देखते हुए फिलहाल यह अनुमति एक साल के लिए है। इस फैसले से देश के विभिन्न हिस्सों में ऑक्सीजन की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी।

बीजिंग में दो दशक बाद दिखे लुप्तप्राय तेंदुए

बीजिंग। विलुप्त होने की कगार पर पहुंचे नॉर्थ चाइना उप प्रजाति के तेंदुओं को बीजिंग के निकट उनके पारंपरिक पर्वतीय वास में करीब दो दशक बाद फिर से देखा गया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट में बताया गया है कि क्षेत्र के पर्यावरण में सुधार के बाद इन तेंदुओं की संख्या बढ़ी है। इन्हें चीनी तेंदुए ने नाम से भी जाना जाता है। चीन में इन्हें राष्ट्रीय प्रथम श्रेणी के संरक्षित जीव के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पहले ये तेंदुए हेबेई और शांक्सी तथा उत्तर चीन के हिस्से में बड़ी संख्या में पाए जाते थे। लेकिन 20वीं शताब्दी के अंत में जंगलों की कटाई और इनके अवैध शिकार की वजह से इनकी संख्या तेजी से घटती गई। वर्ष 2008 तक इनकी संख्या घटकर 500 से भी कम हो गई और इनका आवास क्षेत्र 80 फीसदी तक घट गया। रिपोर्ट में बताया गया कि 2012 के बाद से विलुप्तप्राय तेंदुए लगातार हेबेई प्रांत-शिआवोवुटाई पर्वतीय और तुओलियांग क्षेत्र में देखे गए और इसके पीछे की वजह इस क्षेत्र के संरक्षण प्रयासों को दिया जाता है। चीन में वन्यजीवों की रक्षा से जुड़े गैर लाभकारी संगठन चीनी फील्ड कंजर्वेशन अलायंस (सीएफसीए) के पूर्व अध्यक्ष सोंग दजाहो ने शिन्हुआ को बताया कि 20 साल पहले तेंदुए, बीजिंग के निकट के पर्वतीय क्षेत्र से लापता हो गए थे लेकिन अब वे वापस लौटे हैं और यह अच्छी खबर है।

अवैध निर्यात करने के आरोप में पाकिस्तानी-अमेरिकी गिरफ्तार

वाशिंगटन। अमेरिका में एक पाकिस्तानी-अमेरिकी को आवश्यक सरकारी स्वीकृति के बिना देश से उच्च तकनीक वाले कंप्यूटर के उपकरण और सॉफ्टवेयर ऐप्लिकेशन सॉल्यूशन पाकिस्तान परमाणु ऊर्जा आयोग को निर्यात करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। संघीय अभियोजकों के अनुसार पाकिस्तान स्थित बिजनेस सिस्टम इंटरनेशनल (बीएसआई) प्राइवेट लिमिटेड और शिकागो स्थित बीएसआई यूएसए के मालिक अब्दुल्ला सैयद (65) को 16 सितम्बर को गिरफ्तार किया गया। दोषी पाए जाने पर उन्हें अधिकतम 20 साल की सजा हो सकती है। वह अभी संघीय हिरासत में हैं। संघीय अभियोजकों ने बताया कि सैयद की दोनों कम्पनियों ने उच्च तकनीक वाले कंप्यूटर के उपकरण, सर्वर और सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन सॉल्यूशन निर्यात किए। शिकागो में जिला अदालत में चल रहे मुकदमे के अनुसार 2006 से 2015 तक, सैयद और बीएसआई ने पाकिस्तान में कम्पनी के कर्मचारियों के साथ मिलकर अमेरिकी वाणिज्य विभाग से आवश्यक प्राधिकरण प्राप्त किए बिना अमेरिका से पाकिस्तान परमाणु ऊर्जा आयोग (पीएईसी) को कंप्यूटर उपकरण निर्यात करके अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक ऊर्जा अधिनियम का उल्लंघन किया।

रिलायंस रिटेल वेंचर्स में 5,550 करोड़ का निवेश करेगी केकेआर

नई दिल्ली। वैश्विक निवेश कंपनी केकेआर रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) में 1.28 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए उसमें 5,550 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बुधवार को यह जानकारी दी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एक बयान में बताया कि यह केकेआर का रिलायंस इंडस्ट्रीज की किसी सहायक कंपनी में दूसरा निवेश है। इससे पहले उसने इसी साल जियो प्लेटफार्म में 11,367 करोड़ रुपये का निवेश किया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एक बयान में कहा, इस निवेश के तहत रिलायंस रिटेल का मूल्य 4.21 लाख करोड़ रुपये आंका गया है। यह केकेआर का रिलायंस इंडस्ट्रीज की किसी सहायक कंपनी में दूसरा निवेश है। आरआरवीएल की सहायक इकाई रिलायंस रिटेल भारत के सबसे बड़े और तेजी से बढ़े खुदरा कारोबार का संचालन करती है और देश भर में इसके लगभग 12,000 स्टोर में 64 करोड़ लोग जाते हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा, उद्योग आधारित फ्रेंचाइजी के लिए मूल्यवाद साझेदारी करने का केकेआर का एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है और वह कई वर्षों से भारत के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपनी डिजिटल सेवाओं और खुदरा कारोबार में केकेआर के वैश्विक मंच, कारोबार की जानकारी और परिचालन विशेषज्ञता के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। केकेआर के सह-संस्थापक और सह-सीईओ हेनरी क्राविस ने कहा कि अधिक से अधिक भारतीयों के ऑनलाइन खरीदारी करने के साथ ही रिलायंस रिटेल का नया वाणिज्यिक मंच ग्राहकों और छोटे कारोबारियों की जरूरतों को पूरा करेगा। इस सौदे के लिए अभी नियामक मंजूरियां ली जानी बाकी हैं। सौदे के लिए मॉर्गन स्टैनली रिलायंस रिटेल की वित्तीय सलाहकार थी और सिरिल अमरचंद मंगलदास और डेविस पोल्क एंड वार्डवेल कानूनी परामर्शदाता थे। दूसरी ओर केकेआर के वित्तीय सलाहकार डेलॉइट टूचे टोहमात्सु इंडिया और कानूनी सलाहकार शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी और सिम्पसन थैचर एंड बार्टलेट एलएलपी थे।

मोदी करेंगे श्रीलंकाई प्रधानमंत्री के साथ शनिवार को ऑनलाइन शिखर वार्ता

वार्ता से द्विपक्षीय संबंधों के ढांचे की व्यापक समीक्षा करने का मिलेगा अवसर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके श्रीलंकाई समकक्ष महिन्दा राजपक्षे शनिवार 26 सितम्बर को ऑनलाइन शिखर वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि शिखर वार्ता दोनों नेताओं को द्विपक्षीय संबंधों के व्यापक ढांचे की व्यापक समीक्षा करने का अवसर देगी।

उम्मीद की जा रही है कि दोनों नेता आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को और गहरा करने, समग्र रक्षा और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने और श्रीलंका में भारत की विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

श्रीलंका में लंबे समय से चल रहे तमिल मुद्दे के भी वार्ता में उठाए जाने की उम्मीद है। भारत लगातार द्वीपीय राष्ट्र में तमिल समुदाय की आकांक्षाएं पूरी करने की वकालत करता रहा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ऑनलाइन शिखर वार्ता दोनों नेताओं को श्रीलंका में संसदीय चुनावों के बाद और दोनों देशों के समय की कसौटी पर खरे उतरे संबंधों के संदर्भ में द्विपक्षीय संबंधों के व्यापक ढांचे की व्यापक समीक्षा करने का अवसर देगी। राजपक्षे की पार्टी श्रीलंका पीपुल्स फ्रंट के पिछले महीने संसदीय चुनाव में दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के बाद, उन्होंने श्रीलंका के प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला है।

राहुल का आरोप: मोदी सरकार ने पड़ोसियों से रिश्ते किए खराब

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बांग्लादेश के साथ भारत के संबंधों से जुड़ी एक खबर को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने विभिन्न देशों के साथ रिश्तों के उस तानेबाने को खराब कर दिया। जो कांग्रेस की सरकारों ने दशकों में बनाया था।

उन्होंने एक खबर का हवाला देते हुए ट्वीट किया, कांग्रेस ने कई दशकों में रिश्तों का जो तानाबाना बुना था उसे मोदी जी ने नष्ट कर दिया। पड़ोस में किसी मित्र के बिना रहना खतरनाक है।

कांग्रेस नेता ने द इकनॉमिस्ट पत्रिका की जो खबर साझा की है उसमें दावा किया गया है कि बांग्लादेश के साथ भारत का रिश्ता कमजोर हो गया है, जबकि चीन और बांग्लादेश के बीच रिश्ते मजबूत हुए हैं।

बुंदेलखंड : 157 स्टोन क्रैशर सील 13 करोड़ का कियाजुर्माना

बांदा (उप्र)। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बुंदेलखंड क्षेत्र के चार जिलों बांदा, चित्रकूट, महोबा और हमीरपुर में संचालित स्टोन क्रैशर कारखानों में से 157 को सील कर दिया है। उन पर 13 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी घनश्याम दत्त ने बुधवार को बताया कि क्रशर नियमों का उल्लंघन करने पर दो माह के अंदर चित्रकूटधाम मंडल बांदा के चार जिलों बांदा, चित्रकूट, महोबा और हमीरपुर में संचालित 393 में से 157 स्टोन क्रैशर कारखाने सीलकर उन पर 13 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

संक्षिप्त समाचार

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संभल। सम्भल जिले के बहजोई इलाके में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी के खिलाफ जान से मारने की धमकी, धोखाधड़ी और षड्यंत्र रचने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बहजोई थाना क्षेत्र निवासी व्यापारी रवि गुप्ता ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपनी बहन निशा के साथ दुकान संचालित करते हैं। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संजय शर्मा कुछ समय से उसकी दुकान पर आने लगे। जान-पहचान बढ़ने पर शर्मा ने कुछ वक्त पहले उनसे दो लाख रुपये उधार मांगे, जो उन्हें दे दिए गए। गुप्ता का कहना है कि जब उन्होंने वह रकम वापस मांगी तो शर्मा ने टालमटोल शुरू कर दी। गुप्ता ने आरोप लगाया है कि दुकान पर आने-जाने के दौरान शर्मा ने उसकी बहन को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी के सपने दिखाए। धन वापस करने के लिए ज्यादा जोर डालने पर अधिकारी ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी है। उन्होंने बताया कि गुप्ता की तहरीर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संजय शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी तथा जान से मारने की धमकी और षडयंत्र रचने के आरोपों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

तीर्थयात्रियों का वाहन पेड़ से टकराया, चार लोगों की मौत

बहराइच (उप्र)। तीर्थयात्रियों से भरा वाहन बुधवार सुबह अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। जिससे तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई व चालक समेत छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग हरिद्वार से सिद्धार्थनगर जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक विपिन मिश्र ने बताया कि सिद्धार्थनगर के तेतरा बाजार निवासी 10 लोग वाहन में सवार थे और तड़के करीब चार बजे बहराइच के हरदी थाना क्षेत्र में स्थित रमपुरवा चौकी के पास चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वह एक पेड़ से जा टकराया। उन्होंने बताया दुर्घटना में वाहन में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान नीता देवी (42), निशा (सात), मिश्रावती (44) और रीता देवी (40) की मृत्यु हो गई। मिश्र ने बताया कि इस घटना में घायल अंकित (17) तथा सच्चिदानंद पाठक (24) की हालत ज्यादा बिगड़ने के कारण लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। चार अन्य घायलों का इलाज बहराइच जिला अस्पताल में जारी है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि वाहन चालक को नींद आ जाने की वजह से यह घटना हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

औरंगाबाद के नौ ऐतिहासिक द्वारों के संरक्षण का कार्य शुरू

औरंगाबाद। महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर के ऐतिहासिक नौ द्वार के संरक्षण का कार्य नगर विकास इकाई ने शुरू किया है। इसमें 3.20 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। इनका निर्माण 17वीं शताब्दी में पुराने शहर के प्रवेश द्वार के रूप में किया गया था और यह पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। अधिकारियों ने बताया कि वक्त के साथ बारिश और मौसम संबंधी अन्य स्थितियों की वजह से इन द्वारों को क्षति पहुंची और इनकी मरम्मत की और इनका संरक्षण किए जाने की जरूरत है। औरंगाबाद स्मार्ट सिटी विकास निगम (एएससीडीसीएल) के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पुष्कल शिवम ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि संरक्षण कार्य को कोविड-19 के मद्देनजर लागू बंद की वजह से रोकना पड़ा था। उन्होंने बताया कि निगम कटकट गेट, नौबत दरवाजा, काला दरवाजा, जफर गेट, बारापुला गेट, रोशन गेट, पैथन गेट, खिजरी गेट और महमूद दरवाजे के संरक्षण पर 3.20 करोड़ रुपए खर्च करेगा। औरंगाबाद नगर निगम के आयुक्त और एएससीडीसीएल के कार्यकारी अधिकारी आस्तिक कुमार पांडे ने बताया कि यह कार्य युद्धस्तर पर होगा और अगले साल अप्रैल तक संपन्न हो जाएगा।

गहलोत ने मोक्ष कलश योजना-2020 को दी मंजूरी

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गंगा में अस्थियां प्रवाहित करने के मकसद से हरिद्वार आने-जाने के लिए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों से नि:शुल्क यात्रा कराने के लिए शुरू की गई मोक्ष कलश योजना-2020 को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान कर दी है। इस योजना में नोडल एजेंसी राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम होगा जबकि वित्त पोषक विभाग देवस्थान विभाग होगा। योजना के तहत हुए समस्त व्यय के भुगतान की व्यवस्था देवस्थान विभाग द्वारा की जाएगी। गहलोत ने कोविड-19 के प्रकोप के कारण अपनों की अस्थियों के विसर्जन के लिए इंतजार करने वाले परिवार के दो सदस्यों को अस्थि कलश के साथ हरिद्वार आने-जाने के लिए राजस्थान रोडवेज की बसों से नि:शुल्क यात्रा की सुविधा शुरू की थी। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार इसका लाभ आयकरदाता एवं सरकारी कर्मचारियों को छोड़कर अन्य सभी ले सकेंगे।

मोदी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट कर्ता किया गिरफ्तार

मिर्जापुर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में एक व्यक्ति को व्हाट्सऐप पर कथित तौर पर एक वीडियो पोस्ट करने के लिए गिरफ्तार किया गया। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक माना गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के अनुसार अरोपी ने 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के दिन एक व्हाट्सऐप ग्रुप पर एक वीडियो कथित तौर पर पोस्ट की थी और उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। उसके बाद मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई थी। मिर्जापुर पुलिस ने एक बयान में कहा, रविवार रात में कटरा पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई। आरोपी सोनू खान को इस मामले को लेकर मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे उसके आवास से पकड़ लिया गया। बयान में कहा गया है कि प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 501, 505 के तहत दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी कानून की धारा 66 के तहत भी मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

मैं मास्क नहीं पहनता के बयान को मप्र कांग्रेस ने लपका

इंदौर। मध्य प्रदेश में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप के बीच सूबे के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को बेपरवाह लहजे में कहा कि वह किसी भी कार्यक्रम में मास्क नहीं पहनते हैं। उनके इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विपक्षी कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा पर सवाल दागा है कि क्या कोविड-19 से बचाव के नियम-कायदे केवल आम लोगों पर लागू होते हैं? मिश्रा, प्रदेश सरकार की गरीब कल्याण आधारित सम्बलै योजना से जुड़े कार्यक्रम में भाग लेने इंदौर आए थे। इस कार्यक्रम में उनके मास्क नहीं लगाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं किसी भी कार्यक्रम में (मास्क) नहीं पहनता। इसमें क्या होता है? गृह मंत्री से जब पूछा गया कि क्या वह किसी विशेष कारण से मास्क नहीं पहनते, तो उन्होंने दो टूक जवाब दिया कि वह इसे पहनते ही नहीं हैं। उधर, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने मास्क नहीं लगाने को लेकर मिश्रा के बयान के वायरल वीडियो को ट्वीट करते हुए लिखा, है कोई माई का लाल जो नियमों के उल्लंघन पर इन पर कार्रवाई का साहस दिखा सके? नियम सिर्फ जनता के लिए ?

कोलकाता में ट्राम पुस्तकालय में लीजिए सफर का मजा

कोलकाता। अपनी तरह के पहले प्रयोग में कोलकाता में लोग जल्द ही ट्राम में बैठकर पुस्तकालय का आनंद ले सकेंगे। एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक राजनवीर सिंह कपूर ने कहा कि इसके लिए विशेष रूप से ट्राम पुस्तकालय तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस ट्राम पुस्तकालय में किताबें और पत्रिकाएं होंगी जिनमें लोकसवा, पश्चिम बंगाल लोकसेवा, जीआरई या जीएमएटी के लिए भी पत्रिकाएं उपलब्ध होंगी। इससे उस मार्ग के साथ ही विभिन्न शिक्षण संस्थानों के पाठकों को भी आकर्षित किया जा सकेगा। कपूर ने कहा कि इस ट्राम पुस्तकालय का उद्घाटन बृहस्पतिवार को किया जाएग। पुस्तकालय वाली यह ट्राम नियमित रूप से श्यामबाजार से एस्पलेनेड के बीच चलेगी और करीब साढ़े चार किलोमीटर की दूरी तय करते हुएर कॉलेज स्ट्रीट से भी होकर गुजरेगी। इस मार्ग पर या इसके निकट कलकत्ता विश्वविद्यालय और प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, स्कॉटिश चर्च कॉलेज, हिंदू कॉलेज समेत करीब 30 शिक्षण संस्थान हैं। कपूर ने कहा कि ट्राम पुस्तकालय में मुफ्त वाईफाई की सुविधा भी उपलब्ध होगी जिससे लोग ई-पुस्तकों को भी सफर के दौरान पढ़ सकें।

संसद ने दी तीन श्रम सुधार विधेयकों को मंजूरी

300 कर्मचारियों वाली कंपनियां अब कानूनी तौर पर निकाल सकेंगी कर्मियों को

नई दिल्ली। संसद ने बुधवार को तीन प्रमुख श्रम सुधार विधेयकों को मंजूरी दे दी, जिनके तहत कंपनियों को बंद करने की बाधाएं खत्म होंगी। अधिकतम 300 कर्मचारियों वाली कंपनियों को सरकार की इजाजत के बिना कर्मचारियों को निकालने की अनुमति होगी। राज्यसभा ने ध्वनि मत से औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा पर शेष तीन श्रम संहिताओं को पारित किया। इस दौरान आठ सांसदों के निष्कासन के विरोध में कांग्रेस, वामपंथी और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने राज्यसभा की कार्रवाई का बहिष्कार किया। इन तीनों संहिताओं को लोकसभा ने मंगलवार को पारित किया था और अब इन्हें राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने तीनों श्रम सुधार विधेयकों पर हुई बहस का जवाब देते हुए कहा, श्रम सुधारों का मकसद बदले हुए कारोबारी माहौल के अनुकूल पारदर्शी प्रणाली तैयार करना है। उन्होंने यह भी बताया कि 16 राज्यों ने पहले ही अधिकतम 300 कर्मचारियों वाली कंपनियों को सरकार की अनुमति के बिना फर्म को बंद करने और छंटनी करने की इजाजत दे दी है।

गंगवार ने कहा कि रोजगार सृजन के लिए यह उचित नहीं है कि इस सीमा को 100 कर्मचारियों तक बनाए रखा जाए, क्योंकि इससे नियोक्ता अधिक कर्मचारियों की भर्ती से कतराने लगते हैं और वे जानबूझकर अपने कर्मचारियों की संख्या को कम स्तर पर बनाए रखते हैं।

उन्होंने सदन को बताया कि इस सीमा को बढ़ाने से रोजगार बढ़ेगा और नियोक्ताओं को नौकरी देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि ए विधेयक कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेंगे और भविष्य निधि संगठन तथा कर्मचारी राज्य निगम के दायरे में विस्तार करके श्रमिकों को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेंगे। सरकार ने 29 से अधिक श्रम कानूनों को चार संहिताओं में मिला दिया था और उनमें से एक संहिता (मजदूरी संहिता विधेयक, 2019) पहले ही पारित हो चुकी है। राज्यसभा में बुधवार को पारित हुए विधेयक संहिताएं- उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कार्यदशा संहिता 2020 , औद्योगिक संबंध संहिता 2020 और सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 हैं।

इनमें किसी प्रतिष्ठान में आजीविका सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा को विनियमित करने, औद्योगिक विवादों की जांच एवं निर्धारण तथा कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा संबंधी प्रावधान किए गए हैं।

राज्यसभा में हुआ हंगामा लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कृषि विधेयकों को लेकर संसद के अंदर हुए हंगामे पर चिंता जाहिर की और इसे संविधान की गरिमा और लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला बताया।

मायावती ने बुधवार को ट्वीट किया, वैसे तो संसद लोकतंत्र का मन्दिर ही कहलाता है फिर भी इसकी मर्यादा अनेक बार तार-तार हुई है। वर्तमान संसद सत्र के दौरान भी सदन में सरकार की कार्यशैली और विपक्ष का जो व्यवहार देखने को मिला है वह संसद की मर्यादा, संविधान की गरिमा व लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला है। अति-दु:खद। मायावती का यह बयान गत रविवार को राज्यसभा में कृषि विधेयकों को पारित किए जाने के दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा किए गए जबरदस्त हंगामे के मद्देनजर आठ सदस्यों को पूरे सत्र के लिए निलंबित किए जाने के बाद आया है।

रास में उठी आंगनवाड़ी और आशा कर्मियों के मानदेय बढ़ाने की मांग

नई दिल्ली। राज्यसभा में बीजू जनता दल के एक सदस्य ने आंगनवाड़ी और आशा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि करने की मांग करते हुए बुधवार को कहा कि इन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान भी निरंतर कार्य किया है। बीजद के सुभाष चंद्र सिंह ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान आंगनवाड़ी और आशा कर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लगातार काम किया है। सिंह ने कहा यह विडंबना ही है कि संकट के समय में भी अथक परिश्रम करने वाली आंगनवाड़ी कर्मियों को मात्र 4,500 रुपए और आशा कर्मियों को केवल 2,500 रुपए का मानदेय मिलता है। बीजद सदस्य ने कहा कि ओडिशा में राज्य सरकार ने इन कर्मियों को कुछ राहत दी है लेकिन यह राहत पर्याप्त नहीं कही जा सकती। उन्होंने सरकार से मांग की कि आंगनवाड़ी कर्मियों का मानदेय बढ़ा कर 15,000 रुपये और आशा कर्मियों का मानदेय बढ़ा कर 10,000 रुपये किया जाए।

विदेशी अभिदाय विनियमन विधेयक को मंजूरी

नई दिल्ली। राज्यसभा ने बुधवार को विदेशी अभिदाय विनियमन संशोधन विधेयक 2020 को मंजूरी दे दी जिसमें विदेशी अंशदान प्राप्त करने वाले गैर सरकारी संगठनों के कामकाज में पारदर्शिता के लिए जरूरी प्रावधान किए गए हैं। उच्च सदन में विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि यह विधेयक किसी गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के खिलाफ नहीं है बल्कि उन एनजीओ के हित में है जो पूरी पारदर्शिता के साथ अपना काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी अभिदाय विनियमन कानून (एफसीआरए) एक राष्ट्रीय और आंतरिक सुरक्षा कानून है और यह सुनिश्चित करने के लिए है कि विदेशी धन भारत के सार्वजनिक, राजनीतिक एवं सामाजिक विमर्श पर हावी नहीं हो।

संसद भवन में दिनकर के नाम पर पीठ बने

नई दिल्ली। राज्यसभा में भाजपा के एक सदस्य ने बुधवार को संसद भवन के ग्रंथालय में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के नाम पर साहित्य की एक पीठ स्थापित करने का सुझाव दिया। भाजपा के भूपेंद्र यादव ने शून्यकाल में उच्च सदन में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज 23 सितंबर को दिनकर की जयंती है।

उन्होंने कहा कि बिहार के बेगूसराय जिले के सिमरिया गांव में जन्मे रामधारी सिंह ने हमेशा बिना किसी लाग-लपेट के अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि गद्य तथा पद्य विधाओं में महारथ रखने वाले दिनकर द्वन्द्व के कवि माने जाते थे और साहित्य जगत में उनका उल्लेखनीय योगदान है। सभापति एम वेंकैया नायडू ने इसे एक अच्छा और महत्वपूर्ण सुझाव बताते हुए उम्मीद जताई कि सरकार इस ओर ध्यान देगी।

गांधी प्रतिमा से भीमराव तक निकाला पैदलमार्च

नई दिल्ली। संसद से कुछ ही दिनों पहले पारित कृषि संबंधी विधेयकों को लेकर विभिन्न विपक्षी दलों के सांसदों ने बुधवार को संसद भवन परिसर में मौन विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन कर रहे सांसद अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए थे जिन पर किसानों को बचाओ, मजदूरों को बचाओ, लोकतंत्र को बचाओ जैसे नारे लिखे थे।

विरोध प्रदर्शन के दौरान विपक्षी सांसदों ने संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिभा से भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तक मार्च निकाला। वे कुछ देर महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने कतारबद्ध होकर खड़े हुए। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, भाकपा, माकपा, द्रमुक, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा, कांग्रेस और समान विचार वाले दलों के सभी सांसदों ने किसान विरोधी और मजदूर विरोधी विधेयकों के खिलाफ गांधी प्रतिमा से अंबेडकर प्रतिमा तक विरोध प्रदर्शन किया जिन्हें मोदी सरकार ने अलोकतांत्रिक ढंग से संसद में पारित कराया। इससे पहले विपक्षी दलों ने कृषि विधयकों को लेकर आगे की रणनीति तैयार करने के लिए राज्यसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद के कक्ष में बैठक की। विभिन्न विपक्षी दल कृषि संबंधी विधेयकों के संसद में पारित किए जाने का विरोध कर रहे हैं।

भिवंडी इमारत हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 33 हुई

ठाणे। महाराष्ट्र के भिवंडी में तीन मंजिला इमारत के ढहने के कारण हुए हादसे में आठ और लोगों के शव बरामद होने के बाद मरने वालों की संख्या बुधवार को बढ़कर 33 हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में 15 बच्चे भी शामिल हैं, जिनकी उम्र दो साल से लेकर 15 वर्ष के बीच है।

अधिकारी ने बताया कि अभी तक 25 लोगों को मलबे से जिंदा बाहर निकाला गया है। इन लोगों को भिवंडी और ठाणे के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश के बावजूद भी खोज अभियान रातभर जारी रहा। उन्होंने बताया कि मलबे से निकले शवों की हालत बेहद खराब थी, क्योंकि वे 50 घंटे से अधिक समय से उसमें दबे थे। अधिकारी ने बताया कि 43 वर्ष पुरानी जिलानी बिल्डिंग सोमवार तड़के तीन बजकर 40 मिनट पर ढह गई थी। इमारत में 40 फ्लैट थे और करीब 150 लोग यहां रहते थे। भिवंडी, ठाणे से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित है।

उन्होंने बताया कि इमारत गिरने के मामले में नगर निकाय के दो अधिकारियों को निलंबित किया गया है और इमारत के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। धमनकर नाका के पास नारपोली में पटेल कम्पाउंड स्थित इमारत जब ढही, उस समय उसमें रहने वाले लोग सो रहे थे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और ठाणे आपदा मोचन बल (टीडीआरएफ) के कर्मी मौके पर मौजूद हैं और खोज अभियान जारी है। अधिकारी ने बताया कि यह इमारत भिवंडी-निजामपुर नगर निगम की जीर्ण-शीर्ण इमारतों की सूची में शामिल नहीं थी।

शराब पीकर हंगामा करने वाले आठ पुलिसकर्मी निलंबित

बहराइच। बहराइच जिले में एक पार्टी में शराब पीक र हंगामा और मारपीट करने के आरोपी आठ सिपाहियों को बुधवार को निलंबित क र घटना की जांच के आदेश दिए हैं। एक वरिष्ठ अधिक ारी ने यह जानक ारी दी। पुलिस अधीक्षक विपिन मिश्र ने बताया कि 20-21 सितम्बर क ी रात रिसिया थाने में तैनात क ांस्टेबल महीप शुक्ला के आवास पर पार्टी क ा आयोजन हुआ था। पार्टी में अन्य सिपाहियों ने शराब पीकर हंगामा और मारपीट क ी थी। इस घटना की सूचना उच्चाधिक ारियों क ो नहीं दी गई थी। लिहाजा घटना के आरोपी आरक्षी राजेश यादव, अमित यादव, अजय यादव, पंकज यादव, विनोद यादव, पवन यादव, अफजल खान और महेश शुक्ला को निलंबित किया गया है। घटना की जांच अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुंवर ज्ञानन्जय सिंह को सौंपी गई है।

पालघर घटना संबंधी कार्यक्रम के खिलाफ केंद्र शिकायत पर दो सप्ताह में करें फैसला: अदालत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को केंद्र से कहा कि वह 16 अप्रैल को महाराष्ट्र के पालघर में भीड़ द्वारा पीट-पीट कर की गई दो साधुओं समेत तीन लोगों की हत्या के मामले संबंधी कार्यक्रम प्रसारित करने को लेकर एक मीडिया हाउस के खिलाफ दायर शिकायत पर दो सप्ताह के अंदर कोई फैसला करें।

न्यायमूर्ति नवीन चावला ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को आदेश दिया कि वह याचिकाकर्ता की पांच मई की शिकायत पर विचार करे और दो सप्ताह के अंदर कोई फैसला करे। इस आदेश के साथ, अदालत ने याचिका का निपटारा कर दिया। यह याचिका वकील अमरीश रंजन पांडे ने दायर की थी। पांडे ने आरोप लगाया है कि इस घटना के संबंध में प्रसारित किए गए कार्यक्रमों में देश में साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देने की कोशिश की गई। याचिका में दावा किया गया है, ये कार्यक्रम अस्वीकार्य थे। इनका मकसद हिंसा को प्रोत्साहित करना या भड़काना था।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि इसी मीडिया हाउस के एक अन्य कार्यक्रम में मुंबई के बांद्रा में प्रवासियों की एक सभा को षड्यंत्र बताया गया था। उसने कहा कि इन घटनाओं पर शोाकार्यक्रम केबल टेलीविजन नियमन के नियमों और साथ ही मंत्रालय के अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग दिशानिर्देशों के घोर उल्लंघन थे। इन कथित उल्लंघनों के बावजूद मंत्रालय ने इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। याचिका में कहा गया है कि मंत्रालय ने मीडिया हाउस का लाइसेंस रद्द करने की मांग करने वाली पांडे की पांच मई की शिकायत पर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

पवार को नोटिस देने को सीबीडीटी को कोई निर्देश नहीं दिया: चुनाव आयोग

पवार ने कहा था कि आयकर विभाग ने उनसे उनके कुछ चुनावी हलफनामों के सिलसिले में मांगा है स्पष्टीकरण और जवाब

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि उसने रांकापा प्रमुख शरद पवार को उनके चुनावी हलफनामों के सिलसिले में नोटिस जारी करने के लिए केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को कोई निर्देश नहीं दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता पवार ने मंगलवार को कहा था कि आयकर विभाग ने उन्हें चुनाव आयोग को जमा किए गए उनके चुनावी हलफनामों के सिलसिले में नोटिस भेजा है।

पवार ने पत्रकारों से कहा था कि आयकर विभाग ने उनसे उनके कुछ चुनावी हलफनामों के सिलसिले में स्पष्टीकरण एवं जवाब मांगा है। उन्होंने कहा, कल मुझे नोटिस मिला...हम खुश हैं कि वह (केन्द्र) सभी सदस्यों में से, हमें प्यार करता है... आयकर विभाग ने तब नोटिस जारी किया जब चुनाव आयोग ने उससे ऐसा करने को कहा....हम नोटिस का जवाब देंगे।

चुनाव आयोग ने मीडिया की खबरों का हवाला देते हुए एक बयान में कहा, भारत चुनाव आयोग ने श्री पवार को नोटिस जारी करने के लिए सीबीडीटी को ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया है।

पीएम केयर्स फंड को जनता केयर्स फंड बनाया जाए : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए बनाए गए पीएम केयर्स फंड को जनता केयर्स फंड में तब्दील करने की मांग की है।

सपा अध्यक्ष ने बुधवार को एक ट्वीट कर कहा चुनावी रैली के लिए लाखों एलईडी टीवी पर अरबों का प्रचार फंड खर्च करने वाली वर्तमान सत्ता के पास क्या शिक्षार्थियों-शिक्षकों के लिए ऑनलाइन शिक्षण के लिए व्यवस्था करने का फंड नहीं है? उन्होंने कहा भाजपा सरकार ईमानदारी से पीएम केयर्स फंड को जनता केयर्स फंड बनाए और देश के भविष्य की चिंता करे। अखिलेश ने ट्वीट के साथ अपने मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में छात्रों को मुफ्त लैपटॉप बांटने की तस्वीरें भी पोस्ट की। सपा अध्यक्ष ने एक अन्य ट्वीट में कोरोना संक्रमण के मौजूदा हालात के बीच स्कूल खोलने के विचार का भी विरोध किया। उन्होंने कहा कोरोना काल में शिक्षण सत्र को निरंतर रखने के लिए स्कूल खोलना सुरक्षित विकल्प नहीं है। सरकार गरीब परिवारों में प्रति विद्यार्थी एक स्मार्ट फोन, इंटरनेट नेटवर्क और बिजली उपलब्ध कराए। साथ ही शिक्षकों को भी घरों पर डिजिटल अध्यापन के लिए नि: शुल्क हार्डवेयर दे। भाजपा सरकार परिवारवालों से सलाह ले।

दीपावली तक कुशीनगर से शुरू हो जाएंगी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें : योगी

लखनऊ। पूर्वी उत्तर प्रदेश की छवि में व्यापक बदलाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दीपावली तक कुशीनगर हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के गृह क्षेत्र गोरखपुर से लगभग 52 किलोमीटर दूर, कुशीनगर जिले में स्थित इस हवाईअड्डे को पडरौना हवाई अड्डे के रूप में भी जाना जाता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल जून में कुशीनगर को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में मान्यता देने का फैसला किया। यह देश में 29वां और उत्तर प्रदेश में आगामी जेवर हवाई अड्डे सहित चौथा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा होगा।

अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन का दावा छह-सात दिन के लिए है पर्याप्त ऑक्सीजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी को हराने को लिए टेस्टिंग किट, पीपीई किट, कोविड अस्पतालों की बड़े पैमाने पर व्यवस्था करने वाले स्वास्थ्य मंत्रालय की सांस ऑक्सीजन ने फुला दी है।

ऑक्सीजन की पर्याप्त उत्पादन क्षमता के बावजूद अस्पतालों तक उसकी आपूर्ति की व्यवस्था नदारत है। इस बीच दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने दावा किया कि अस्पतालों में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है बल्कि अगले छह-सात दिन के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन है। साथ ही यह भी कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण की दर कम हुई है, इसमें अगले एक या दो सप्ताह में और कमी आने की उम्मीद है। सत्येंद्र जैन के अनुसार उन्होंने बुधवार को स्थिति का जायजा लिया है। अस्पतालों ऑक्सीजन की थोड़ी बहुत किल्लत है लेकिन दिल्ली सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में अगले सात दिन के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन है।

जैन ने मीडिया से बातचीत में बताया कि दिल्ली को उत्तर प्रदेश और राजस्थान से ऑक्सीजन मिलती है। उन राज्यों में कुछ आपूर्तिकर्ताओं को पहले वहां ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए कहा गया है। समस्या के समाधान के लिए राज्यों से बातचीत की जा रही है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में मंगलवार को संक्रमण की दर 6.47 प्रतिशत थी, वहीं पिछले सात दिन में औसत संक्रमण दर सात प्रतिशत रही। इससे पहले मंगलवार को केंद्रीय गृह सचिव अजल भल्ला ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर ऑक्सीजन ले जाने वाले वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कहा था क्योंकि कोरोना के गंभीर मरीजों के लिए मेडिकल ऑक्सीजन महत्वपूर्ण है। कहा कुछ राज्य अपने यहां स्थित उत्पादन इकाइयों से ऑक्सीजन आपूर्ति के अंतरराज्यीय परिवहन पर रोक लगाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा करना गलत है।

मनीष सिसोदिया अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के चलते लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 14 सितंबर को संक्रमित पाए गए थे और घर पर ही पृथक-वास में थे। मनीष सिसोदिया ने सांस लेने में तकलीफ होने की बात कही जारी रही और उनका ऑक्सीजन लेवल भी कम हो रहा था। सिसोदिया की हालत स्थिर है। अस्पताल मेडिकल बुलेटिन जारी कर स्वास्थ्य की जानकारी देगा।

आईसीयू बेड रिजर्व पर रोक के आदेश को चुनौती देगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

निजी अस्पतालों में कोविड-19 संक्रमितों के लिए 80 फीसदी आईसीयू बेड सुरक्षित रखने के दिल्ली सरकार के आदेश पर हाईकोर्ट के रोक लगाने को आम आदमी पार्टी की सरकार चुनौती देगी। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि उनकी सरकार इस फैसले को बड़ी पीठ में चुनौती देंगे।

सत्येन्द्र जैन ने कहा अभी कयास लगाना ठीक नहीं है। दिल्ली सरकार ने बहुत सोच समझकर यह आदेश जारी किया था। कोविड-19 महामारी 100 साल में एक बार आई है। उनकी सरकार लगातार मौके के हिसाब से कदम उठा रही है।दिल्ली में बढ़ रहे कोरोना संक्रमितों की संख्या के बीच कई बड़े निजी अस्पतालों में अब आईसीयू बेड की भारी कमी हो रही है। ज्यादातर प्राइवेट अस्पतालों में तो अब एक भी आईसीयू बेड खाली नहीं है। मरीजों की बढ़ती संख्या और आईसीयू बेड की भारी कमी ने सरकार की परेशानी और भी बढ़ा दिया है। यही वजह है कि सरकार अस्पतालों में ज्यादा से ज्यादा बेड रिजर्व करने की तैयारी में है, लेकिन कोर्ट की रोक ने सरकार की मुसीबत बढ़ा दी है।

घर पृथकवास: मरीजों की संख्या में गिरावट

निषिद्ध क्षेत्रों की संख्या में जारी है तेजी

पायनियर सामचार सेवा। नई दिल्ली

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में घर में पृथक-वास में रह रहे कोविड-19 रोगियों की संख्या में पिछले दिनों की तुलना में मंगलवार को लगभग 750 की गिरावट दर्ज की गई।

पिछले एक महीने में इन मामलों में यह सर्वाधिक गिरावट है। हालांकि, मंगलवार को भी निषिद्ध क्षेत्रों की संख्या में वृद्धि जारी रही और यह संख्या बढ़कर।,937 हो गई।सोमवार को, घर में पृथक-वास में रहने के मामले बढ़ कर 19,213 हो गया था जबकि निषिद्ध क्षेत्रों की संख्या।,889 थी। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को घर में पृथक-वास में रह रहे लोगों की संख्या घटकर 18,464 हो गई। अगस्त माह के अंतिम सप्ताह से ही घरेलू पृथकवास और निषिद्ध क्षेत्रों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है। केवल 19 सितंबर को घर में पृथकवास में रह रहे लोगों की संख्या में मामूली गिरावट देखी गई थी।

वहीं चिकित्सकों और पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि सर्दियों के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण का चरम स्तर शहर में कोविड-19 की स्थिति को बिगाड़ सकता है और सरकार के लिए एक गंभीर चुनौती पैदा कर सकता है। शहर की भौगोलिक स्थिति, प्रतिकूल मौसम, पराली का जलाया जाना और प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों समेत कई कारणों से हर साल सर्दी के मौसम में दिल्ली की वायु गुणवत्ता का स्तर खतरनाक स्तर पर चला जाता है।

प्रेमिका के घर के बाहर चलाई गोली, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण पूर्व दिल्ली में पूर्व प्रेमिका के घर के बाहर गोली चलाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि युवक ने इसलिए कथित रूप से गोली चलाई, क्योंकि युवती विवाह के बाद उसे नजरअंदाज कर रही थी।

उसने बताया कि सुमित तोमर ने आली विहार स्थित धर्मपाल कॉलोनी में रविवार देर रात उस समय गोली चलाई, जब 24 वर्षीय युवती अपने परिवार के साथ घर पर थी। गोली की आवाज सुनकर युवती ने दरवाजा खोला और तोमर को एक देशी बंदूक हाथ में लिए देखा। पुलिस उपायुक्त आर पी मीणा ने बताया कि युवती को देखकर तोमर चिल्लाया, बाहर आओ, मैं तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मार दूंगा। इसके बाद वह भाग गया। युवती ने पुलिस को बताया कि उसके और तोमर के बीच 10 साल तक प्रेम संबंध रहे थे, लेकिन 2018 में उसके विवाह के बाद उसने उसे नजरअंदाज करना शुरू कर दिया। तोमर को यह पसंद नहीं आया और उसने उसे धमकाया कि उसे इसका परिणाम भुगतना होगा। मीणा ने कहा, जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि तोमर आली विहार वन में छुपा है।

पूसा की बॉयो डी-कंपोजर तकनीक देखने आज जाएंगे सीएम केजरीवाल

नई दिल्ली। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा) के वैज्ञानिकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पराली जलाने की समस्या से निपटने की तकनीक बॉयो डी-कंपोजर देखने के लिए आमंत्रित किया है। संस्थान के निदेशक डॉ. एके सिंह और एआरएआई के कई वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने कृषि अवशेषों के निस्तारण को लेकर संस्थान द्वारा विकसित की गई तकनीक की प्रस्तुति केजरीवाल के समक्ष दी। सीएम ने कहा वह आईएआई के वैज्ञानिकों को फसल के अवशेष जलाने की समस्या से निपटने के लिए कम लागत वाली प्रभावी तकनीक विकसित करने के लिए बधाई देते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने फेसबुक कार्रवाई पर रोक लगाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा की समिति को निर्देश दिया कि फेसबुक इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजित मोहन को उत्तर पूर्वी दिल्ली के दंगों के बारे में गवाही देने के लिए जारी सम्मन के सिलसिले में उनके खिलाफ 15 अक्टूबर तक कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं की जाए। विधानसभा की समिति कथित नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले में सोशल मीडिया के इस प्लेटफॉर्म की भूमिका की जांच कर रही है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने विधानसभा सचिव, कानून एवं न्याय मंत्रालय, गृह मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, लोकसभा तथा राज्यसभा को उनके महासचिवों के माध्यम से और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किए। अदालत ने मोहन और अन्य की याचिका पर यह आदेश दिया। इस याचिका में विधानसभा की शांति और सद्भाव समिति द्वारा 10 और 18 सितंबर को जारी नोटिस को चुनौती दी गई है। इन नोटिस में दंगों के दौरान नफरत फैलाने वाले भाषण प्रसारित करने की जांच कर रही।

व्यापारी के परिवार को बंधक बनाकर बदमाशों ने डाली डकैती

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बदमाशों ने बुधवार तड़के कविनगर थाना क्षेत्र की पॉश अवंतिका कॉलोनी में किराना कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर लाखों की लूट को अंजाम दिया।

कविनगर थाना क्षेत्र की पॉश कॉलोनी अवंतिका में कोठी नंबर बी/डी-302 में सुरेश चंद मित्तल अपनी पत्नी उषा और बेटी के साथ रहते हैं। सुरेश किराना के बड़े व्यापारी है। उनकी बेटी सॉफ्टवेयर इंजीनियर है जो मुम्बई में नौकरी करती है लेकिन लॉकडाउन के बाद से यहीं रह रही है। बताया जा रहा है कि देर रात 4 बदमाश गार्डन से घर में घुसे और ग्रिल तोड़कर अंदर घर मे घुस गए। अंदर घुसे बदमाशो ने घर में मौजूद दोनों महिला, उनकी बेटी और सुरेश मित्तल को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा।

विरोध करने पर बदमाशों ने उषा मित्तल के मुंह मे पेचकस घुसा दिया और जान से मारने की धमकी दी। बदमाश नकदी, गहने, मोबाइल व लैपटॉप समेत नौ लाख का माल लूट ले गए। इनमें आठ सोने की अंगूठी, एक डायमंड लगा ब्रेसलेट, तीन सोने की चेन, 80 हजार रुपये, चार मोबाइल, लैपटॉप, एफडी समेत अन्य जरूरी दस्तावेज भी शामिल हैं।

पीड़ित परिवार

संदिग्धों को हिरासत में लिया: पुलिस

गाजियाबाद। सूचना पर डीएम अजय शंकर पांडे एसएसपी कलानिधि नैथानी, एसपी सिटी अभिषेक वर्मा, सीओ इंदिरापुरम अंशु जैन, एसओजी की टीम समेत पुलिस के तमाम आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

नोएडा स्थित दवा कंपनी के परिसर में आग लगी

नोएडा। नोएडा में बुधवार की शाम एक दवा कंपनी के परिसर में भीषण आग लग गई। 10 दमकल गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के सेक्टर 59 में स्थित दवा बनाने वाली कंपनी जुबिलेंट लाइफ साइंस के परिसर में आज शाम आग लग गई। दमकल विभाग के प्रमुख ने बताया आग पर काबू पानी की कोशिश जारी है। उन्होंने बताया कि कंपनी में काम कर रहे लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया है।

दो कोरोना योद्धाओं के परिवारों को दिए 10 लाख

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की महापौर अनामिका ने दो कोरोना योद्धाओं सेल्वा राज (बेलदार) और महेन्दर सिंह (सफाई सैनिक) परिवारों को 10 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने बताया इन योद्धाओं की मृत्यु कोरोना से जंग में लड़ते हुए हो गई थी।

सिविक सेंटर में महापौर ने इन योद्धाओं के परिजनों को सम्मानित किया। अनामिका ने बताया कि एसडीएमसी ने यह घोषणा की थी कि किसी भी कोरोना योद्धा की मृत्यु हो जाने पर निगम द्वारा 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और स्थायी नौकरी दी जाएगी।

परिवार सोता रहा, चोर ले गए लाखों का माल

गाजियाबाद। बीती रात चोरों ने टीला मोड़ थाना क्षेत्र तुलसी निकेतन चौकी क्षेत्र की गगन विहार भवन संख्या-डी 545 को निशाना बनाते हुए वहां से लाखों के जेवरात व 25 हजार रुपये की नकदी के अलावा कीमती सामान चुरा लिया।

ताजुब की बात यह है कि जिस समय चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे, उस समय उस घर में आधा दर्जन से अधिक लोग सो रहे थे। सोनू पुत्र रज्जन लाल ने बताया कि जिस समय चोरी हुई, उस समय उसकी मां, चाचा, तीन भाई और भतीजा आदि घर में सो रहे थे।

होम आइसोलेशन मरीजों की बढ़ेगी निगरानी

कोविड-19

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

प्रशासन ने होम आइसोलेशन में रह रहे कोविड-19 के उपचाराधीनों की निगरानी बढ़ाने का निर्णय लिया है। ऐसा कोविड प्रोटोकाल का सख्ती से पालन कराने के लिए किया जाएगा।

कोई भी उपचाराधीन यदि प्रोटोकाल का उल्लंघन करेगा तो उसे कोविड अस्पताल में भर्ती करा दिया जाएगा। जिलाधिकारी डा. अजय शंकर पांडेय ने कहा कि केवल इतना ही नहीं होम आइसोलेशन में प्रोटोकाल का पालन न करने पर

एपिडेमिक एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई भी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि होम आइसोलेशन में रहने वालों की संख्या बढ़ रही है। साथ ही कोविड प्रोटोकाल के उल्लंघन की शिकायतें भी मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से जारी की गई गाइड लाइन के मुताबिक होम आइसोलेशन में रहने वालों को घर में भी सामाजिक

प्रोटोकाल तोड़ने पर होंगे अस्पताल में भर्ती: जिलाधिकारी

दूरी का पालन करना है और किसी भी हाल में घर से बाहर नहीं निकलना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डा. एनके गुप्ता ने बताया अब तक 3339 उपचाराधीन होम आइसोलेशन का विकल्प ले चुके हैं। इनमें आधे से अधिक उपचाराधीन 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हैं।

संक्षिप्त समाचार

सीएम योगी को धन्यवाद देते एमएलए धीरेंद्र सिंह।

फिल्म सिटी : सीएम योगी से मिले जेवर विधायक

नोएडा। जेवर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने तेजी के साथ विकास किया है। इसका सबसे बड़ा लाभ गौतमबुद्ध नगर जिले को मिला है। धीरेंद्र सिंह ने आगे कहा कि जेवर विधानसभा क्षेत्र में पिछले साढ़े तीन वर्षों में इतने विकास कार्य हुए हैं, जितने पिछले 70 वर्षों के दौरान नहीं हुए थे। विकास कार्यों के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना एक्सप्रेस वे पर फिल्म सिटी को मंजूरी दे दी है। धीरेन्द्र सिंह ने कहा, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अब फिल्म सिटी परियोजना से जेवर विधानसभा क्षेत्र को बड़ा फायदा मिलेगा। यह दोनों परियोजनाएं जेवर क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर लेकर आएंगी।

मेयर ने झिलमिल क्षेत्र की समस्याओं का लिया जायजा

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के महापौर निर्मल जैन ने निगमायुक्त डॉ. दिलराज कौर के साथ झिलमिल क्षेत्र का सघन दौरा किया और क्षेत्र में मौजूद समस्याओं का जायजा लेकर उनके निवारण के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त, शाहदरा दक्षिण क्षेत्र, ए. नेदु चेजियान, पूर्व निगम पार्षद, पंकज लूथरा, वरिष्ठ नेतागण महेश सेठी आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान, क्षेत्र के लोगों ने सरकुल रोड स्थित निगम विद्यालय की जर्जर इमारत को लेकर महापौर का ध्यान आकर्षित कराया और मांग रखी कि इस स्कूल को पुनर्निमित कराकर दोबारा खोला जाए। महापौर ने संबंधित अधिकारी को इस मामलेमें यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

दुनिया कर रही आयुष्मान भारत की सराहना: डॉ. हर्षवर्धन

दूसरे वर्षगाठ पर आरोग्य मंथन, राज्य मंत्री अश्विनी चौबे भी रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डॉ. हर्ष वर्धन ने आयुष्मान भारत योजना को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के 53 करोड़ से अधिक भारतीयों को प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा प्रदान कर नि:शुल्क उपचार की सुविधा दे रही है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 15,500 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मुफ्त उपचार किए गए हैं। इससे बेहद गरीब लोगों को स्वास्थ्य देखभाल पर होने वाले बड़े खर्च से बचा कर ऐसे परिवारों के लोगों की जान बचाई गई। कुल मिलाकर लगभग 6 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से नीचे के हैं। लगभग आधे लाभार्थी बालिकाएं और महिलाएं हैं।

उन्होंने कहा कि इस योजना के सफल संचालन से मुझे जो खुशी मिल रही है, उसका शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इससे उन लोगों को सहायता दी जाती है, जिन्हें इसकी सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत इस्तेमाल की गई कुल राशि का 57 प्रतिशत कैंसर, हृदय रोग, हड्डी रोग और नवजात शिशु रोग जैसी प्रमुख बीमारियों के उपचार के लिए खर्च किया जाता है। डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि सूचीबद्ध अस्पतालों में 45 प्रतिशत निजी अस्पताल है, जहां

1.26 करोड़ लाभार्थियों का नि:शुल्क उपचार

नई दिल्ली। डॉ. हर्ष वर्धन ने यह भी कहा कि इन दो वर्षों में इस योजना के अंतर्गत 1.26 करोड़ लाभार्थियों का नि:शुल्क उपचार किया गया है। इस योजना में 23,000 से अधिक अस्पताल सूचीबद्ध है और अब तक 12.5 करोड़ ई-कार्ड जारी किए गए हैं ताकि गरीब इलाज करा सके।

कुल उपचार 52 प्रतिशत कार्य किया जाता है और इन अस्पतालों में कुल दाखिलों का 61 प्रतिशत भाग बनता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि पीएम-जेएवाई सार्वभौम स्वास्थ्य कवरेज का दायरा बढ़ाने में सहायक होगी। चौबे ने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री के सर्वे भवंतु सुखिन:, सर्वे संतु निरामया के सपने को साकार करेगा।

यमुना एक्सप्रेसवे पर कार डंफर से घुसी, सात घायल

नोएडा। जेवर टोल प्लाजा के पास एक कार आगे चल रहे डंफर में जा घुसी। हादसे में कार सवार 7 लोग घायल हो गए। परिवार वंदावन से दर्शन कर लौट रहा था। सभी को गंभीर अवस्था मे अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

गाजियाबाद के हरकेश नगर निवासी धर्मेंद्र अपनी अपनी बच्चों व अपने रिश्तेदार और उसकी पत्नी को लेकर गाजियाबाद से वंदावन दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद वह वहां से गाजियाबाद के लिए लौट रहे थे, जब उनकी कार जेवर टोल प्लाजा के पास पहुंची, तभी अचानक उनकी कार आगे चल रहे डंफर में जा घुसी। हादसे में धर्मेंद्र, उनकी पत्नी दीपिका, बच्चे नैतिक, काव्य व लायरा, दोस्त अमरपाल व उनकी पत्नी चांदनी सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां धर्मेंद्र के परिवार की जेवर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

घर तोड़ने जाने के विरोध में रालोद का प्रदर्शन

गाजियाबाद। नंदग्राम हिंडन नदी से सटी शांतिनगर कॉलोनी में नगर निगम द्वारा अवैध घरों को तोड़े जाने के खिलाफ राष्ट्रीय लोकदल की महानगर इकाई ने नगर निगम ऑफिस पर प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन नगर निगम के अधिकारियों को सौंपा। जिसमें इस कॉलोनी को बसाने वाले भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू व महानगर अध्यक्ष रविंद्र चौहान के नेतृत्व में अनेक कार्यकर्ता निगम पर एकत्र हुए और प्रदर्शन किया। उन्होंने निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों में अजय प्रमुख, चौधरी अजयवीर सिंह, ओडी त्यागी अमरजीत सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे।

श्रम कानूनों में बदलाव पर बिफरे श्रमिक संगठन

गाजियाबाद। श्रम कानूनों के बदलाव के विरोध में कई मजदूर संगठनों ने संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि देश का मजदूर भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है क्योंकि सरकार ने श्रम कानूनों में बदलाव कर उद्योगपति व पूंजीपतियों के हक में निर्णय लिया है। नए श्रमिकों को बिना न्यूनतम वेतन दिए भर्ती कर काम कराने चाहते हैं।

मैंने ब्रेक में फिटनेस पर मेहनत की : सैमसन

शारजाह। विकेटकीपर संजू सैमसन को बखूबी पता है कि पावर हिटिंग के साथ शॉटस में विविधता भी जरूरी है और उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी से मिले ब्रेक के दौरान उन्होंने इन पहलुओं पर काफी मेहनत की। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में राजस्थान रॉयल्स के लिए सैमसन ने 32 गेंद में नौ छक्कों की मदद से 74 रन बनाए।

उन्होंने मैच के बाद कहा कि इस पीढी में शॉटस में विविधता बेहद जरूरी है। मुझे पांच महीने का समय मिला तो मैंने ब्रेक में उस पर काफी काम किया। सैमसन ने कहा कि मैंने अपनी फिटनेस, खुराक और ट्रेनिंग पर बहुत मेहनत की। इसके अलावा दमखम पर भी काम किया क्योंकि मेरे खेल में इसकी अहम भूमिका है। मैंन ऑफ द मैच चुने गए सैमसन ने कहा कि मेरा काम शत प्रतिशत योगदान देना है। हर गेंद को पीटने का लक्ष्य होना जरूरी है। जोस बटलर और रॉबिन उथप्पा के रहते हुए रॉयल्स के पास विकेटकीपरों की कमी नहीं है और सैमसन ने चेन्नई के खिलाफ दो स्टम्पिंग के अलावा दो कैच भी लिए। इसके बावजूद वह हर भूमिका में खुश हैं। उन्होंने कहा कि हर किसी को विकेटकीपिंग पसंद है लेकिन यह कोच पर निर्भर करता है। हम अपने प्रशंसकों को खुश करके खुश हैं।

चौदह दिन के पृथकवास से अभ्यास नहीं मिल सका : धोनी

एजेंसी। शारजाह

चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पृथकवास में बिताए गए 14 दिन अब भी अखर रहे हैं लेकिन उन्होंने राजस्थान रायल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को मिली 16 रन की हार के लिए अपने स्पिनरों को जिम्मेदार ठहराया। रायल्स ने संजू सैमसन (74) और कप्तान स्टीव स्मिथ (69) की पारियों से सात विकेट पर 216 रन बनाए। जोफ्रा आर्चर ने आखिरी ओवर में 30 रन जुटाए जिससे अंतर पैदा हुआ। चेन्नई ने छह विकेट पर 200 रन बनाए। उसकी तरफ से फाफ डुप्लेसिस ने 72 रन बनाए।

धोनी ने स्वयं के सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने के बारे में कहा कि 14 दिन तक पृथकवास पर रहने का खराब प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि मैंने लंबे समय से बल्लेबाजी नहीं की है। इसके अलावा 14 दिन के पृथकवास से भी मदद नहीं मिली। मैं सैम (कुरेन) को मौका देकर कुछ नई चीजें भी आजमाना चाहता था। फाफ (डुप्लेसिस) ने आखिर में अच्छी पारी खेली। चेन्नई टीम के दल में 13 लोगों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें एक सप्ताह अतिरिक्त पृथकवास में रहना पड़ा। धोनी ने मैच के बाद कहा कि उन्हें बहुत अच्छी शुरुआत की जरूरत थी जो उन्हें नहीं मिली लेकिन उन्होंने रॉयल्स के गेंदबाजों को भी श्रेय दिया।

धोनी ने कहा कि जब 217 रन का लक्ष्य हो तो हमें बहुत अच्छी शुरुआत की जरूरत थी जो हमें नहीं मिली। स्टीव (स्मिथ) और सैमसन ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। उनके गेंदबाजों को भी श्रेय जाता है। उनके स्पिनरों ने बल्लेबाजों से गेंद को दूर रखकर अच्छा काम किया। हमारे स्पिनरों ने बहुत अधिक फुललेंथ गेंद करके गलती की। अगर हम उन्हें 200 रन पर रोक लेते तो यह अच्छा मैच होता।

सैमसन ने खेली अविश्वसनीय पारी: स्मिथ

चेन्नई के दोनों स्पिनरों पीयूष चावला और रविंद्र जडेजा ने आठ ओवर में 95 रन लुटाए। रॉयल्स के कप्तान स्मिथ ने सैमसन के लंब शॉट लगाने के कौशल की प्रशंसा की। स्मिथ ने कहा, सैमसन ने अविश्वसनीय पारी खेली। ऐसा लग रहा था कि वह हर गेंद पर छक्का जड़ना चाहता है। मैंने उसे अधिक से अधिक स्ट्राइक दी। इससे उसका मनोबल बढ़ेगा। उम्मीद है कि वह आगे भी अच्छा प्रदर्शन करेगा। उन्होंने जोस बटलर की वापसी पर बल्लेबाजी क्रम के बारे में कहा कि मैं नहीं जानता कि जब जोस चयन के लिए उपलब्ध होगा तो मैं किस नंबर पर बल्लेबाजी करूंगा। जोस जैसे बल्लेबाज से सलामी बल्लेबाज का स्थान लेना मुश्किल है।

विवादस्पद शार्ट रन फैसले को भुलाकर

जीत दर्ज करना चाहेगी किंग्स इलेवन पंजाब

एजेंसी। दुबई

किंग्स इलेवन पंजाब की टीम गुरुवार को जब विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मुकाबले के लिए मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती मैच में शार्ट रन के विवादास्पद फैसले को भुलाकर शानदार प्रदर्शन करने की होगी। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शुरुआती मैच में स्क्वायर लेग अंपायर ने गलती से 19वें ओवर की तीसरी गेंद में किंग्स इलेवन पंजाब के क्रिस जोर्डन के रन को शार्ट रन करार दिया, जिस फैसले का खामियाजा टीम को करीबी मुकाबले में हार से भुगतना पड़ा।

पंजाब की टीम ने इस फैसले के लिए मैच रैफरी के खिलाफ अपील दायर की। कप्तान लोकेश राहुल एंड कंपनी इस घटना को भुलाकर अपना ध्यान आगे के मुकाबलों पर लगाना चाहेगी। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपना अभियान 10 रन की जीत से शुरू किया और उम्मीदें जगाई कि इस सत्र में शायद चीजें उनके लिए सही रहेंगी। देवदत्त पडीक्कल ने अर्धशतकीय पारी खेलकर अपना इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) कॅरियर शुरू किया और फिर सभी की निगाहें उन पर लगी होंगी, जबकि एबी डिविलियर्स भी महत्वपूर्ण अर्धशतक जमाने के बाद उसी लय को जारी रखना चाहेंगे। सोमवार की रात को कोहली और आरोन फिंच दोनों अच्छी फार्म में थे और वे क्रीज पर और समय बिताने के लिए बेताब होंगे। आरसीबी की गेंदबाजी के लिए हमेशा की तरह युजवेंद्र चहल अहम होंगे। सोमवार को मिली जीत में यह लेग स्पिनर काफी अहम रहा था। हालांकि आरसीबी को फिर दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला क्रिस मौरिस की सेवा नहीं मिल पाएगी जिन्हें मांसपेशियों में खिंचाव हो गया है। नीलामी में मौरिस को 10 करोड़ रुपये की राशि में खरीदा गया था। उमेश यादव का आईपीएल में रन लुटाना जारी रहा था ओर पहले मैच में उनके प्रदर्शन को देखते हुए उनकी जगह मोहम्मद सिराज को उतारा जा सकता है। यह देखना होगा कि टीम इंग्लैंड के आल राउंडर मोइन अली को मध्यक्रम में किस तरह से फिट कर पाती है। जोस फिलिप को विशेषज्ञ विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में शुरुआत करने के लिए चुना गया है तो अली अंतिम एकादश में सिर्फ डेल स्टेन की जगह ही आ सकते हैं।

किंग्स इलेवन पंजाब के लिए मंयक अग्रवाल अच्छी फार्म में हैं, लेकिन निराश थे कि वह अपनी टीम को जीत के लिए जरूरी महज एक रन नहीं दिला सके। राहुल, ग्लेन मैक्सवेल और निकोलस पूरन के भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है क्योंकि इन सभी में किसी भी विपक्षी टीम से मैच छीनने की काबिलियत है। बिग हिटर क्रिस गेल वापसी कर सकते हैं और बल्लेबाजी आल राउंडर जिमी नीशाम को भी मौका दिया जा सकता है। पंजाब की गेंदबाजी के अगुआ मोहम्मद शमी ने टीम के शुरुआती मुकाबले में अपनी उपयोगिता साबित की थी। युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ प्रभावित किया था और वे मैच में और आत्मविश्वास से भरे होंगे।

टीमें

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : आरोन फिंच, देवदत्त पडीक्कल, पार्थिव पटेल, विराट कोहली (कप्तान), एबी डिविलियर्स, गुरकीरत मान, शिवम दुबे, क्रिस मौरिस, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, नवदीप सैनी, डेल स्टेन, युजवेंद्र चहल, एडम जाम्पा, इसुरू उडाना, मोईन अली, जोश फिलीप, पवन नेगी, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव।

किंग्स इलेवन पंजाब : लोकेश राहुल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, शेल्डन कॉटरेल, क्रिस गेल, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद शमी, मुजीब उर रहमान, करुण नायर, जेम्स नीशम, निकोलस पानन (विकेटकीपर), इशान पोरेल, अर्शदीप सिंह, मुरुगन अश्विन, कृष्णप्पा गौतम, हरप्रीत बरार, दीपक हुड्डा, क्रिस जॉर्डन, सरफराज खान, मनदीप सिंह, दर्शन नलकंडे, रवि बिश्नोई, सिमरन सिंह (विकेटकीपर), जगदीश सुचित, तजिंदर सिंह, हार्डस विलजोन।

मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

बाजू के खिचाव से उबर रहे हैं मौरिस, पंजाब के खिलाफ खेलना संदिग्ध

दुबई। बाजू के खिंचाव से जूझ रहे दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला क्रिस मौरिस का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए किंग्स इलेवन के खिलाफ गुरुवार को खेलना संदिग्ध है। टीम के क्रिकेट संचालन निदेशक माइक हेसन ने यह जानकारी दी। आरसीबी ने मौरिस को दस करोड़ रुपये में खरीदा था। वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहला मैच भी नहीं खेल सके। हेसन ने आरसीबी के ट्विटर पर डाले गए वीडियो में कहा, क्रिस मौरिस की बाजू में कुछ दिन पहले खिंचाव आ गया था। बीच के और डैथ ओवरों में उनकी गेंदबाजी की भूमिका अहम होती और बल्लेबाजी में भी वह उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि इससे टीम का संतुलन बिगड़ा है क्योंकि वह थ्री इन वन क्रिकेटर है। उसकी जगह लेना आसान नहीं है। उम्मीद है कि वह एक दो मैच में ठीक होकर टीम में आएगा।

रोहित की धमाकेदार पारी मुंबई का चुनौतीपूर्ण स्कोर

एजेंसी। अबुधाबी

हिटमैन रोहित शर्मा की अपने पसंदीदा पुल शॉट से सजी लाजवाब पारी की मदद से मुंबई इंडियन्स ने कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बुधवार को यहां पांच विकेट पर 195 रन बनाए। रोहित ने 54 गेंदों पर 80 रन की पारी खेली जिसमें तीन चौके और छह गगनदाई छक्के शामिल हैं। उन्होंने सूर्यकुमार यादव (28 गेंदों पर 47, छह चौके, एक छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 रन जोड़े।

केकेआर के सबसे महंगे खिलाड़ी पैट कमिन्स गेंदबाजी में भी महंगे साबित हुए। उन्होंने तीन ओवर में 49 रन लुटाए। युवा शिवम मावी ने प्रभावित किया और 32 रन देकर दो विकेट लिए। सुनील नारायण ने 22 रन देकर एक विकेट लिया। केकेआर ने टॉस जीतकर कमिन्स की बजाय संदीप वारियर और मावी से गेंदबाजी का आगाज कराया। वारियर के पहले ओवर में रोहित ने जहां छक्का लगाया तो उनके दूसरे ओवर में सूर्यकुमार ने चार चौके जमाए लेकिन मावी ने इस बीच न सिर्फ मेडन ओवर किया बल्कि क्विंटन डिकाक (एक) को हवा में लहराता कैच देने के लिए भी मजबूर किया। कमिन्स पांचवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए। उनकी शार्ट पिच गेंदों पर रोहित ने पुल शॉट की अपनी महारत दिखाई और दो छक्के लगाए। आंद्रे रसेल को भी उन्होंने यही सबक सिखाया। नारायण भी पहले ओवर में प्रभाव नहीं छोड़ पाए और ऐसे में कुलदीप यादव आठवें ओवर में छठे गेंदबाज के रूप में आक्रमण पर आए। सूर्यकुमार ने उन पर अपना पहला छक्का जड़ा। कुलदीप और नारायण ने यहां से अंकुश लगाया। अगले चार ओवर में गेंद सीमा रेखा तक नहीं गई और इस बीच सूर्यकुमार दूसरा रन चुराने के प्रयास में रन आउट हुए। रोहित ने इसके बाद 39 गेंदों पर टी20 में अपना 61वां अर्धशतक पूरा किया और फिर कुलदीप के आखिरी ओवर में दो छक्के लगाए। कमिन्स के दूसरे स्पैल में छक्का जड़ने वाले सौरभ तिवारी (13 गेंदों पर 21) ने नारायण की गेंद पर लांग ऑफ पर आसान कैच दिया।

संक्षिप्त समाचार

मेदवेदेव हैम्बर्ग ओपन के पहले दौर में हारे

हैम्बर्ग। अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल तक पहुंचे दानिल मेदवेदेव हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन टेनिस के पहले दौर में फ्रांस के गैर वरीय यूजो हम्बर्त से 4.6, 3.6 से हार गए। हम्बर्त का सामना अब क्वालीफायर जिरि वेसले से होगा। मेदवेदेव अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में डोमिनिक थीम से हारे थे जिन्होंने बाद में खिताब जीता। तीसरी वरीयता प्राप्त गाएल मोंफिल्स भी पहले दौर में 103वीं रैंकिंग वाले यानिक हांफमैन से 4.6 , 3.6 से हार गए। अब हांफमैन का सामना क्रिस्टियन कारिन से होगा जिन्होंने केइ निशिकोरि को 6.0, 6.3 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त राबर्टो बातिस्ता एगुट ने दो बार के चैंपियन निकोलोज बी को 6.4, 6.3 से हराया। अब वह जर्मनी के डोमिनिक कोफेर से खेलेंगे जिन्होंने योशिहितो निशिओका को 7.6, 4.6, 6.1 से मात दी।

छह महीने बाद वापसी करेंगे भारतीय गोल्फर भुल्लर

बालीमेना (उत्तरी आयरलैंड)। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर छह महीने से ज्यादा समय बाद खेल में वापसी को तैयार हैं और इस हफ्ते दुबई ड्यूटी फ्री आयरिश ओपन में हिस्सा लेंगे। एशियाई टूर पर नौ बार और यूरोपीय टीम पर एक बार के विजेता ने टूर पर पिछला टूर्नामेंट मार्च में मलेशिया ओपन खेला था। आयरिश ओपन में भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा भी हिस्सा लेंगे जिन्होंने हीरो ओपन से खेल में वापसी की थी। कोरोना वायरस के कारण खेल गतिविधियां बंद होने के बाद यूरोपीय टूर भी जून में ही शुरू हुआ था। भुल्लर इस हफ्ते के शुरू में ही यूरोप पहुंचे थे, उन्होंने कहा, मैं टूर पर वापसी कर काफी उत्साहित हूं। लेकिन मुझे लगता है कि मुझे इस ब्रेक की काफी जरूरत थी। मैं अब ज्यादा प्रेरित महसूस कर रहा हूं और टूर के लिए तैयार हूं।

एफसी गोवा के साथ बने रहेंगे मोहम्मद अली

नई दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम एफसी गोवा ने बुधवार को गोवा के डिफेंडर मोहम्मद अली के साथ फिर से दो साल के लिए अनुबंध करने की घोषणा की। इस 28 वर्षीय फुटबॉलर को 2017 में आईएसएल के खिलाड़ियों के ड्राफ्ट से चुना गया था। उन्होंने पिछले तीन सत्र में एफसी गोवा की तरफ से 24 मैच खेले। इन तीनों सत्र में गोवा की टीम प्लेऑफ में पहुंचने में सफल रही थी। अनुबंध बढ़ने के बाद अली ने कहा कि पिछले तीन साल बेहतरीन रहे। एफसी गोवा मेरे लिए क्लब से बढ़कर है। यह परिवार की तरह है।

वोल्वर हैम्पटन ने बार्सीलोना से सेमेडो को अनुबंधित किया

लंदन। इंग्लैंड की फुटबॉल टीम वोल्वरहैम्पटन ने बुधवार को बार्सीलोना से पुर्तगाल के डिफेंडर नेल्सन सेमेडो को अनुबंधित करने की घोषणा की। यह करार चार करोड़ यूरो (चार करोड़ 60 लाख डॉलर) का है। सेमेडो के साथ यह करार तीन साल का है। सेमेडो के अलावा पुर्तगाल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जोओ मोटिन्हो, रूबेन्स नेवेस और रुई पैट्रिको भी वोल्वरहैम्टन की टीम का हिस्सा हैं। टीम के कोच भी पुर्तगाल के नूनो एस्पिरिटो सेंटो ही हैं। टीम के कार्यकारी अध्यक्ष जेफ शी ने कहा कि ऐसा अधिकतर नहीं होता कि हमें विश्वस्तरीय टीम से विश्वस्तरीय खिलाड़ी को अनुबंधित करने का मौका मिले। उन्होंने कहा कि नेल्सन का अनुबंध दर्शाता है कि हम कभी प्रगति करना नहीं रोकते। छब्बीस साल के सेमेडो राइट विंग बैक के रूप में खेलते हैं। वह यूरोपीय चैंपियन पुर्तगाल की ओर से 13 मैच खेल चुके हैं। बेनफिका से 2017 में बार्सीलोना से जुड़ने के बाद से उन्होंने इस टीम की ओर से 124 मुकाबले खेले जिसमें पिछले सत्र में खेले 42 मैच भी शामिल हैं।

सुदेवा एफसी ने चेंचो दोरजी को मुख्य कोच नियुक्त किया

नई दिल्ली। सुदेवा फुटबॉल क्लब ने आगामी आई लीग सत्र के लिए भूटान के चेंचो दोरजी को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। सुदेवा एफसी आई लीग में खेलने वाला दिल्ली का पहला क्लब है, जो इस सत्र में पदार्पण करेगा। लीग का यह सत्र नवंबर से मार्च तक कोलकाता में खेला जाएगा। दोरजी भूटान के पहले कोच हैं जो आई लीग इतिहास में किसी क्लब से जुड़े हैं। वह नवंबर 2019 में सुदेवा अकादमी से जुड़े थे और अब सीनियर टीम के मुख्य कोच हैं। वह पिछले 12 वर्षों से भूटान फुटबॉल महासंघ के साथ काम कर रहे थे और कुछ समय के लिए मणिपुर के क्लब से भी जुड़े थे। दोरजी इस नियुक्ति से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आई लीग का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। मैं अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया और मुझे यह बड़ी जिम्मेदारी देने का फैसला किया। अगर आप अच्छा करते हो तो आप बने रहोगे और मैं इस चुनौती को लेकर उत्साहित हूं।

अपने इस साल कम जिम्मेदारी डाल रहा हूं फोकस लुत्फ उठाने पर: स्टोइनिस

दुबई। स्टार हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस ने कहा है कि बिग बैश लीग में अच्छे प्रदर्शन से मिले आत्मविश्वास और खुद पर ज्यादा दबाव नहीं डालने से उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी नई टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छे प्रदर्शन में मदद मिली। स्टोइनिस ने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ पहले मैच में 21 गेंद में 53 रन बनाकर टीम को आठ विकेट पर 157 रन तक पहुंचाया। उन्होंने बाद में दो विकेट भी लिए जिससे मैच सुपर ओवर तक गया और दिल्ली ने जीत दर्ज की।

बीबीएल में मेलबर्न स्टार्स के लिए 705 रन बनाने वाले स्टोइनिस ने कहा कि मैं इस बार आत्मविश्वास से ओतप्रोत हूं। इसके अलावा खुद पर हमेशा की तरह ज्यादा जिम्मेदारी भी नहीं डाल रहा। उन्होंने कहा कि कई बार जब आप युवा होते हैं और हड़बड़ी में होते हैं, तो अच्छा करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हैं। मैं इस साल ऐसा कुछ नहीं करना चाहता था। अभी हालांकि एक ही मैच हुआ है, तो देखते हैं वरना यहां नायक से खलनायक बनते देर नहीं लगती। मेरा फोकस अपने खेल का पूरा लुत्फ उठाने पर है।

चोट के कारण मिशेल मार्श आईपीएल से बाहर

दुबई। आस्ट्रेलिया और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के आलराउंडर मिशेल मार्श रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ टीम के पहले मैच में टखने में चोट के कारण बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मार्श के विकल्प के दौरान पर वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर को चुना गया है और उनके जल्द ही यूएई में सनराइजर्स की टीम से जुड़ने की उम्मीद है। सनराइजर्स ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा, मिशेल मार्श चोट के कारण बाहर हो गए हैं। हम उनके जल्द उबरने की कामना करते हैं।

फिट इंडिया डायलोग में प्रधानमंत्री मोदी से बात करेंगी कश्मीर की फुटबॉलर अफशां

एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर की महिला फुटबॉलर अफशां आशिक देश के उन शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो गुरुवार को फिट इंडिया डायलोग सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करेंगी। अफशां 2017 में श्रीनगर में पत्थरबाजी के कारण खबरों में आई थी।

गोलकीपर अफशां के अलावा इस सत्र के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली, दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झझारिया, अभिनेता मिलिंद सोमन जैसे जाने माने लोग प्रधानमंत्री से बात करेंगे।अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने विज्ञप्ति में कहा कि यह बातचीत ऑनलाइन होगी, जिसमें हिस्सा लेने वाले लोग अपनी कहानियां साझा करेंगे और अपने सफर के दौरान अपनी फिटनेस के गुर बताएंगे। प्रधानमंत्री मोदी भी स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर अपना पक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि इस ऑनलाइन बातचीत के दौरान पोषण, स्वास्थ्य और फिटनेस से जुड़े अन्य पहलुओं पर चर्चा होगी, क्योंकि कोविड-19 महामारी के बीच फिटनेस जीवन का अहम पहलू बन गई है। तीन साल पहले अफशां की जम्मू-कश्मीर पुलिस पर पत्थरबाजी करने की तस्वीरें राष्ट्रीय मीडिया में सुर्खियां बनी थी। वह उस समय भी फुटबॉल खेल रही थी और उनकी तस्वीर आसानी से लोगों की नजर में आ गई।

7वें नंबर पर बल्लेबाजी करना मोर्चे से अगुवाई नहीं: धोनी पर बरसे गंभीर

नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने वाले महेंद्र सिंह धोनी के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि धोनी ने विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरकर मोर्चे से अगुवाई नहीं की। गंभीर ने कहा कि किसी और कप्तान ने ऐसा किया होता तो उसकी काफी आलोचना होती लेकिन चूंकि वह धोनी हैं, तो लोग इस बारे में बात भी नहीं कर रहे। धोनी ने अपने से पहले सैम कुरेन, रितुराज गायकवाड़ और केदार जाधव को भेजा।

गंभीर ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं हैरान था। एम एस धोनी सातवें नंबर पर। रितुराज गायकवाड़ और सैम कुरेन उनसे पहले। इसका क्या मतलब था। आपको तो मोर्चे से अगुवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे मोर्चे से अगुवाई करना नहीं कहते। 217 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सातवें नंबर पर बल्लेबाजी। फाफ अकेले किला लड़ाता रहा। उन्होंने कहा कि किसी और ने यह किया होता तो काफी आलोचना होगी। लेकिन चूंकि वह धोनी हैं, तो लोग इस बारे में बात भी नहीं कर रहे। भारत के लिए 2003 से 2016 के बीच 58 टेस्ट और 147 वनडे खेल चुके गंभीर ने कहा कि जल्दी आउट होने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन कम से कम टीम को प्रेरित तो करना चाहिए। आखिरी ओवर में आपने क्या किया (तीन गेंद में तीन छक्के)। यही पहले किया होता तो नतीजा कुछ और होता। उन्होंने कहा कि शायद जीत की ललक ही नहीं थी। पहले छह ओवर के बाद लग रहा था कि उन्होंने उम्मीद छोड़ दी है।

सांसद अनिल जैन ने किया मां अमृतानंदमयी मठ का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अनिल जैन बुधवार शाम ग्रेटर फरीदाबाद में माता अमृतानंदमयी मठ द्वारा बनवाए जा रहे दो हजार बेड के अमृता अस्पताल का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान विधायक सीमा त्रिखा, नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रवक्ता राजीव जेटली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मूलचंद मित्तल ने डॉ. अनिल जैन का स्वागत किया।

डॉ.जैन ने जिला उपायुक्त यशपाल यादव, निगमायुक्त यश गर्ग, बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश कक्कड़ व एसडीएम जितेंद्र कुमार के साथ बैठक भी की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में बिजली, पानी व सीवर से संबंधित जानकारी ली। मौके पर ही उन्होंने बिजली मंत्री रणजीत चौटाला से बात कर अस्पताल में बिजली की पर्याप्त आपूर्ति करने के बारे में विचार विमर्श किया। नगर निगम अधिकारियों को भी अस्पताल में पानी, सीवर व अन्य व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई खामी नहीं रहने के निर्देश दिए गए।

डॉ.जैन ने कहा कि यह अस्पताल फरीदाबाद ही नहीं एनसीआर के नागरिकों को भी राहत देगा। इस अस्पताल के बनने के बाद बेहतर इलाज के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर अस्पताल के स्वामी निर्जमतानंद ने डा. अनिल जैन का अस्पताल पहुंचने पर गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

खूबसूरत मंदिरों का दर्शन करना है तो आएं 'ओरछा'



ओरछा शहर मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले में पड़ता है। यहां बेहद खूबसूरत मंदिरों, किलों, महलों और वाइल्ड सेंचुरी देखने के लिए हर साल हजारों सैलानी आते हैं। ओरछा में एक दो नहीं, बल्कि हजारों की संख्या में छोटे बड़े मंदिर स्थित हैं, और यही वजह है कि ओरछा को 'मंदिरों का शहर' भी कहा जाता है।

भारत का मध्य प्रदेश राज्य बेहद खूबसूरत और भव्य मंदिरों के लिए जाना जाता है। मध्य प्रदेश का प्राकृतिक सौंदर्य भी लोगों को अपनी तरफ खूब आकर्षित करता है। ऐसे में हम आज मध्य प्रदेश के बेहद खूबसूरत शहर 'ओरछा' की बात करेंगे, जो अपने सुंदर मंदिरों और प्राकृतिक वातावरण के लिए जाना जाता है।

बता दें कि ओरछा शहर मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले में पड़ता है। यहां बेहद खूबसूरत मंदिरों, किलों, महलों और वाइल्ड सेंचुरी देखने के लिए हर साल हजारों सैलानी आते हैं। ओरछा में एक दो नहीं, बल्कि हजारों की संख्या में छोटे बड़े मंदिर स्थित हैं, और यही वजह है कि ओरछा को 'मंदिरों का शहर' भी कहा जाता है। इस शहर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां के अधिकांश मंदिर या स्मारक 500 साल पुराने हैं और इनकी वास्तुकला अद्भुत है। ओरछा में न केवल प्राचीन और भव्य मंदिर भर हैं, बल्कि यहां आपको प्रकृति का सानिध्य भी प्राप्त होगा। यहां के वन्यजीव सेंचुरी में विभिन्न प्रकार के जानवरों को आप देख सकेंगे। यही नहीं, आप ओरछा में ट्रैकिंग का भी आनंद ले सकते हैं।

राजाराम मंदिर

ओरछा शहर में स्थित यह मंदिर भगवान राम को समर्पित है। यहां के लोग भगवान राम को एकमात्र शासक और दैवीय शक्ति मानकर उनकी पूजा करते हैं। बेतवा नदी के किनारे बने इस भव्य मंदिर

के बारे में कहा जाता है कि यहां के आसपास रहने वाले लोग हमेशा प्रसन्न और सुखी रहते हैं।

ओरछा फोर्ट

ओरछा शहर के प्रमुख आकर्षणों में ओरछा फोर्ट का नाम सबसे ऊपर आता है। कहा जाता है कि इस किले का निर्माण 16वीं शताब्दी में 'राजा रुद्र प्रताप सिंह' के द्वारा कराया गया था। आप जब भी ओरछा आएं तो इस खूबसूरत किले को जरूर देखें।

शीश महल

ओरछा आने वाला प्रत्येक सैलानी शीश महल जरूर देखने जाता है। कहा जाता है कि यह महल राजा उदय सिंह का है जो अपनी बहू व्यंजन प्रणाली के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

जहांगीर महल

इस खूबसूरत महल को लेकर कहा जाता है कि मुगल शासक जहांगीर ने अपने रहने के लिए लाल पत्थर से और संगमरमर से इस महल का निर्माण करवाया था, जो 16वीं शताब्दी के मुगल वास्तुकला की शैली का प्रतीक माना जाता है।

वाइल्ड लाइफ सेंचुरी

यह वन्यजीव अभयारण्य मध्य प्रदेश के सभी वाइल्ड वाइल्ड लाइफ सेंचुरी या वन्यजीव अभयारण्य में विशिष्ट माना जाता है। इस वाइल्ड लाइफ सेंचुरी का निर्माण 1994 में किया गया और इसे बेतवा और जामनी नदी के किनारे बनाया गया। इसमें आपको तमाम जंगली जीव-जानवर देखने को मिलेंगे। यहां आपको ट्रैकिंग, कैनोइंग और फिक्सिंग आदि का भी आनंद लेने का मौका मिलेगा।

बेतवा नदी

ओरछा की सबसे अहम खूबसूरती यह है कि यह बेतवा नदी के किनारे बसा है। इस खूबसूरत नदी में आपको राफ्टिंग का आनंद लेने का मौका मिलेगा, तो वहीं नदी के किनारे आसानी से जंगली जानवरों को टहलते हुए देख सकेंगे।

कैसे पहुंचे ओरछा?

ओरछा के लिए आपको रेल, हवाई और सड़क मार्ग तीनों से आसानी से संसाधन मिल जाएंगे। अगर आप हवाई मार्ग चुनते हैं तो नजदीकी हवाई अड्डा झांसी है, जो ओरछा से मात्र 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वहीं अगर आप ट्रेन से ओरछा जाने की सोच रहे हैं तो भी आपको नजदीकी रेलवे स्टेशन के रूप में झांसी जाना पड़ेगा। यहां से आप टैक्सी लेकर 16 किलोमीटर दूर ओरछा आसानी से जा सकेंगे।

कब जाएं ओरछा?

मध्यप्रदेश में बेहद गर्मी पड़ती है इसलिए यहां जाने का सबसे उपयुक्त समय अक्टूबर से मार्च का बताया जाता है। इन दिनों यहाँ का मौसम सुहाना रहता है।

अगर जाएं उदयपुर तो इन जगहों पर घूमना बिल्कुल भी न भूलें

उदयपुर का एक सबसे प्रमुख आकर्षण का केंद्र है सिटी पैलेस। यह राजस्थान का सबसे बड़ा महल है और इसलिए इसकी अपनी एक अलग महत्ता है। यह पहली बार 16वीं शताब्दी में उदयपुर के संस्थापक महाराणा उदय सिंह द्वारा बनाया गया था, और बाद में लगातार शासकों द्वारा इसका विस्तार किया गया था।

राजस्थान के अगर बेहतरीन पर्यटन स्थलों की बात हो और इसमें उदयपुर का नाम न लिया जाए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। यह अपने इतिहास, संस्कृति और अपने आकर्षक स्थलों के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। उदयपुर का अपना एक समृद्ध इतिहास रहा है और आज भी इसका ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व उतना ही है। ऐसे में अगर आप उदयपुर में हैं और वहां की कुछ यादगार यादें संजोना चाहते हैं तो आपको इन जगहों पर जरूर जाना चाहिए।

पिछोला झील

पिछोला झील सिर्फ अपनी खूबसूरती के लिए ही नहीं जानी जाती, बल्कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी यह उतनी ही महत्वपूर्ण है। यह माना जाता है कि इसका निर्माण 14वीं शताब्दी में एक स्थानीय जिप्सी अर्थात बंजारे द्वारा किया गया था, और बाद में 16 वीं शताब्दी में मेवाड़ के शासक राणा उदय सिंह द्वितीय द्वारा इसका विस्तार किया गया था। इसका तट सिटी पैलेस, घाटों, हवेलियों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है, जबकि झील अपने आप में कई द्वीप महलों से युक्त है। इन्हें देखने के लिए आप सिटी पैलेस से घंटे भर की नाव की सवारी कर सकते हैं।

सिटी पैलेस

उदयपुर का एक सबसे प्रमुख आकर्षण का केंद्र है सिटी पैलेस। यह राजस्थान का सबसे बड़ा महल है और इसलिए इसकी अपनी एक अलग महत्ता है। यह पहली बार 16वीं शताब्दी में उदयपुर के संस्थापक महाराणा उदय सिंह द्वारा बनाया गया था, और बाद में लगातार शासकों द्वारा इसका विस्तार किया गया था। आज इस महल को कई संग्रहालयों में विभाजित किया गया है।

सहेलियों की बाड़ी

इस छोटे से बगीचे को मूल रूप से संग्राम सिंह द्वितीय द्वारा 18वीं शताब्दी में 48 महिला परिचारिकाओं के लिए रखा गया था, जो अपनी शादी के बाद एक राजकुमारी के साथ थीं। यहां एक सुंदर कमल कुंड है, जो कई फव्वारे, कियोस्क और संगमरमर के हाथियों से घिरा हुआ है।

जगदीश मंदिर

यह 17वीं शताब्दी का मंदिर हिंदू भगवान विष्णु के एक रूप भगवान जगन्नाथ के लिए बनाया गया था। यह महाराजा जगत सिंह द्वारा बनाया गया था। उदयपुर के पुराने शहर में स्थित इस मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्तियों के साथ-साथ संगीतकारों, नर्तिकयों और हाथियों के स्कल्पचर भी मौजूद हैं।

जो एक बार मसूरी घूमने आ जाता है, वह फिर बार-बार चाहता है आना

मसूरी का वर्तमान कंपनी गार्डन या म्युनिसिपल गार्डन आजादी से पहले तक बोटेनिकल गार्डन भी कहलाता था। कंपनी गार्डन के निर्माता विश्वविख्यात भूवैज्ञानिक डॉ. एच. फाकनार लोगी थे। सन् 1842 के आसपास उन्होंने इस क्षेत्र को सुंदर उद्यान में बदल दिया था।

उत्तराखंड के मसूरी शहर को पर्वतों की रानी भी कहा जाता है। राज्य की राजधानी देहरादून से 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित, मसूरी उन स्थानों में से एक है, जहां लोग बार-बार आना चाहते हैं। यह पर्वतीय पर्यटन स्थल हिमालय पर्वतमाला के मध्य हिमालय श्रेणी में पड़ता है। मसूरी गंगोत्री का प्रवेश द्वार भी है। दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिए यह लोकप्रिय ग्रीष्मकालीन पर्यटन स्थल है। मसूरी अंग्रेजों द्वारा बसाए गए अन्य नगरों की भांति ही दिखता है। मसूरी में घूमना भी आपको पसंद आएगा और अपने होटल के कमरे से मसूरी को निहारते रहने का भी एक अलग आनंद है। मसूरी के पर्यटक स्थल इस प्रकार हैं।

गन हिल

मसूरी की दूसरी सबसे ऊंची चोटी पर रोप-वे द्वारा और पैदल रास्ते से भी पहुंचा जा सकता है, यह रास्ता माल रोड पर कचहरी के निकट से जाता है। गन हिल से हिमालय पर्वत श्रृंखला अर्थात् बंदरपंच, श्रीकांता, पिठवाड़ा और गंगोत्री समूह आदि के सुंदर दृश्य देखे जा सकते हैं, साथ ही मसूरी और दून-घाटी का विहंगम दृश्य भी यहां से देखे जा सकते हैं। बताया जाता है कि आजादी-पूर्व के वर्षों में इस पहाड़ी के ऊपर रखी तोप प्रतिदिन दोपहर को चलाई जाती थी ताकि लोग अपनी घड़ियां सैट कर लें। इसी कारण इस स्थान का नाम गन हिल पड़ा।

म्युनिसिपल गार्डन

मसूरी का वर्तमान कंपनी गार्डन या म्युनिसिपल गार्डन आजादी से पहले तक बोटेनिकल गार्डन भी कहलाता था। कंपनी गार्डन के निर्माता विश्वविख्यात भूवैज्ञानिक डॉ. एच. फाकनार लोगी थे। सन् 1842 के आसपास उन्होंने इस क्षेत्र को सुंदर उद्यान में बदल दिया था। बाद में इसकी देखभाल कंपनी प्रशासन करने लगा था। इसलिए इसे कंपनी गार्डन या म्युनिसिपल गार्डन कहा जाने लगा।

तिब्बती मंदिर

बौद्ध सभ्यता की गाथा कहता यह मंदिर निश्चय ही पर्यटकों का मन मोह लेता है। इस मंदिर के पीछे की तरफ कुछ ड्रम लगे हुए हैं। जिनके बारे में मान्यता है कि इन्हें घुमाने से मनोकामना पूरी होती है।

चाइल्डर्स लॉज

लाल टिब्बा के निकट यह मसूरी की सबसे ऊंची चोटी है। टूरिस्ट कार्यालय से यह 5 किलोमीटर दूर है, यहां तक घोड़े पर या पैदल भी पहुंचा जा सकता है। यहां से बर्फ के दृश्य देखना बहुत रोमांचक लगता है।

कैमल बैक रोड

कुल 3 किलोमीटर लंबा यह रोड रिंक हॉल के समीप कुलरी बाजार से आरंभ होता है और लाइब्रेरी बाजार पर जाकर समाप्त होता है।

इस सड़क पर पैदल चलना या घुड़सवारी करना अच्छा लगता है। हिमालय में सूर्यास्त का दृश्य यहां से सुंदर दिखाई पड़ता है। मसूरी पब्लिक स्कूल से कैमल रॉक जीते जागते ऊंट जैसी लगती है।

भट्टा फाल

यह फाल मसूरी-देहरादून रोड पर मसूरी से 7 किलोमीटर की दूर पर स्थित है। पर्यटक बस या कार द्वारा यहां पहुंचकर आगे की 3 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करके झरने तक पहुंच सकते हैं। स्नान और पिकनिक के लिए यह अच्छी जगह है।

कैम्पटी फाल

यमुनोत्री रोड पर मसूरी से 15 किलोमीटर दूर 4500 फुट की ऊंचाई पर यह इस सुंदर घाटी में स्थित सबसे बड़ा और सबसे खूबसूरत झरना है, जो चारों ओर से ऊंचे पहाड़ों से घिरा है। झरने की तलहटी में स्नान तरोताजा कर देता है और बच्चों के साथ-साथ बड़े भी इसका आनंद उठाते हैं। मसूरी-यमुनोत्री मार्ग पर नगर से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह झरना पांच अलग-अलग धाराओं में बहता है, जो पर्यटकों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र बना रहता है। यह स्थल समुद्रतल से लगभग 4500 फुट की ऊंचाई पर है। इसके चारों ओर पर्वत श्रृंखलाएं दिखाई देती हैं। अंग्रेज अपनी चाय दावत अकसर यहीं पर किया करते थे, इसीलिए तो इस झरने का नाम कैंपटी (कैंप+टी) फाल है। यमुनोत्री के रास्ते में 1370 मीटर की ऊंचाई पर कैम्प्टी जलप्रपात स्थित है। मसूरी से इसकी दूरी 15 किलोमीटर है। यह मसूरी घाटी का सबसे सुंदर जलप्रपात है।

नाग देवता मंदिर

कार्ट मेकेंजी रोड पर स्थित यह प्राचीन मंदिर मसूरी से लगभग 6 किलोमीटर दूर है। वाहन ठीक मंदिर तक जा सकते हैं। यहां से मसूरी के साथ-साथ दून-घाटी का सुंदर दृश्य दिखाई देता है।

मसूरी झील

मसूरी-देहरादून रोड पर यह नया विकसित किया गया पिकनिक स्पॉट है, जो मसूरी से लगभग 6 किलोमीटर दूर है।

यह एक आकर्षक स्थान है। यहां पैडल-बोट उपलब्ध रहती हैं। यहां से दून-घाटी और आसपास के गांवों का सुंदर दृश्य दिखाई देता है।

ज्वालाजी मंदिर

मसूरी से 9 किलोमीटर पश्चिम में 2104 मीटर की ऊंचाई पर ज्वालाजी मंदिर स्थित है। यह बेनोग हिल की चोटी पर बना है, जहां माता दुर्गा की पूजा होती है। मंदिर के चारों ओर घना जंगल है, जहां से हिमालय की चोटियों, दून घाटी और यमुना घाटी के सुंदर दृश्य दिखाई देते हैं।